


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 12 जून 2025 ■ आषाढ़ कृष्ण पक्ष-1 ■ वर्ष -41 ■ अंक-075 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 13 जून 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112










# एयर इंडिया का विमान क्रैश

## अहमदाबाद से लंदन के लिए भरी थी उड़ान

**अहमदाबाद. एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हो गया है। इसमें 230 पैसेंजर और 12 क्रू मेंबर सवार थे। विमान अहमदाबाद से गेटविक (लंदन) के लिए उड़ान भर रहा था, तभी टेकऑफ के दौरान एयरपोर्ट की बाउंड्री के पास उसमें धमाका हो गया। अहमदाबाद के मेघानी इलाके में ये विमान क्रैश हुआ है. ये एयरपोर्ट से सटा हुआ इलाका है**

एयर इंडिया की फ्लाइट नंबर AI-171 ने दोपहर 1.38 बजे उड़ान भरी थी। दोपहर 1.40 बजे यह क्रैश हो गई। विमान के गिरते ही पूरे इलाके में धुएं का गुबार दिखाई दिया। राहत और बचाव कार्य में स्थानीय प्रशासन के साथ ही एनडीआरएफ की टीम लगी हुई है. बताया जा रहा है कि इस विमान में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी भी सवार थे. विमान में 169 भारत के, ब्रिटेन 53, पुर्तगाल के 7 और कनाडा के 1 नागरिक यात्री सवार थे. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और नागरिक उड्यन मंत्री अहमदाबाद पहुंच गए हैं. मौके से 50 से ज्यादा शव बरामद कर लिया गया है. समाचार लिखे जाने तक राहत और बचाव कार्य जारी है. और एयरपोर्ट पर अन्य विमानों का परिचालन रोक दिया गया है.



विजय रुपाणी गुजरात के 16वें मुख्यमंत्री रह चुके हैं. 2016 से लेकर 2021 के बीच कुल दो कार्यकाल में वे गुजरात के सीएम की जिम्मेदारी निभा चुके हैं. सूत्रों के अनुसार, विजय रूपाणी की पत्नी अंजलि बेन पिछले छह महीने से लंदन में हैं और आज ही रूपाणी उन्हें वापस लेने के लिए लंदन रवाना होने वाले थे.ॉ



### पायलट को 8200 घंटे का उड़ान का अनुभव

विमान के कैप्टन सुमीत सब्बरवाल थे। उनके साथ फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर थे। कैप्टन सुमीत सब्बरवाल एक LTC थे। उनके पास 8200 घंटे का उड़ान का अनुभव था। को-पायलट के पास 1100 घंटे का उड़ान का अनुभव था। LTC का मतलब है लाइन ट्रेनिंग कैप्टन। ये अनुभवी पायलट होते हैं जो दूसरे पायलटों को ट्रेनिंग देते हैं। विमान उड़ान भरते ही नियंत्रण से बाहर हो गया कैप्टन सब्बरवाल ने मैडे कॉल दिया था.



### 100 शव निकालने की खबर, 242 लोग सवार थे इनमें 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश

#### दुनिया के टॉप 10 सबसे बड़े विमान हादसे

| | | |
|---|---|---|
| 1. | 27 मार्च 1977 | टेनेरिफ़, स्पेन, रनवे पर दो बोइंग 747 विमानों की टक्कर 583 लोगों की मौत |
| 2. | 12 अगस्त 1985 | जापान, हाइड्रोलिक विफलता, टेक्निकल खराबी 520 लोगों की मौत |
| 3. | 12 नवंबर 1996 | चरखी दादरी, भारत, दो विमानों की हवा में टक्कर, 349 लोगों की मौत |
| 4. | 3 मार्च 1974 | फ्रांस, कार्गो डोर विफलता 346 लोगों की मौत |
| 5. | 19 अगस्त 1980 | रियाद, केबिन में आग लगने के कारण 301 लोगों की मौत |
| 6. | 3 जुलाई 1988 | पर्सियन गल्फ,अमेरिकी नौसेना द्वारा मिसाइल से गिराया गया 290 लोगों की मौत |
| 7. | 17 जुलाई 2014 | यूक्रेन, युद्ध क्षेत्र में मिसाइल से मार गिराया गया, 298 लोगों की मौत |
| 8. | 12 नवंबर 2001 | न्यूयॉर्क, अमेरिका,इंजन अलग होने के कारण 265 लोगों की मौत |
| 9. | 1 जनवरी 1978 | मुंबई, भारत, दिशा नियंत्रण में विफलता, 213 लोगों की मौत |
| 10. | 21 दिसंबर 1988 | स्कॉटलैंड बम धमाका (आतंकी हमला) 270 लोगों की मौत |

**एविएशन एक्सपर्ट के मुताबिक अगर कोई विमान टेकऑफ के बाद क्रैश हो जाए तो ज्यादा नुकासन होता है क्योंकि उस वक्त विमान ईंधन से भरा होता है**

## ईरान पर बड़ा हमला कर सकता है इजरायल

**नई दिल्ली।** दुनिया में जंग का एक नया और बड़ा मोर्चा खुल सकता है। अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार इजरायल कभी भी ईरान पर बड़ा हमला कर सकता है। यही नहीं आमतौर पर अमेरिका की मदद से ही सैन्य अभियान चलाने वाला इजरायल इस बार उसके बगैर ही इस हमले को अंजाम दे सकता है। यदि इजरायल की ओर से अटैक हुआ तो फिर मिडल ईस्ट में तनाव बढ़ सकता है। दरअसल डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की ओर से कोशिश है कि ईरान के साथ परमाणु डील कर ली जाए। ऐसे में यदि इजरायल ने ईरान पर हमला किया तो चीजें सुधरने की बजाय कहीं ज्यादा बिगड़ सकती हैं। चिंता इसलिए भी बढ़ गई है क्योंकि अमेरिका ने इराक, बहरीन और कुवैत से अपने राजनयिकों को वापस बुलाना शुरू कर दिया है। मिडल ईस्ट के तीन देशों से अमेरिका का अपने डिप्लोमैट्स का वापस बुलाना भी चिंता की बात है। जानकारों को लगता है कि इजरायल के हमले के डर से ही अमेरिका ने अपने डिप्लोमैट्स को बुलाया है। यदि इजरायल ने हमला किया तो फिर ईरान भी पीछे नहीं हटेगा और करारा जवाब देने की कोशिश करेगा। अब तक यह जानकारी नहीं मिली है कि इजरायल का प्लान क्या है.

## विधायक बालेश्वर साहू के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**जांजगीर-चाम्पा, 12जून।** जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू पर पड़ोसी चंद्रशेखर राठौर ने पत्नी, मां और जीजा से गाली-गलौच कर मारपीट करने पर एफआईआर दर्ज कराया है. वहीं विधायक साहू ने भी चंद्रशेखर राठौर के खिलाफ मारपीट करने का काउंटर एफआईआर दर्ज कराया है. चंद्रशेखर राठौर की शिकायत के अनुसार, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू के घर के दो एसी के आउटडोर व चिमनी से धुंआ निकलने वाले स्थान को उसकी जमीन तरफ रखा है, जिसे हटाने को कहने के बाद भी नही हटाया था. इस पर 10 जून को बालेश्वर साहू के मकान पर काम करने वाले नौकर को हटाने कहा था. इस बात की जानकारी मिलते ही जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू ने गली



और फिर घर आकर घर वालों से अश्लील गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी. वहीं जीजा हेमंत राठौर से मारपीट की, जिससे उनके गाल और पीठ पर चोट आई है. चंद्रशेखर ने अपनी शिकायत में कहा कि उसके माता-पिता, उसकी पत्नी और बच्चों को यदि भविष्य मे कुछ हुआ तो उसका जिम्मेदार बालेश्वर साहू होगा. पड़ोसी की शिकायत पर विधायक के खिलाफ बीएनएस की धारा 329(4), 296, 351(2) और 115 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है. वहीं विधायक बालेश्वर साहू की भी मारपीट की शिकायत पर पड़ोसी के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है.

## मोहम्मद यूनुस की 20 दिन में दूसरी इंटरनेशनल बेइज्जती

**लंदन, 12 जून।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के हेड मोहम्मद यूनुस को ब्रिटेन में शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा है। ब्रिटिश पीएम कीर स्टारमर ने यूनुस से मिलने से इनकार कर दिया है। ये तब हुआ है, जब यूनुस लंदन में ही हैं। शेख हसीना के समय कथित तौर पर विदेश भेजे अरबों डॉलर की वसूली के प्रयासों के लिए समर्थन जुटाने के लिए यूनुस लंदन की यात्रा पर हैं। उन्होंने स्टार्मर से मिलने का वक्त मांगा था लेकिन उनको इसके लिए समय नहीं मिल पाया। करीब तीन हफ्ते में ये दूसरी बार है, जब किसी बड़े नेता ने यूनुस से मिलने से इनकार किया है। बीते महीने ही फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने मोहम्मद यूनुस के साथ द्विपक्षीय बैठक करने से इनकार किया था। फाइनेंशियल टाइम्स के मुताबिक, यूनुस ने बताया है वह कि ब्रिटेन को बांग्लादेश की नई सरकार को पिछली सरकार के चुराए धन को ट्रैक करने में नैतिक मदद करनी चाहिए। यूनुस का कहना है कि शेख हसीना के समय बांग्लादेश को 'लूटने' वाले ज्यादातर लोग



अब यूके में है। वह इन लोगों को पकड़ने में ब्रिटिश सरकार की मदद चाहते है। यूनुस ने कहा कि कीर स्टार्मर ने फिलहाल उनसे मिलने के लिए सहमति नहीं दी है लेकिन उनको उम्मीद है कि स्टार्मर उनकी सरकार के प्रयासों का समर्थन करेंगे।यूके सरकार के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि पीएम कीर स्टार्मर की फिलहाल मोहम्मद यूनुस से मिलने की कोई योजना नहीं है। ब्रिटिश सरकार के अधिकारियों ने यूनूस के बांग्लादेशियों को ट्रैक करने जैसी किसी योजना में समर्थन की बात पर कोई टिप्पणी करने से भी इनकार कर दिया। दूसरी ओर यूनुस ने कई बार दोहराया है कि उनको मदद मिलने की उम्मीद है। मोहम्मद यूनुस ने कहा कि यूके सरकार पहले से ही धन खोजने में हमें सहायता प्रदान कर रही है लेकिन यूके को बांग्लादेश को इसे फिर से हासिल करने में मदद के लिए कानूनी और नैतिक रूप से बाध्य करना चाहिए। उन्होंने अपनी लंदन यात्रा का उद्देश्य यूके से अधिक उत्साही समर्थन प्राप्त करना कहा है। नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री यूनुस पिछले साल अगस्त में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद से अंतरिम सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। बीते महीने, मई में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी मोहम्मद यूनुस के साथ द्विपक्षीय बैठक करने से इनकार दिया था। ढाका ने फ्रांस में संयुक्त राष्ट्र महासागर सम्मेलन के दौरान यूनुस और मैक्रों के बीच द्विपक्षीय बैठक का अनुरोध किया था।

## 33% महिला आरक्षण, परिसीमन की तैयारी की रफ्तार होगी तेज

**नई दिल्ली, 12 जून।** वर्तमान में 2026 तक परिसीमन पर वैधानिक रोक है। उसके बाद किसी भी परिसीमन को आगे बढ़ाने के लिए, एक संवैधानिक संशोधन की आवश्यकता होगी, जिसके लिए संसद के दोनों सदनों द्वारा अनुमोदन की आवश्यकता होगी। सूत्रों के अनुसार, यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक तैयारियाँ चल रही हैं कि एक बार रोक हटने के बाद परिसीमन अभ्यास शुरू किया जा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार 2029 के आम चुनावों से पहले लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने पर विचार कर रही है। महिला आरक्षण प्रावधान संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के नए परिसीमन के बाद ही लागू होंगे। वर्तमान में 2026 तक परिसीमन पर वैधानिक रोक है। उसके बाद किसी भी परिसीमन को आगे बढ़ाने के लिए, एक संवैधानिक संशोधन की आवश्यकता होगी, जिसके लिए संसद के दोनों सदनों द्वारा अनुमोदन की आवश्यकता होगी। सूत्रों के अनुसार, यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक तैयारियाँ चल रही हैं कि एक बार रोक हटने के बाद परिसीमन अभ्यास शुरू किया जा सके। एक परिसीमन आयोग का गठन किया जाएगा और यह उम्मीद की जाती है कि वह राज्यों का दौरा करेगा, प्रतिनिधित्व एकत्र करेगा, और किसी भी बदलाव की सिफारिश करने से



पहले एक रिपोर्ट तैयार करेगा।

दक्षिणी राज्यों ने, जिन्होंने ऐतिहासिक रूप से जनसंख्या नियंत्रण पर बेहतर प्रदर्शन किया है, चिंता व्यक्त की है कि वर्तमान जनसंख्या के आंकड़ों के आधार पर नए परिसीमन से संसद में उनका प्रतिनिधित्व कम हो सकता है। अधिकारियों ने कहा है कि दक्षिणी राज्यों की राजनीतिक भागीदारी से समझौता नहीं किया जाएगा। यह सुनिश्चित करने के लिए तंत्र पर विचार किया जा रहा है कि प्रतिनिधित्व समान रहे और जनसंख्या नियंत्रण में सफल रहे राज्यों को नए सीट-शेयरिंग फॉर्मूले में नुकसान न हो। गौरतलब है कि वर्तमान में 17वीं लोकसभा में केवल 15% महिला सांसद हैं और राज्यसभा में सिर्फ 12.2% महिला सांसद हैं। यह वैश्विक औसत 25.5% से काफी कम है। भारत के सभी राज्यों में कुल विधायकों में से केवल 8% ही महिलाएं हैं।

### तकनीक आधारित जनगणना

अगली जनगणना, जो मूल रूप से 2021 के लिए निर्धारित थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण विलंबित हो गई, अब प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए उन्नत तकनीक का उपयोग करके आयोजित किए जाने की उम्मीद है। सूत्रों के अनुसार, जनगणना में 16 भारतीय भाषाओं में डेटा संग्रह का समर्थन करने वाले एक मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग किया जाएगा, साथ ही आधार सत्यापन को भी एकीकृत किया जाएगा। इसके अलावा, जनगणना प्रक्रिया में बायोमेट्रिक डेटा संग्रह और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल शामिल किए जाएंगे।

एक नजर

### चोरी करने वाला साढ़ू भाई निकला



**भिलाई, 12 जून।** सूने मकान से लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात चोरी करने वाला कोई और नहीं बल्कि मास्टर माइंड उसका साढ़ू भाई निकला। साढ़ू भाई ने ही मौका देखकर अपने एक दोस्त की मदद से चोरी की घटना को अंजाम दिया था पुलिस ने आरोपी साढ़ू भाई को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का साथी फरार है, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि दुर्गेश महानंद (36 साल ) रामनगर थाना वैशाली नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके चाचा टिकरू महानंद जो अपने परिवार के साथ घर में ताला लगाकर पुरी 8 जून की दोपहर 2 बजे चले गए थे। 10 जून की सुबह 11 बजे प्रार्थी को चाचा का लड़का फोनकर बताया कि घर का ताला टूटा है तब प्रार्थी अपने चाचा के घर रामनगर में जाकर देखा तो आलमारी का लॉकर टूटा था अंदर रखे 11000 रुपए एवं सोने चांदी के जेवरात गायब थे अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 331(4), 305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान सूचना मिली एक व्यक्ति सोने चांदी के जेवरात को बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर संदेही को पकड़कर पूछताछ करने पर संदेही एम मोहन राव ने बताया कि उसका साढ़ू भाई धनराज महानंद (55 साल ) निवासी जहाज बिल्डिंग रामनगर में रहता है, जो सोना चांदी के जेवर आलमारी में रखता है, जिसकी जानकारी आरोपी एम मोहन राव को पहले से थी। आरोपी एम मोहन राव ने अपने बचपन के दोस्त को बताया फिर आरोपी एम मोहन राव एवं उसके दोस्त ने चोरी करने की योजना बनाई और 10 जून की रात दोस्त के साथ मकान के अंदर घुसकर सोने चांदी के जेवरात एवं 11000 नगदी रकम चोरी करना स्वीकार किया आरोपी एम मोहन राव के घर में छिपाकर रखे बैग में सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम को बरामद किया गया है।

### गायब हुए छात्र को पुलिस ने ढूंढ निकाला



**भिलाई, 12 जून।** भिलाई भट्ठी थाना अंतर्गत 10 वीं की परीक्षा में कम अंक आने से पिता के डांटने से नाराज होकर इकलौता बेटा 30 मई 2003 की दोपहर 12 बजे ट्यूशन जाने के नाम से निकला और घर नहीं लौटा बेटे की तलाश में पिता लगाकर भटकते रहा परिवार वाले उम्मीद छोड़ चुके थे। अंतत भट्ठी थाने पुलिस ने 11 जून को उसे सकुशल ढूंढ निकाला। इकलौते बेटे को पाकर मां की आंखे छलक उठी। पिता भावुक हो गया भट्ठी टीआई राजेश साहूने बताया कि 31 मई 2003 को प्रार्थी यादव राज रेड्डी 42 वर्ष निवासी क्वार्टर नंबर 13 सड़क 26 सेक्टर 4 ने भट्ठी रिपोर्ट दर्ज कराया। उनका बेटा राज किरण रेड्डी 16 साल द्ध जो कक्षा दसवीं की पढ़ाई करता था। परीक्षा में कम अंक आने से पिता के डांटने से नाराज होकर 30 मई 2003 की दोपहर 12 बजे ट्यूशन जा रहा हूं बोलकर घर से निकला और वापस नहीं आया। सूचना पर थाना भिलाई भट्ठी में गुम इंसान दर्ज कर गुमशुदा की तलाश की। गुमशुदा के नाबालिक होने से एवं उसके बारे में कोईजानकारी पता नहीं चलने पर गुमशुदा को अज्ञात व्यक्ति को बहला फुसलाकर अपहरण कर ले जाने अपराध घटित होने की शंका पर धारा 363 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। गुमशुदा बालक के संबंध में आसपास के क्षेत्र रेलेवे स्टेशन तथा भीड़भाड़ इलाकों में लगातार पता तलाश किया गया किंतु कोई जानकारी नहीं मिली । गुमशुदा बालक के पता तलाश के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित करवाकर तथा पंपलेट छपवाकर वितरण किया गया दूरदर्शन एवं आकाशवाणी में भी प्रसारण कराया गया फ्लस्वरूप आज गुमशुदा राज किरण रेड्डी 22 वर्ष अपने घर माता-पिता को मिल गया। पुलिस ने बताया कि राज किरण पुणे में रहकर काम करता था बेटे को पाकर परिजनों के चेहरे में मुस्कान लौट आई।

### अधिकारियों को स्टार लगाकर पदोन्नत किया

**भिलाई, 12 जून।** दुर्ग रेंज आईजी राम गोपाल गर्ग के निर्देशन में पीपिंग सेरेमनी का आयोजन कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज 32 बंगला में किया गया यह अवसर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दुर्ग रेंज में पदस्थ 9 निरीक्षकों को उप पुलिस अधीक्षक पद पर पदोन्नति प्रदान किए जाने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक एवं दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने सभी नवपदोन्नत अधिकारियों को स्टार लगाकर एवं केप पहनाकर पदोन्नत किया गया और उनका सम्मान किया गया आईजी श्री गर्ग एवं दुर्ग एसएसपी ने सभी नवपदोन्नत उप पुलिस अधीक्षकों को पदोन्नति की बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अतिरिक पुलिस अधीक्षक शहर दुर्ग सुखनंदन राठौर चन्द्र प्रकाश तिवारी उप पुलिस अधीक्षक लाइनए जिला दुर्ग पनिक राम कुजूर उप पुलिस अधीक्षकए पुमनि कार्यालय दुर्ग नीलकंठ वर्मा रक्षित निरीक्षक दुर्ग पदोन्नत होने वाले निरीक्षकों के नाम तुल सिंह पट्टावी जिला बालोद, लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल जिला बालोद, श्रीमती संतोषी ग्रेस जिला बेमेतरा, यशकरणदीप ध्रुव जिला दुर्ग, श्रीमती ममता अली शर्मा जिला दुर्ग, विपिन रंगारी जिला दुर्ग, श्रीमती नवी मोनिका पाण्डेय जिला दुर्ग, कुंज बिहारी नागे जिला दुर्ग, एम्ब्रोस कुजूर जिला दुर्ग ।



# सतगुरु कबीर के विचार आज भी प्रासंगिक :विजय शर्मा



**कवर्धा, 12 जून ।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आज कबीरधाम जिले के ग्राम कारेसरा एवं लोहारा रोड स्थित कबीर कुटी, कवर्धा में आयोजित श्री सतगुरु कबीर प्राकट्य उत्सव में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने श्री सतगुरू कबीर साहब के तैल्य चित्र में पूजा-अर्चना, पुष्प अर्पण कर बंदगी किया। उन्होंने श्रद्धा के साथ सतगुरु के आदर्शों को नमन करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सहित विशेष रूप से कबीरधाम जिले की शांति, समृद्धि और खुशहाली की मंगलकामना की। इस दौरान उन्होंने कवर्धा के सदुरु कबीर युवा मानिकपुरी पनिका समाज भवन में निर्माण कार्य और ग्राम कारेसरा में कबीर कुटी के लिए 10 लाख रुपए, वार्ड नंबर 6 में 6 लाख रुपए का सामुदायिक भवन और 6 लाख रुपए का सीसी रोड निर्माण की घोषणा की।

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि सदुरु कबीर साहेब का जीवन-दर्शन और उनका चिंतन आज के समाज में भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना सदियों पूर्व था। वे न केवल एक संत थे, बल्कि सामाजिक सुधारक, जनचेतना के वाहक और आध्यात्मिक क्रांति के अग्रदूत भी थे। उनकी वाणी में सामाजिक विषमता, पाखंड और अंधविश्वास के विरुद्ध गहरी चेतना दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि कबीर साहेब के विचार जात-पात, धर्म, भाषा और वर्ग से ऊपर उठकर समूची मानवता को जोड़ने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश चंद्रवंशी जिला पंचायत सदस्य वीरेन्द्र साहू, रोशन दुबे, रवि राजपूत, खिलेश्वर साहू, रूपेन्द्र जायसवाल सहित वरिष्ठ नागरिक, सदस्य उपस्थित थे।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के सिमगा तहसील अंतर्गत दामाखेड़ा में आयोजित संत समागम समारोह ''मांघीमेला'' में सम्मिलित होकर दामाखेड़ा का नाम कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा नाम किए जाने की घोषणा की थी। जिस पर अमल करते हुए मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रस्ताव लाकर ग्राम पंचायत दामाखेड़ा का नाम ''कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा'' किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय संत-महात्माओं द्वारा कबीर वाणी, प्रवचन एवं भजनों की प्रस्तुति दी गई।। इस गरिमामय अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी, कबीरपंथीय संत समाज, विभिन्न सामाजिक संगठन, ग्रामीणजन एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन समिति द्वारा उपमुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्हभेंट किया गया।

### अवैध शराब, जुआ-सट्टा के खिलाफ पुलिस ने की सख्त कार्रवाई

**कवर्धा, 12 जून।** पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह (भा.पु.से.) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र बघेल एवं पंकज पटेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी प्रतीक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक लालमन साव के नेतृत्व में थाना सहसपुर लोहारा द्वारा थाना क्षेत्र में लगातार अवैध गतिविधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में दिनांक 11/06/2025 को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम उडियाकला में रेड कार्यवाही की गई। मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिये के अनुसार एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया, जो अवैध रूप से शराब रखकर बेचते पाया गया।

# जमीन के मुआवजे की लालच में भतीजे ने पत्नी के साथ मिलकर की चाचा की हत्या



**कवर्धा,12 जून।** कबीरधाम पुलिस द्वारा एक संवेदनशील हत्या के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम प्रभटोला,पुलिस चौकी पोड़ी अंतर्गत हुए हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए आरोपी भतीजे एवं उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा है। दिनांक 02.06.2025 को चौकी पोंडी में साहेबदास कुर्रे ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके चाचा अगमदास कुर्रे की संदिग्ध परिस्थिति में मृत्यु हो गई है। प्रारंभिक मर्ग जांच के पश्चात पोस्टमार्टम रिपोर्ट में होमीसाईडल डेथ की पुष्टि होने पर थाना बोडला में अपराध क्रमांक 89.25 धारा 103.1 भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन में एसडीओपी बोड़ला अखिलेश कौशिक के पर्यवेक्षण में चौकी पोड़ी प्रभारी उप निरीक्षक विमल लावनिया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।विवेचना के दौरान परिस्थितियों को देखते हुए संदेह के आधार पर मृतक के भतीजे साहेबदास कुर्रे उम्र 45 वर्ष एवं उसकी पत्नी सरोज बाई कुर्रे उम्र 42 वर्ष निवासी प्रभाटोला को पूछताछ हेतु बुलाया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों ने जमीन के मुआवजे की राशि प्राप्त करने के लालच में हत्या करना स्वीकार किया। आरोपी साहेबदास ने बताया कि उसने टंगिया से हमला कर चाचा अगमदास की हत्या की। आरोपी के घर से घटना में प्रयुक्त धारदार टंगिया एवं उनकी मोटरसाइकिल क्रमांक 09 8364 को जप्त किया गया।सरोज बाई द्वारा घटना के समय पहने वस्त्र भी जप्त किए गए हैं । दोनों आरोपियों को दिनांक 11.6.2025 को क्रमशः 15:15 एवं 15.25 बजे गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।गिरफ्तार आरोपियों का पूरा नाम पता इस प्रकार है । साहेबदास कुर्रे, पिता स्वर्गीय पुरनदास कुर्रे, उम्र 45 वर्ष निवासी प्रभाटोला, चौकी पोंडी, थाना बोडलाए जिला कबीरधाम छत्तीसगढ़ सरोज बाई कुर्रेए पति साहेबदास कुर्रे, उम्र 42 वर्ष निवासी प्रभाटोला, चौकी पोंडी,थाना बोडला, जिला कबीरधाम छत्तीसगढ़ कार्यवाही में निम्न पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की रही प्रमुख भूमिका निरीक्षक मनीष चंद्रवंशी, महिला आरक्षक हुलसी चंद्रवंशी की रही ।

### शिक्षा विभाग में बड़ा एक्शन, विकासखंड शिक्षा अधिकारी भारद्वाज निलंबित

**दुर्ग, 12 जून।** शिक्षा विभाग में बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी, डौण्डी जिला बालोद श्री जयसिंह भारद्वाज को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह निर्णय जिला स्तरीय युक्तियुक्तकरण समिति, बालोद की रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है, जिसमें युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में की गई गंभीर अनियमितताओं की पुष्टि हुई है।जांच में सामने आई मुख्य गड़बड़ियांश्रीमती रीता गरेवाल, शिक्षक विज्ञान टी संवर्ग, शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला डौण्डी की नियुक्ति संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग में हुई है, जिनका कार्यभार ग्रहण तिथि 12 जुलाई 2022 है। संबंधित कर्मचारी परिवीक्षा अवधि में है। परिवीक्षा अवधि में होने के बावजूद उक्त शिक्षिका को अतिशेष की श्रेणी में गणना किया गया है।

### ठगी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 12 जून।** भिलाई रुआबांधा सेक्टर भिलाई निवासी और वेस्ट बंगाल खड़गपुर के गोकुलपुर स्थित रश्मि ग्रुप ऑफ कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट इंद्रप्रकाश कश्यप को डिजिटल अरेस्ट कर 49 लाख रुपए की ठगी के पुराने मामले में पुलिस ने राजस्थान के उदयपुर से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने 20 फीसदी कमीशन के लालच में आकर साइबर ठगों को अपना बैंक आकाउंट दिया था प्रकरण में पुलिस इससे पूर्व 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है भिलाई नगर टीआई प्रशांत मिश्रा ने बताया कि पिछले वर्ष रुआबांधा सेक्टर निवासी इंद्रप्रकाश कश्यप (51साल ) के साथ 49 लाख 01 हजार 196 रुपए की साइबर ठगी हुई बदमाशों ने डिजिटल अरेस्ट कर वारदात को अंजाम दिया रिपोट पर पुलिस ने 16 नवंबर 2024 को 318(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। आरोपियों ने जिन खातों में पैसे का ट्रांजेक्शन किया। उसमें चार आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया अन्य आरोपियों की खोजबीन के दौरान आरोपी भरत कुमारा मेनारिया पिता चुन्नीलाल मेनारिया (30 साल ) निवासी ग्राम बांसड़ा जिला उदयपुर(राजस्थान) का सुराग मिलने पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।

### स्व. राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर राजस्थान पहुंचे विधायक देवेंद्र

भिलाई, 12 जून। दौसा राजस्थान में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. राजेश पायलट की 25वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह दिन प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव भी शामिल हुए। सभी ने भाग लेकर स्व. राजेश पायलट जी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभान छिब्ब, विधायक मनीष यादव सहित कई गणमान्य अतिथि, सामाजिक कार्यकर्ता और पार्टी के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। सभी ने स्व. राजेश पायलट जी के सामाजिक, राजनीतिक और जनकल्याण के क्षेत्र में किए गए अतुलनीय योगदान को याद किया और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि स्व. पायलट जी ने सदैव ग्रामीण भारत, किसानों और युवाओं की आवाज को बुलंद किया। उनका जीवन हम सभी के लिए एक प्रेरणा है।

### मनाया गया कबीर प्राकट्य महोत्सव



**भिलाई, 12 जून।** निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम नेहरू नगर बुधवार को कबीर प्राकट्य महोत्सव मनाया गया। इस दौरान मंगल कलश स्थापना, गुरु वंदना, मंगलाचरण, बीजक पाठ, ध्यान योग आयोजित की गई। इसके साथ कबीर अनुयायियों द्वारा कबीर के पदों का गायन और और भजन पाठ किए गए। मुख्य वक्ता मंगल साहेब आचार्य कबीर मठ नादिया जिला राजनांदगांव, संत सतेन्द्र साहेब धर्माधिकारी कबीर मठ नादिया, गिरवर साहेब, महंत अंत राम साहेब, टीकम साहेब गुजरात, द्वारका साहेब नादिया और दुलेश्वर साहेब जिला राजनांदगांव उपस्थित रहे जिन्होंने कबीर प्राकट्य को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों को दूर कर उनके पद चिन्हों पर चलने की बात कहीं। यह जानकारी संस्था के मीडिया प्रभारी डॉ दीनदयाल साहू ने दी।

# मोदी सरकार के 11 साल सेवा, सुशासन और विकास को समर्पित:तोखन साहू



**भिलाई, 12 जून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के ग्यारह साल का कार्यकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहा है। देश का चहुमुखी विकास हुआ है। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने आज अपने दुर्ग जिले के प्रवास के दौरान सुपेला घड़ी चौक पर मीडिया कर्मियों से बात करते हुए उक्ताशय के विचार व्यक्त किये। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंत्रिमंडल में आवास एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री एवं बिलासपुर के सांसद तोखन साहू ने आगे कहा कि मोदी सरकार द्वारा गरीबों के कल्याण के लिए अनेक योजनाओं के माध्यम से उनके जीवन को संवारने का कार्य किया गया। इंफ्रास्ट्रचर के निर्माण में तेजी आयी है। देश की सीमाएं सुरक्षित हुयी हैं। तोखन साहू ने कहा कि एक ओर जहाँ राष्ट्र निर्माण पर ध्यान दिया गया तो दूसरी तरफ हमारे देश की बड़ी से बड़ी समस्याओं का समाधान भी हुआ। कश्मीर में धारा 370 समाप्त किया गया यहाँ बड़ा निर्णय था जिसकी दुनिया में सराहना हुयी। पांच सौ सालों के बाद अयोध्या में श्री रामचंद्र जी का मंदिर का निर्माण करना, नागरिक संशोधन बिल लाना, ट्रिपल तलाक कानून लाना, वक्फ़ बोर्ड संसोधन बिल लेकर बड़ी से बड़ी समस्याओं का समाधान किया गया। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि गरीबों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं मोदी सरकार द्वारा संचालित की जा रही हैं। 80 करोड़ जनता के घर मुफ्त में राशन, 4 करोड़ लोगों को प्रधानमंत्री आवास मिल चुका है। 12 करोड़ शौचालय निर्माण, 55 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाकर स्वस्थ्य सेवाओं के प्रति बड़ा काम किया गया है। साहू ने कहा कि पहलगाम में जब आतंकी हमला हुआ तो ऑप्रेशन सिन्दूर चला कर दुश्मनों के सर को कुचलने का काम मोदी जी की सरकार द्वारा किया गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज हमारे देश की सीमायें पूरी तरह से सुरक्षित हैं। देश के नागरिकों के मन में मोदी जी के कार्यों को लेकर विश्वास की भावना बढ़ी है। इसके पूर्व, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू के सुपेला घड़ी चौक पहुँचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा फूल-मालाओं से स्वागत किया गया।

### सेक्टर-9 अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन

**भिलाई, 12 जून।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के अंतर्गत कार्यरत जेएलएन चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र के ब्लड सेंटर द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस 2025 के उपलक्ष्य में 13 एवं 14 जून को दो दिवसीय जागरूकता एवं शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। 13 जून को चिकित्सालय के ब्लड सेंटर में वृहद रक्तदान शिविर के आयोजन के साथ इस कार्यक्रम का शुभारंभ होगा, जिसके पश्चात 14 जून को ब्लड ट्रांसफ्यूजन अपडेट शीर्षक पर आधारित एक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम (सी एस ई) आयोजित किया जाएगा। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान-एम्स गुवाहाटी से डॉ. गोपाल कृष्ण राय एबीओ विसंगतियों और कंपोनेंट चयन की जटिलताओं पर प्रकाश डालेंगे। बाल्को मेडिकल सेंटर, रायपुर से डॉ. नीलेश जैन पेशेंट ब्लड मैनेजमेंट के मानक प्रक्रिया पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत करेंगे।

# ताम्रध्वज साहू की करीबी सीमा साहू ने कांग्रेस छोड़ थामा भाजपा का दामन



**भिलाई, 12 जून।** रिसाली नगर निगम की एमआईसी में महिला एवं बाल विकास विभाग प्रभारी डॉ सीमा साहू ने कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। सांसद विजय बघेल के निवास पर उन्होंने भाजपा की सदस्यता ली। इस दौरान सांसद बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक और सांसद प्रतिनिधि पप्पू चंद्राकर ने पार्टी में उनका स्वागत किया। भाजपा में शामिल हुई डॉ सीमा साहू रिसाली नगर निगम के वार्ड क्रमांक 28 वीआईपी नगर से कांग्रेस की टिकट पर पार्षद चुनी गई थी। महापौर पद अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित रहने से डॉ सीमा साहू को इस पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा था। दुर्ग ग्रामीण से विधायक रहे प्रदेश के तत्कालीन गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू से डॉ सीमा साहू का पारिवारिक संबंध होने से एक समय ऐसा लग रहा था कि डॉ सीमा साहू को आखिरकार कांग्रेस से महापौर पद का प्रत्याशी घोषित कर दिया जाएगा। लेकिन कांग्रेस ने शशि सिन्हा को प्रत्याशी बनाया और वे महापौर चुन ली गई। बताते हैं डॉ सीमा साहू का एमआईसी में होने के बावजूद महापौर शशि सिन्हा से ताल्लुकात कुछ ठीक नहीं थे।

# बरसात के पहले नाला,नालियों की साफ-सफाई कराई जा रही



**जामुल,12 जून।** नगर पालिका परिषद जामुल में बरसात पूर्व सफाई कार्य तेजी से चल रहा है । विशेष सफाई अभियान क तहत बड़े नाला एवं मुख्य निकासी नालियो को अतिरिक्त सफाई कर्मी लगाकर पूर्ण रूप से साफ किया जा रहा है । आज सुबह से ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती सीमा बक्शी ने वार्ड क्र. 02 के निचली बस्तियो में चल रहे सफाई कार्य का निरीक्षण किया इस दौरान श्रीमती बक्शी ने सफाई सुपरवाईजरो को निर्देशित किया कि पालिका क्षेत्र के सभी वार्डो में पूर्ण रूप से सफाई हो कहीं पर भी नाली जाम या जल भराव की स्थिति नहीं आनी चाहिए । अन्यथा ऐसी स्थिति में जल जनित्र बीमारियां होने की संभावन होती है इसके बचाव के लिए अनिवार्य रूप से मैलाथियान या अन्य आवश्यक दवाईयो का छिड़काव भी करे । साथ ही जहां भी पंप हाऊस, हैण्ड पंप है उसके आस पास ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करे एवं नालियो से कचड़ा निकालने के बाद उसे शीघ्र ही उठावे । चूंकि बरसात का मौसम आने वाला है इसलिए सफाई कार्य एवं पेयजल पर विशेष ध्यान देवे । कहीं पर भी पानी प्रदूषित न हो इसके लिए पानी का परीक्षण लगातार करावे एवं रिपोर्ट के अनुसार क्लोरिन, एलम एवं अन्य दवाई की व्यवस्था पहले से करके रखे क्योंकि बरसात के मौसम में पानी के गुणवत्ता एवं स्वरूप में परिवर्तन संभावित होता है ।

### बैठक में टाउनशिप में जलजनित बीमारियों से बचाव की तैयारी के निर्देश दिए



**भिलाई, 12 जून।** बीएसपी टाउनशिप क्षेत्र में जल जनित बीमारियों को लेकर निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने बैठक ली, जिसमें जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी, जिला मलेरिया अधिकारी सी.बी.एस. बंजारे एवं बीएसपी के अधिकारियों को आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए अग्रिम तैयारी कराए जाने, बैक लाइन की सफाई, पुराने एवं जर्जर भवनों में जल भराव के समस्याओं को दूर करने के संबंध में निर्देश दिया गया। आयुक्त पाण्डेय के निर्देश पर वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के. के. सिंह द्वारा अपने दल के साथ वार्ड 32 बैकुंठ धाम, कुम्हारपारा में जल जनित रोग दस्त, उल्टी-दस्त से बचाव के लिए निगम का विशेष दस्ता 42 घरों में संपर्क कर 194 सदस्यों से आवश्यक पूछताछ किया गया। वर्तमान में दस्त/उल्टी-दस्त के केस नहीं पाए गए। सभी सर्वेक्षित घरों में पानी उबालकर/ठंडा कर सेवन करने एवं बाजार के अस्वास्थ्यकर बासी एवं सड़े गले फल सब्जी का सेवन नहीं करने संबंधी स्वास्थ्य शिक्षा दी गई। सभी सर्वेक्षित 42 घरों में जल शुद्धिकरण हेतु 500 नग क्लोरीन टेबलेट वितरण कार्य किया गया।

# डायरिया प्रभावित क्षेत्रों का आयुक्त ने किया निरीक्षण,पेयजल की जानकारी ली



**भिलाई, 12 जून।** आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-3 मदर टेरेसा नगर के वार्ड-32 कुम्हारपारा का औचक निरीक्षण किया। वार्ड में डायरिया प्रभावित क्षेत्र में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता को लेकर भिलाई निगम द्वारा अभियान छेड़ा गया है। आयुक्त स्वयं सुबह 7ः30 बजे से ही वार्ड जोन आयुक्त सतीश यादव, इंजीनियरों एवं पार्षद पति धर्मेन्द्र दिवाकर के साथ वार्डों का दौरा शुरू कर दिया और विभिन्न स्थानों का निरीक्षण करते हुए विस्तार से जानकारी प्राप्त की। जोन 03 के वार्डों में पेयजल को लेकर कोई समस्या न हो इसके लिए आयुक्त के निर्देश पर भिलाई निगम के सभी इंजीनियरों की अलग-अलग टीम बनाकर संपूर्ण वार्डों का सर्वे कार्य किया जा रहा है। वहीं स्वास्थ्य विभाग का अमला नालियों की सघन स्तर पर सफाई कार्य में जुटे हुए है, ताकि किसी भी प्रकार से जल जनित बीमारी न फैल सके। वार्ड में पेयजल हेतु बिछाई गई पाईप लाइन को देखे और उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किए। कहीं पर भी पाइप लाईन में लिकेज की समस्या आ रही है तो उसका तत्काल संधारण कराये। संधारण के दौरान वार्ड में नागरिकों को किसी प्रकार की पेयजल की समस्या न हो पाए, वार्ड के सभी गली, मोहल्लों में प्रतिदिन साफ-सफाई करते रहने, जरूरत पड़े तो पानी का सेंपल लेकर उसे लैब में जॉच के लिए भेजें। यदि पानी में शुद्धता न दिखे तो टैंकर के माध्यम से पानी सप्लाई करें। मितानिन डोर-टू-डोर नागरिकों के घर जाकर जागरूक कर रही हैं और आवश्यक सलाह दे रही हैं। आयुक्त ने नागरिकों से मिलकर समझाया कि किसी प्रकार की डायरिया से संबंधित कोई लक्षण दिखे तो तत्काल डॉक्टर से सलाह लें और इलाज कराएं। बाहर के खाद्य सामग्री खाने से बचें, पानी उबालकर पिएं, गर्म भोजन करें और सुरक्षित रहें। तत्पश्चात सेक्टर 01 पिंक उद्यान का निरीक्षण कर उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू को निर्देशित किए कि उद्यान में जो भी गाजर-घास एवं अनावश्यक खरपतवार है, उसे निकलवा दिया जाए। वहां से होकर चंद्रा मौर्या टॉकीज के समीप अंडरब्रिज में जलभराव की स्थिति को देखे एवं उपस्थित कर्मचारियों से कहे कि वहां पानी का भराव न हो, जो भी कचरा फसता है उसे तत्काल निकलवा कर हटा दिया जाए। जिससे आने-जाने वाले नागरिकों को किसी प्रकार की समस्या न हो और आवागमन बाधित न हो। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, जोन सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, सुपरवाईजर श्याम ठाकुर एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### लोकगाथा भरथरी का मंचन कला मंदिर में

**भिलाई, 12 जून।** संस्था रंग सरोवर की प्रस्तुति लोकनाट्य उत्सव का आयोजन गुरुवार 12 और शुक्रवार 13 जून की शाम महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर में किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की बहुचर्चित लोकगाथा भरथरी का मंचन होगा। दोनों दिन शाम को 7 बजे से शुरू होने वाले इस मंचन में छत्तीसगढ़ की प्रचलित भरथरी गायन शैली को पहली बार मंच पर नाटक शैली में प्रस्तुत किया जा रहा है।

### अंतर्विभागीय संगीत प्रतियोगिता का आयोजन 24 से

**भिलाई, 12 जून।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वावधान में अंतर्विभागीय संगीत (गायन) प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। 24 से 28 जून तक महात्मा गांधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में आयोजित इस संगीतमय कार्यक्रम में संयंत्रकर्मी और उनके पति/पत्नी हिंदी, गैर हिंदी और युगल गायन के विभिन्न वर्गों में अपनी गायकी का जादू बिखेरेंगे। प्रतिभागी केवल दो वर्गों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दें सकेंगे।

# मप्र व छग के विकास में शुक्ल का योगदान अतुलनीय: कांग्रेस

- पं. विद्याचरण शुक्ल की पुण्यतिथि पर शहर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि
- सुकमा में शहीद एएसपी आकाश राव गिरिपुंज को दी श्रद्धांजलि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 12 जून।** अविभाजित मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व केन्द्रीय मंत्री पंडित विद्याचरण शुक्ल की पुण्यतिथि पर बुधवार 11 जून को स्थानीय कांग्रेस भवन में कांग्रेसजनों ने सभा आयोजित कर दी श्रद्धांजलि।

संगोष्ठी सभा का संचालन करते हुए शहर कांग्रेस महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि शहीद स्व. विद्याचरण शुक्ल के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा विद्या भईया अमर रहे के नारे लगाए गए। वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल ने संगोष्ठी सभा के माध्यम से पंडित विद्याचरण शुक्ला को नमन करते हुए कहा कि विद्या भईया ने देश के साथ-साथ अविभाजित मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के विकास के लिए अनेकों कार्य किए है। विद्या भईया आजीवन समाजसेवा व देश सेवा में लगे रहे और उन्होंने कई बार लोकसभा में अविभाजित मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया।



वे छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के लिए काफी संघर्ष किया था। सन 2013 के परिवर्तन यात्रा में झीरम घाटी में उन्हें गोली लगी थी और आज ही के दिन 11 जून 2013 में उनका निधन हुआ था।

संगोष्ठी सभा को पूर्व महापौर हेमा देशमुख, रमेश डाकलिया, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल के 12वीं पुण्यतिथि पर नमन करते हुए कहा कि स्व. विद्या भैया हमेशा कांग्रेस संगठन व कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाते रहे। छग से भाजपा की सरकार को उखाड फेकने के लिए संकल्पित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा परिवर्तन यात्रा निकाली गई थी। किन्तु बस्तर में परिवर्तन यात्रा के वापसी के दौरान 25 मई 2013 को झीरम घाटी में नक्सलियों द्वारा हमले में गोली लगने से घायल होने के बाद भी कई दिनों तक अस्पताल में संघर्ष करते रहे और 11 जून 2013 को अंतिम सांस ली। इस दौरान सुकमा के कोंटा-एर्राबोर रोड में डोंड्रा के पास आईईडी विस्फोट में शहीद एडिशनल एसपी आकाशराव गिरिपुंज को दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि अर्पित की एवं नक्सलियों के कायराना हरकत की घोर निंदा की।

संगोष्ठी में पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, महामंत्री झम्मन देवांगन, मामराज अग्रवाल, सुरेन्द्र देवांगन, सुरेन्द्र गजभिए, संदीप जायसवाल, सागर ताम्रकार, फरमान अली, ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र सिन्हा सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## एक नजर

### अंधे कत्ल का हो गया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा 12 जून।** जिले के पुलिस चैकी कोरबी थाना पसान क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोठीखर्रा में हुई अज्ञात युवक की हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। मामले में आरोपी मोहन राम धनवार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घूराऊ राम धनवार, निवासी ग्राम घुमानीडॉड, ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका पुत्र जानसाय उर्फछोटू धनवार 6 जून को अपनी मौसी फुलसुंदरी बाई धनवार, निवासी कोठीखर्रा के घर मेहमानी में गया था। 8 जून की रात वह खाना खाकर टहलने निकला लेकिन रातभर वापस नहीं आया। अगले दिन उसकी लाश मोहन राम धनवार के आंगन में खाट पर पड़ी मिली, शरीर पर लाठी-डंडे से मारपीट के गंभीर निशान थे। थाना चैकी कोरबी में अपराध क्रमांक 108/2025 धारा 103(1), 238 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विशेष टीम गठित की गई। टीम का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश ठाकुर, बांगो थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश वर्मा एवं चैकी प्रभारी सुरेश कुमार जोगी के दिशा-निर्देशन में किया गया। तकनीकी साक्ष्य एवं पूछताछ में सामने आया कि आरोपी मोहन राम, जो पूर्व में मृतक से खपरा लगवाने का काम करा चुका था, ने शराब के नशे में गाली-गलौज से नाराज होकर लाठी और नुकीली छड़ से हमला कर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त लाठी और खून से सने कपड़े जब्त कर लिए हैं।

### अखिल विश्व गायत्री परिवार सप्त क्रांति अभियान सतत चला रहा

**कोरबा 12 जून।** अखिल विश्व गायत्री परिवार सप्त क्रांति पर सतत अभियान चला रहा है। आध्यात्मिक सामाजिक से लेकर अन्य क्षेत्रों को इसमें शामिल किया गया है। शांतिकुंज हरिद्वार मुख्यालय में इन दोनों ग्रीष्मकालीन विशेष सत्र आयोजित है जिसमें कोरबा जिले के परिव्राजक भी शामिल हुए हैं। स्वाधीनता संग्राम सेनानी आचार्य श्रीराम शर्मा के द्वारा गायत्री परिवार नामक संगठन की स्थापना की गई जो अब विशाल रूप ले चुका है। भारत सहित अनेक देशों में इसका विस्तार हुआ है। आध्यात्मिक और सामाजिक क्रांति को लेकर गायत्री परिवार का विचार क्रांति अभियान शुरुआत से ही लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रहा। उसके विचारों के साथ काफी संख्या में लोगों का जुड़ाव हुआ। उन्होंने सनातन संस्कृति और इसके मूल्यों को गंभीरता से समझा और इनका प्रसार किया। कोरबा जिले में माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक टीआर यादव नहीं बताया कि शांतिकुंज हरिद्वार में ग्रीष्मकालीन साधना कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से परीव्रजकों की भागीदारी हुई है। भविष्य की कार्य योजना को लेकर भी अनेक सत्र रखे गए हैं इनके माध्यम से सदस्यों का मार्गदर्शन किया जा रहा है कि उन्हें अपने कार्य क्षेत्र में क्या कुछ करना है।

### नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी पर ईनाम की घोषणा

**जशपुर, 12 जून।** जिले पत्थलगांव थानाक्षेत्र में एक नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में फरार आरोपी की गिरफ्तारी पर एसएसपी ने पांच हजार रूपये के ईनाम की घोषणा की है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 29.09.2021 को पत्थलगांव क्षेत्र के प्रार्थी ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिग लड़की जो स्कूल जाने के लिये निकली थी कि रास्ते में अकेले पाकर आरोपी अजय यादव उर्फबंटी यादव पिता फुल सिंह यादव उम्र 28 वर्ष निवासी गोडपाडिया थाना गेरवाई जिला ग्वालियर (म.प्र.) हा.मु. लुड़ेग थाना पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) ने उसे जबरदस्ती खींचकर झाड़ी में ले जाकर दुष्कर्म करने का कोशिश कर रहा था कि उसी समय एक बूढ़ा आदमी वहां से गुजर रहा था, जिसको देखकर आरोपी बच्ची को छोड़कर भाग गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना पत्थलगांव में धारा 363, 366 (क), 376, 511 भादवि. कायम कर विवेचना दौरान प्रकरण में धारा 354 भादवि एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 8,18 आकर्षित होने से प्रकरण जोड़ी जाकर प्रकरण में विवेचना पूर्ण होने से चालान तैयार कर न्यायालय पेश किया गया है।

### मुख्यमंत्री ने अपेक्स बैंक की नई शाखा का किया वर्चुअल शुभारंभ

# पीएम मोदी के नेतृत्व में सहकारिता को घर-घर तक पहुंचाने की संकल्पना हो रही पूरी : साय

**रायपुर, 12 जून।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित के नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी केदारनाथ गुप्ता के पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह में शामिल हुए और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जशपुर जिले के फरसाबहार में अपेक्स बैंक की नई शाखा का वर्चुअल शुभारंभ किया और क्षेत्रवासियों को बधाई दी।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सहकार से समृद्धि की संकल्पना को साकार किया जा रहा है। उनकी प्रेरणा से प्रदेश के घर-घर को सहकारिता से जोड़ने का कार्य हमारी सरकार कर रही है। साय ने कहा कि नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी के नेतृत्व में प्रदेश में सहकारिता को और अधिक मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि सहकारी गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के साथ मिलकर प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। हाल ही में हमने दुधारू पशु वितरण का शुभारंभ किया है, जिसके अंतर्गत पायलट प्रोजेक्ट के लिए प्रदेश के 6 जिलों का चयन कर हितग्राहियों को दो-दो दुधारू गाय वितरित की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रदेश के किसानों और ग्रामीण जनों को बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने की एक बड़ी पहल हमने इस वर्ष पंचायती राज दिवस से प्रारंभ की है। प्रदेश के 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र खोले गए हैं, जिसके माध्यम से ग्राम



पंचायत भवन में ही बैंकिंग सुविधा मिल रही है। उन्होंने बताया कि अगले पंचायती राज दिवस तक यह सुविधा प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों में उपलब्ध हो जाएगी, जिससे किसानों को बड़ी राहत मिलेगी।

मुख्यमंत्री साय ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व काल के दौरान सहकारिता के क्षेत्र में हुए बड़े बदलावों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री सिंह ने किसानों को अल्पकालिक ऋण के लिए भारी-भरकम ब्याज दर से मुक्ति दिलाई और ब्याज दरों को लगातार कम कर किसानों को राहत दी। अब किसानों को कृषि कार्यों के लिए बिना किसी ब्याज के अल्पकालिक ऋण उपलब्ध हो रहा है। मुख्यमंत्री साय ने फरसाबहार में अपेक्स बैंक की नई शाखा खुलने पर क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि अब किसानों को बैंकिंग सुविधा के लिए 50-60 किलोमीटर दूर पत्थलगांव नहीं जाना पड़ेगा। इस पुनीत पहल के लिए उन्होंने सहकारिता विभाग को साधुवाद दिया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ में सहकारिता का बीजारोपण करने वाले महान विभूतियों को पुण्य स्मरण करते हुए अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में वामनराव लाखे और ठाकुर प्यारेलाल जैसे पुरोधाओं ने सहकारिता की नींव रखी, जिसका विकसित स्वरूप आज हम सभी देख रहे हैं। यह वर्ष सहकारिता का अंतर्राष्ट्रीय वर्ष है, और केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के प्रयासों से निश्चित रूप से इस क्षेत्र में चमत्कारिक परिवर्तन हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री साय के अथक प्रयासों से प्रदेश के किसानों के जीवन में खुशहाली आई है। पूरे देश में वे पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने प्रति एकड़ 21 क्विंटल और 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री साय ने सहकारिता को राज्य के अंतिम गांव तक पहुंचाने का कार्य किया है। अपेक्स बैंक प्रदेश में 40 हजार करोड़ रुपए के टर्नओवर के साथ सबसे शक्तिशाली संगठन है और इसके माध्यम से अब तक 7 हजार 5 सौ करोड़ रुपए का ऋण किसानों को उपलब्ध कराया गया है।

डॉ. सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से देश के हर एक नागरिक को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा गया और इसी का परिणाम है कि आज बिना किसी बिचौलिए के शत-प्रतिशत राशि सीधे हितग्राहियों के खाते में प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में अभी भी अपार संभावनाएं हैं और शत-प्रतिशत किसानों को सहकारिता और अपेक्स बैंक से जोड़ने का काम शीघ्र पूरा करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में कार्यक्रम में मजगांव डॉक शिप बिल्डर्स लिमिटेड ने सीएसआर गतिविधियों के तहत राजधानी रायपुर के सत्य साईं हृदय चिकित्सालय को 2.25 करोड़ रुपए की सहायता राशि का चेक सौंपा। मुख्यमंत्री ने इस पुनीत कार्य के लिए मजगांव डॉक शिप बिल्डर्स लिमिटेड के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

पदभार ग्रहण समारोह में सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, विधायक राजेश मूणत, विधायक अनुज शर्मा, विधायक मोतीलाल साहू, विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, विधायक सुनील सोनी, विभिन्न निगम-मंडलों के अध्यक्ष, अपर मुख्य सचिव सहकारिता सुब्रत साहू और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## पुलिस ने म्यूल खाता धारक को किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 12 जून।** पुलिस मुख्यालय रायपुर का ईमेल आईडी से प्राप्त ईमेल के अवलोकन पर पाया कि एक्सीस बैंक के खाता धारको के द्वारा छल पूर्वक एवं सायबर अपराध से प्राप्त धोखाधड़ी से प्राप्त कुल धनराशि 7.77, 599.00 रूपये राशी को छुपाने एवं उपयोग किया गया है रिपोर्ट पर अपराध धारा 317(2), 317(4), 317(5), 111, 3(5) बी एन एस का अपराध घटित होने पर, प्रथम दृष्ट्या अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया। प्रकरण के विवेचना के दौरान जानकारी प्राप्त हुआ कि आरोपी तौहिद खान पिता हफीज खान उम्र 25 साल निवासी तुमडीबोड द्वारा के खाता से उक्त ठगी रकम उसके खाता में ट्रांसफर हुआ है। सूचना पर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जो जुर्म करना स्वीकार किया गया। आरोपी के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने से विधिवत् गिर0 कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के दौरान पायें गये तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर छत्तीसगढ़ के अलावा विभिन्न राज्यों में सक्रिय म्यूल एकाउंट प्रोव्हाईड करने वाले गिरोह की पतासाजी की जा रही है।

उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर, उप निरीक्षक नरेश सार्वा, आरक्षक प्रवीण मेश्राम, कुश



बघेल, आशीष मानिकपुरी एवं अन्य स्टाफ की अहम भूमिका रही।

म्यूल अकाउंट आमतौर पर धोखाधड़ी और साइबर क्राइम से संबंधित उपयोग किया जाने वाला शब्द है। यह ऐसे बैंक अकाउंट है जिसका उपयोग अपराधी अवैध रूप से पैसे ट्रांसफर करने या छिपाने के लिए करते हैं।

**राजनांदगांव पुलिस की अपील:** आम जनता से अपील है कि किसी के कहने पर अपना बैंक खाता, मोबाईल सिम, चेकबुक, एटीएम कार्ड ना देवें। आरोपियों द्वारा इसका उपयोग सायबर ठगी करने के उपयोग में करते हैं। खाताधारक अपने बैंक खाता को किराये पर देने, कमीशन पर देने और बेचने का काम करते हैं इन बैंक खातों को म्यूल एकाउण्ट कहा जाता है। सायबर ठगों द्वारा इसका उपयोग कर अपने देश में और दूर देशों में बैठ कर गेमिग एप्प, गेम्बलिंग एप्प, फर्जी ट्रेडिंग एप्प, सेक्सट्रासन, डिजिटल एरेस्ट एवं विभिन्न प्रकार के सायबर ठगी का काम कर करोड़ों रूपये लोगों से ठगते हैं। जिनके नाम से यह बैंक खाता है वह भी सायबर ठगी के अपराधी हैं, इस लिये ऐसे किट/म्यूल एकाउण्ट देने वाले खाताधारक व देश/विदेशों में इन म्यूल एकाउण्ट को प्रोवाईड कराने वालों के विरूद्ध भी अपराध पंजीबद्ध होगा और वे जेल जाने के भागीदार होंगे। इस लिए पुनः लोगों से अपील है कि किसी के कहने पर अपना बैंक खाता, मोबाईल सिम, चेकबुक, एटीएम कार्ड किसी को ना दें।

### पांचवीं और आठवीं बोर्ड परीक्षा की अंकसूची के वितरण में देरी

**कोरबा, 12 जून।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए आयोजित की गई पांचवीं और आठवीं बोर्ड की परीक्षा के परिणाम घोषित किए जाने के काफी दिन बीत जाने के बाद भी आज पर्यंत अंक सूची जारी नहीं की जा सकी है। हालांकि शिक्षा विभाग के द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं लेकिन विद्यार्थियों को अंकसूची का वितरण नहीं किए जाने से कई तरह की व्यावहारिक दिक्कतों तथा दूसरे विद्यालयों में प्रवेश से लेकर कक्षा पांचवी से छठवीं, आठवीं से नवमीं में प्रवेश हेतु इंद्राज करने में तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालयों में भी काफी दिक्कत हो रही है जो अपार आईडी से संबंधित है। पूरकध्अवसर परीक्षा का भी अता पता नहीं है। शिक्षा विभाग के सूत्रों ने बताया कि पांचवी,आठवीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों का उत्तर पुस्तिका के मूल्याकन हेतु केंद्र दूसरे विद्यालयों को बनाया गया था।

### माँ गोदावरी आनंद वन आश्रम में मंदिर निर्माण

# प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव भक्ति भाव से पूजन, हवन कर मनाया गया



**रायपुर, 12 जून।** माँ गोदावरी आनंद वन आश्रम, ग्राम गोमची में स्थित बुजुर्गों के इस पवित्र सेवा स्थल में एक नई आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ जब आश्रम परिसर में निर्मित नव-निर्मित मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह बड़े ही भक्ति भाव, विधि-विधान और वेद मंत्रों की गूंज के साथ सम्पन्न हुआ।

इस तीन दिवसीय आयोजन की विशेषता रही कि यह कार्यक्रम दंडी स्वामी गुरुदेव इन्दु भवानंद महाराज और आचार्य धर्मेन्द्र महाराज जैसे सुप्रसिद्ध संतों के पावन सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। मंदिर में श्रीराम, माता दुर्गा, हनुमान सहित अनेक देवी-देवताओं की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा विधिवत् पूजन एवं हवन के माध्यम से की गई।

पूरे आयोजन के दौरान देश के प्रतिष्ठित आचार्यों एवं विद्वान पंडितों द्वारा वेद-पुराणों के मंत्रोच्चार, भागवत कथा, हवन और भक्ति संगीत की प्रस्तुति ने समस्त वातावरण को दिव्य बना दिया। आश्रम के सभी बुजुर्गों ने पूरे श्रद्धा भाव से भाग लिया और यह आयोजन उनके जीवन में एक अनोखा आध्यात्मिक अनुभव बन गया।

इस आयोजन के प्रमुख कल्पना योगेश तिवारी, ट्रस्टी ड्ड माँ गोदावरी आनंद वन, योगेश तिवारी थे, जिनके मार्गदर्शन एवं सेवाभाव से यह दिव्य कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

साथ ही मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा में हीरा गुरुप से सिद्धार्थ अग्रवाल शामिल हुये और समारोह के दौरान भोजन प्रसादी, भजन कीर्तन, और मंदिर की भव्य सजावट ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। यह कार्यक्रम न सिर्फआश्रम के बुजुर्गों बल्कि पूरे ग्राम गोमची और आसपास के क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक धार्मिक उत्सव बन गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शामिल हुए - प्रहलाद रजक, विजय सिन्हा, राजेंद्र शर्मा, परमेश्वर वर्मा, हर्षवर्धन तिवारी, संजीव तिवारी, राजा शिवहरे, गौरव साहू, विकास तंबोली, मोंटी साहू, धर्मेंद्र साहू, गोपी देवांगन, मधु राय, ललित साहू, सावित्री रजक, अंजलि नंदराम गंधर्व, लेखमणि पांडेय जय पांडेय, दीपक तिवारी, डीके तिवारी, संजय शर्मा।

## समाचार संक्षेप

### जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव ने तुर्रगढ़ में आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 12 जून।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत तुर्रेगढ में 07 लाख रुपए की लागत से निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण की। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की पुजा अर्चना कर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत सभापति गोपाल भुआर्य द्वारा फीता काट कर आंगनबाड़ी का उद्घाटन किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीणो की पुरानी मांग थी, पुराना भवन जर्जर हो गया था,आज लगभग 07 लाख रुपए की लागत से आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण किया गया है। निश्चित रूप से इसका लाभ हमारे नन्हे मुन्ने बच्चों को मिलेगा। किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि कोई भी बालक या बालिका हो उसकी शिक्षा की शुरुआत व उसका पहला कदम आंगनबाड़ी से उसकी शुरुआत होती है।और यहां से सीखते हुए वह स्कूल कालेज से शिक्षा अध्ययन करते हैं। व अपना भविष्य निर्धारित करते हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दीदीयो से कहा कि बच्चों को हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हो।व उनके पोषण आहार व अन्य सभी योजनाएं का लाभ मिले। छत्तीसगढ़ की विष्णु का सुशासन है। आदरणीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार हर वर्ग के लिए बेहतर कार्य कर रही है। गांवों के विकास में कोई कमी नहीं होगी।हम मिलकर आगे भी गांव के विकास के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति गोपाल भुआर्य ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

### जल संसाधन विभाग में नए एसओआर का क्रियान्वयन शुरू

- इंजीनियरों के लिए आयोजित हो रही हैं प्रशिक्षण कार्यशालाएं

**रायपुर, 12 जून।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप जल संसाधन विभाग के कार्यों में पारदर्शिता और क्रियान्वयन में तेजी लाने के उद्देश्य से नवीन दर अनुसूची (एसओआर) को एक मई 2025 से लागू कर दिया गया है। जल संसाधन मंत्री श्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में सभी तकनीकी अधिकारियों को नवीन एसओआर को लेकर प्रशिक्षण दिए जाने हेतु कार्यशालाओं का आयोजन के साथ ही उप अभियंताओं को एसओआर बुकलेट की नवीन प्रति भी उपलब्ध करा दी गई है। जिसका उपयोग उप अभियंता निर्माण कार्यों के मूल्यांकन में कर रहे हैं। यहां यह उल्लेखनीय है कि नवीन एसओआर की संरचना पूर्व एसओआर से काफी भिन्न है। इसको ध्यान में रखते हुए विभागीय सचिव श्री राजेश सुकुमार टोप्पो के मार्गदर्शन में तकनीकी कठिनाइयों के समाधान हेतु राज्यभर में कार्यशालाओं का आयोजन भी जल संसाधन विभाग द्वारा किया जा रहा है। अब तक बिलासपुर, जांजगीर और दुर्ग जिलों में कार्यशालाएं आयोजित की जा चुकी हैं। इसी क्रम में सोमवार को रायपुर में भी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत महानदी परियोजना एवं महानदी गोदावरी कछार के अभियंताओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसी कड़ी में 12 जून को विद्युत/यांत्रिकी विभाग के उप अभियंताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इसी तरह सरगुजा और जगदलपुर क्षेत्रों के विभागीय अभियंताओं को नवीन एसओआर के प्रशिक्षण के लिए अलग-अलग तिथियों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन प्रशिक्षण कार्यशालाओं में दर अनुसूची के निर्माण, संकलन एवं विश्लेषण से जुड़ी तकनीकी टीम द्वारा नए और पुराने एसओआर का तुलनात्मक विश्लेषण संबंधी गहन जानकारी दी जा रही है। मैदानी अमले में कार्यरत अभियंताओं के प्रश्नों एवं शंकाओं का समाधान भी किया जा रहा है।

### रानी सागर चौपाटी में हुडदंग करने वालों पर की गई कार्रवाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 12 जून।** राजनांदगांव पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के दिशा निर्देश पर बसंतपुर पुलिस के द्वारा आपराधिक व असमाजिक तत्वो पर कार्यवाही किया जा रहा है। इसी कडी के दौरान 11 जून को 2 अनावेदकगणो के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओ के तहत् कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय राजनांदगांव के समक्ष पेश किया गया। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि जरिये मोबाईल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुआ कि कुछ आसाजिक तत्वो के द्वारा रानी सागर चौपाटी के पास हो हुडदंग करे रहे, जिसे वहॉ पर उपस्थित लोगो के द्वारा समझाईश दिया किया किन्तु वे लोग नही मान रहे है। पुलिस को सूचना प्राप्त होने उपरान्त निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी के नेतृत्व में क्षेत्र में परिशांति कायम रखने हेतु टीम आवश्यक कार्यवाही हेतु रवाना किया गया। उपरोक्त अनावेदकगणो द्वारा पुलिस को आते देखकर और भी आक्रोशित होकर हो हुल्लड करने लगे। उपरोक्त आरोपीणो के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओ के तहत् कार्यवाही कर अनावेदकगणो को गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक एमन साहू,प्र.आ.वनोद जाटव, आरक्षक प्रवीण मेश्राम एवं कुश बघेल, आशीष मानिकपुरी की अहम भूमिका रही।

### छुरिया के दूरस्थ ग्रामों में पहुंचेगी शिक्षा की रौशनी

**राजनांदगांव 12 जून।** शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाने की दिशा में शिक्षकों एवं शालाओं का युक्तियुक्तकरण प्रभावी साबित होगा। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में जहां शिक्षक विहिन एवं एकल शिक्षकीय स्कूल थे, वहां युक्तियुक्तकरण के तहत शिक्षकों की पदस्थापना होने से शिक्षण व्यवस्था बेहतर बनेगी। शासन द्वारा शैक्षणिक स्थिति को सुधारने के लिए युक्तियुक्तकरण का सशक्त कदम उठाया गया है। जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था होने से ग्रामवासियों में खुशी है। विद्यार्थियों की पढ़ाई अबाध गति से जारी रहेंगी एवं स्कूलों के युक्तियुक्तकरण होने से शैक्षणिक सामग्री एवं सुविधाओं का लाभ मिलेगा। जिले में 6 प्राथमिक शालाएं शिक्षक विहिन थी, लेकिन अब सभी शालाओं में युक्तियुक्तकरण के तहत शिक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है। वहीं 93 प्राथमिक शालाएं एकल शिक्षकीय शाला थी, जबकि अब 1 स्कूल एकल शिक्षकीय है। इसी तरह पहले 9 पूर्व माध्यमिक शाला एकल शिक्षकीय थी, जबकि वर्तमान में सिर्फ 1 स्कूल एकल शिक्षकीय है। ऐसे स्कूलों के समायोजन से जिनमें छात्रों की संख्या कम है, वहां युक्तियुक्तकरण से विद्यार्थियों को फायदा होगा। दूरस्थ अंचलों में शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई में बाधा आ रही थी। युक्तियुक्तकरण से इस समस्या का समाधान हो गया है।

## संपादकीय

# बढ़ती आबादी से जीवन स्तर प्रभावित

आबादी का बढ़ना सबसे गंभीर समस्या हुआ करती थी, आबादी नियंत्रण करना सबसे गंभीर चुनौती हुआ करती थी। लोकतंत्र के कारण देश की सरकारें जनता पर आबादी कम करने के लिए किसी तरह का दबाव नहीं डाल पाती थी यानी सरकार ने जनता की इच्छा पर छोड़ दिया था कि वह कितने बच्चे पैदा करें। नीति के तौर पर सरकार ने जनता को बता दिया था कि हम दो हमारे दो बच्चे ही देश व परिवार के लिए सबसे अच्छी नीति है। इसके लिए सरकार की तरफ से परिवार नियोजन की नीति बनाई गई थी लोगों को परिवार छोटा करने प्रेरित किया जाता था। लोगों को नसबंदी के लिए प्रेरित किया जाता था, कंडोम प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जाता था, इसके बाद भी देश की आबादी तेजी से बढ़ रही थी। आबादी बढ़ने के कारण जो भी समस्याए किसी देश में होती है, वह सब समस्याएं हमारे देश में विगत कई दशकों तक रही है। ज्यादा आबादी के कारण हर जगह लोगों को भीड़ से असुविधा होती है, सरकार कितनी भी सुविधा बढ़ाए भीड़ के कारण सुविधा कम लगती है। ट्रेन, बस, सड़क में भीड़ के कारण लोगों को परेशानी होती है। शहरों में यातायात की समस्या पैदा होती है। स्कूल,कालेजों में सीट बढ़ाने के बाद सीट कम लगती हैं। सरकार स्वास्थ्य,शिक्षा, परिवहन, रोजगार हर क्षेत्र में हर साल सुविधा बढ़ाती है लेकिन लोगों की संख्या ज्यादा होने के कारण सुविधा कम ही लगती है। लोग उम्मीद करते हैं सरकार को और सुविधा बढ़ानी चाहिए। कोई भी सरकार हो वह बढ़ती जनसंख्या के हिसाब से हर क्षेत्र में सुविधा नहीं बढ़ा पाती है। जनसंख्या हमेशा ज्यादा रहती है और सुविधा हमेशा कम रहती है क्योंकि जनसंख्या बढऩे की दर हमेशा ज्यादा रहती है और सुविधा उस दर से नहीं बढ़ पाती है। वर्तमान में देश की आबादी संयुक्त राष्ट्र की ताजा जनसांख्यिकी रिपोर्ट के मुताबिक 146.39 करोड़ होने का अनुमान है। अभी देश की आबादी 141.10 करोड़ मानी जाती है।वास्तविक प्रजनन संकट शीर्षक वाली यूएनएफपीए की विश्व जनसंख्या स्थिति (एसओडब्लूपी)25 में कहा गया है कि लाखों लोग वास्तविक प्रजनन लक्ष्य को हासिल करने में सक्षम नहीं है। भारत में 38 प्रतिशत लोग तंगी के चलते तथा 21 लोग जाब न होने के चलते बच्चा नहीं चाहते हैं। यूएनएफपीए के मुताबिक माता पिता बनने की उच्च लागत,नौकरी की असुरक्षा,महंगे आवास,दुनिया की स्थिति को लेकर चिंता,उपयुक्त साथी की कमी जैसे कारणों से विश्व के देशों सहित भारत में भी ज्यादातर लोग चाह कर भी बच्चे पैदा नहीं कर रहे हैं। 14 देशों के 14 हजार लोगों पर किए गए सर्वे के आधार पर तैयार रिपोर्ट में कहा गया है कि अब असल संकट आबादी कम होना या ज्यादा होना नहीं है।अब असल संकट लोगों की रिप्रोडक्टिव च्वाइस यानी सेक्स गर्भनिरोध और परिवार शुरू करने के फैसलों की पूरी आजादी न होना है। इस बदली हुई स्थिति के कारण आदमी चाहकर भी ज्यादा बच्चे नहीं चाहता है क्योंकि बच्चे की परवरिश पहले से कहीं ज्यादा महंगी हो गई है। पहले पांच बच्चों का जितना खर्च होता था,वह आज एक बच्चे का उतना हो गया है या उससे ज्यादा हो गया है। यही वजह है आदमी अब दो बच्चा भी नहीं चाहता है। भारत में 1970 में हर महिला के औसत 5 बच्चे होते थे।अब यह आंकड़ा दो पर आ गया है। भारत में प्रजनन दर घट रही है, वर्तमान में यह घटकर 1.9 बच्चे प्रति महिला रह गई है।यूएन की रिपोर्ट के मुताबिक आने वाले दशकों में भारत की आबादी 170 करोड़ होने का अनुमान जताया गया है, 40 साल बाद इसमें गिरावट आएगी। वर्तमान में भारत की 68 प्रतिशत आबादी कामकाजी है। यानी 15-64 वर्ष के लोगों की आबादी 68 प्रतिशत है। बुजुर्ग यानी 65 और अधिक उम्र वालों की आबादी 7 प्रतिशत है। यह ऐसा आंकड़ा है जिससे जीवन प्रत्याशा में सुधार के साथ बढने की उम्मीद है। भारत में 25 तक जीवन प्रत्याशा पुरुषों के लिए 71 वर्ष और महिला के लिए 74 वर्ष होने का अनुमान है। यूएन ने भारत को मध्यम आय वर्ग वाले देशों के समूह मे रखा है। जो तेजी से जनसांख्यिकीय परिवर्तन से गुजर रहा है।वर्तमान में आबादी जिस हिसाब से बढ़ रही है उसके आधार पर अनुमान है कि 79 साल में भारत की आबादी दुगनी हो जाएगी। यानी भारत की आबादी पहले जिस रफ्तार से बढ़ रही थी अब आने वाले समय में वह तंगी व रोजगार के कारण वर्तमान से और ज्यादा प्रभावित हो सकती है। कई दशक पहले आदमी पांच बच्चे पैदा करके भी सोचता नहीं था कि वह उन्हें पालेगा कैसे आज एक बच्चा पैदा करके आदमी सोचता है कि वह उसे ठीक से पाल सकेगा या नहीं पाल सकेगा। आज आदमी के लिए बच्चे पैदा करना नहीं, उसे ठीक से पालना बड़ी चुनौती है। इससे आबादी अब पहले की तरह नहीं बढ़ती है।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको किसी कानूनी मामले में भी जीत मिलेगी, इसलिए आप किसी बहसबाजी में ना पड़ें। यदि आपका धन व्यापार में कहीं फंसा हुआ था, तो उसके भी आपको मिलने की संभावना है। आपके बिजनेस को लेकर भी जो डील अटकी हुई थी, तो वह भी फाइनल होगी। आप अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों पर पूरा ध्यान देंगे, जिससे माता-पिता भी काफी खुश रहेंगे। छोटे बच्चों के साथ आप कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए धनधान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आप कोई निर्णय जल्दबाजी मे लेंगे, तो उसके लिए आपको बाद में पछतावा होगा, लेकिन आपको परिवार के सदस्यों से काम को लेकर सलाह लेना अच्छा रहेगा। यदि आपने पार्टनरशिप में कोई काम किया था, तो वह आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको अपने घर परिवार के सदस्यों की जरूरतों पर भी पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें, नहीं तो बेवजह के लड़ाई झगड़े भी उत्पन्न हो सकते हैं। आपकी कोई पुरानी गलती भी परिवार के सदस्यों के सामने आ सकती है।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। किसी नए मेहमान का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा, लेकिन आपको छोटी-छोटी बातों पर पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती है। संतान से यदि आपने कोई वादा किया था, तो उसे आप पूरा करने की पूरी कोशिश करेंगे। आप अपने बिजनेस में पार्टनरशिप करने से बचें और किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। आप किसी वाद-विवाद से दूर ही रहें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आप किसी अजनबी की बातों में ना आएं। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। परिवार में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको किसी सेहत संबंधित समस्या को छोटा नहीं समझना है, जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें कोई सुनहरा मौका हाथ लगेगा और धन को लेकर भी आपकी स्थिति पहले से बेहतर होगी।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। पार्टनरशिप में कोई डील फाइनल होने से आपको धोखा मिल सकता है। विद्यार्थी शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आप अपने पिताजी से पैतृक बिजनेस को लेकर सलाह ले सकते हैं। आप अपने घर के रिनोवेशन करने पर भी सोच विचार करेंगे। आपका कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद मिलने आ सकता है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को उनके कामों से एक नई पहचान बनेगी।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आप अपने कामों में पूरी मेहनत से जुटेंगे, लेकिन आपका ध्यान फिर भी दूसरी जगह लगेगा। आपको अपने खर्चों पर भी थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है। पारिवारिक जीवन में आपको तालमेल बनाकर चलना होगा। आपको किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने के योग बनते दिख रहे हैं। आपकी सेहत में यदि कोई समस्या चल रही थी, तो उसमें भी काफी हद तक सुधार होगा, लेकिन आप अपने कामों को लेकर लापरवाही बिल्कुल ना दिखाएं।

**तुला** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। जीवनसाथी से यदि आप कोई बात गुप्त रखे, तो वह उनके सामने उजागर हो सकती है। आपको किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने के योग बनते दिख रहे हैं। आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा। आपको किसी प्रॉपर्टी से संबंधित मामले में अपनी आंखों और कान को खुले रखने की आवश्यकता है, क्योंकि कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी, जिसमें आपको भाई- बहनों का पूरा साथ मिलेगा।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए तरक्की के नए-नए मार्ग खोलेगा। आप किसी की बातों में आकर कोई निवेश संबंधित फैसला न लें। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है, क्योंकि साथी के साथ उनकी बॉन्डिंग अच्छी रहेगी। आपको अपने घर के कामों को भी समय से निपटाने की आवश्यकता है, क्योंकि आप बाहर के कामों पर ज्यादा ध्यान देंगे, जिससे आप जिम्मेदारियों को भूल सकते हैं। यदि रुपये पैसे से जुड़ा कोई में मामला लंबे समय से विवादित था, तो वह भी दूर होगा।

**धनु** आज का दिन आपके लिए अक्स्मात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपके कुछ नए शत्रु उत्पन्न हो सकते हैं। आपको काम के सिलसिले में किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है। राजनीति में कार्यरत लोगों की कुछ नए लोगों से जान पहचान बढ़ेगी। आपको तरक्की के मार्ग में आगे बढ़ना होगा। आप किसी मित्र से काम को लेकर कोई सलाह लेने से बचें। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोले, नहीं तो लड़ाई झगड़े उत्पन्न हो सकते हैं। आपके विरोधी भी आपको परेशान करने की पूरी कोशिश करेंगे। आपको आज काम से जुड़ी कोई रोचक जानकारी मिल सकती है और डुबा हुआ धन भी मिल सकता है।

**मकर** आज का दिन आपके लिए उलझनों भरा रहने वाला है। आपका कोई काम समय से पूर्ण न होने के कारण आपके मन में निराशा बनी रहेगी। परिवार में भी लड़ाई झगड़े की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। आपको कार्यक्षेत्र में छोटों की गलतियों को बड़प्पन दिखाते हुए माफ करना होगा। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे लंबे समय बाद मेल मुलाकात करने आ सकता है। आप अपने व्यापार में यदि कोई बदलाव करें, तो थोड़ा समझदारी दिखाते हुए करें, जिसमें आपको कोई बड़ा जोखिम लेने से बचना होगा।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपको जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य भरपूर मात्रा में मिलेगा। स्वास्थ्य के मामले में आप लापरवाही बिल्कुल ना करें। किसी नए मकान की खरीदारी की आप योजना बना सकते हैं। आपको अपने किसी सहयोगी से मन की बात सोच समझकर कहनी होगी और कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर जिम्मेदारियां बढ़ने से टेंशन अधिक रहेगी, लेकिन आप अपने कामों को टालने से बचें।

**मीन** आज कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहने से आप थोड़ा परेशान रहेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को उनकी मेहनत का फल मिलेगा, जिससे वह अच्छा लाभ कमाएंगे। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। यदि आपका कोई काम लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह भी माता-पिता के आशीर्वाद से पूरा होता दिख रहा है। संतान किसी नए कोर्स में दाखिला लेने के बारे में आपसे विचार कर सकती है। आपको किसी काम को लेकर मनमर्जी चलाने से बचना होगा। आप अपने लक्ष्य पर पूरा ध्यान दें, तभी कोई अच्छा मुकाम हासिल कर सकेंगे।

## उपलब्धि

# सिद्ध होता संकल्प विकसित भारत का अमृत काल - बेमिसाल ग्यारह साल

**रामविचार नेताम**



"विकसित भारत का अमृत काल एक और सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 साल एक।"ये एक और एक मिलकर ग्यारह का इफेक्ट देने वाली पंक्ति बयां करती है, राष्ट्र निर्माण के हमारे सिद्ध होते संकल्पों को! जिसकी परिकल्पना कभी हमारे संस्थापकों ने की थी, जिसे साकार करने में आज हम प्राण-प्रण से जुटे हुए हैं, दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय सफल नेतृत्वकर्ता मोदी जी के सतत एवं निर्भीक नेतृत्व के साथ!

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में तीसरे कार्यकाल का सफल एक वर्ष और विगत ग्यारह वर्षों के नेतृत्व निरंतरता में हमने जो हासिल किया है, उसकी फेहरिस्त लंबी है, परंतु ताजा परिवेश में देखें तो कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि आज का भारत समृद्धिपथगामी, चपल एवं निर्भीक होकर विकास के सोपान तय कर रहा है। अपनी संस्कृति एवं संस्कार को सहेजते हुए दुनिया के समक्ष अपने स्वाभिमान के साथ बने रहना मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा नीत राजग की सरकार ने साबित किया है। आतंकवाद और भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस मोदी जी की सरकार सिर्फ कहती ही नही, इसका शब्दशः पालन भी करती है। स्वतंत्रता के बाद से हिंदुस्तान के लोकतंत्र में निरंतर ग्यारह वर्षों तक विकास के नित्य नए सोपान तय करते हुए भ्रष्टाचार मुक्त सरकार मोदी जी के नेतृत्व वाली हमारी सरकार की बड़ी उपलब्धि है। इस उपलब्धि के साथ आतंकवाद के खिलाफ आज भारत सरकार की घर में घुसकर मारने की नीतियां पूरी दुनिया को अचंभित कर रही है। पाकिस्तान के दुस्साहस का जिस अंदाज में ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत की जांबाज सेना ने जवाब दिया है, वह एक निर्भीक और सक्षम, निर्णय लेने वाली नेतृत्व के तले ही संभव है। ऑपरेशन सिंदूर भारत के सेना के शौर्य की सफलता है। नमन हिंद की सेना को! साथ ही विचार करें कि क्या आज हम आतंकवाद की घटनाओं पर प्रतिक्रिया में 360 डिग्री का परिवर्तन नहीं देख पा रहे हैं? जरूर देख पा रहे हैं, पहले घटनाएं याद रखी जाती थी अब प्रतिक्रिया। यही अंतर है जो स्पष्ट है, आज और बीते कल के नेतृत्व के मध्य! कायराना आतंकवाद की घटनाएं जिससे समूचा विश्व आज पीड़ित है, इस पर काबू पाने के हमारे वर्षों के प्रयास, फिर भी घटनाओं की पुनरावृत्ति। इस सबका जवाब देने का तरीका भारत ने ढूंढ लिया है। मोदी जी के नेतृत्व में हिंद की सेना ने आतंकवाद की मूल को समूचा नष्ट करने का जो कार्य किया है, उसने 130 करोड़ हिंदुस्तानियों को गर्व का अहसास कराया है। ग्यारह वर्ष की उपलब्धियों की लंबी फेहरिस्त एक तरफ परन्तु दूसरी ओर पहलगाम की घटना जिसने हर हिंदुस्तानी की आंखों को नम किया। कायरों ने माता-बहनों के सिंदूर से छेड़खानी करने की हिमाकत तो कर लिया! परंतु शायद स्वप्न में भी नहीं सोचे होंगे की सिंदूर के पीछे छिपी शक्ति जब जाग्रत होगी तो क्या कहर ढायेगी? मोदी जी ने दुनिया को बताया कि अपनी संस्कृति के साथ संस्कारों में रहते हुए हिंदुस्तान की सेना का प्रहार कैसे व्रज बनकर कहर ढा सकता है। 6 मई की रात जब बीती तो अलसुबह पूरी दुनिया ने देखा कि हिंदुस्तान की सरकार सिर्फ कहती ही नहीं कि- छेड़ेंगे नहीं और छेड़े फिर छोड़ेंगे नहीं।

130 करोड़ हिंदुस्तानियों को गर्व की अनुभूति कराने वाले हिंद की सेना और सेना के शौर्य के पीछे नेतृत्व पर का विश्वास, 3 दिनों में वो कर दिखाया, जिससे पूरी दुनिया का भूगोल बदल जाता। आज का वर्तमान हमें सबल नेतृत्व होने का अहसास कराती है जो कड़े फैसले लेती है, और बात यदि मानवता की आए तो लचीला होने में भी हिचक नहीं दिखाती। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने 130 करोड़ भारतीयों के मन में भरोसा जीत पाने में सफलता हासिल की है। हम यूं ही नहीं कहते- विकसित भारत का अमृतकाल! आज की ही उपलब्धि देख ले- विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार 2011 से 2023 के बीच 27 करोड़ लोग हिंदुस्तान में अतिनिर्धनता से मुक्त हुए हैं। वर्षों से हम सुनते आ रहे हैं कि गरीबी हटाओ, परंतु गरीबी हटाने के सही प्रयास जो मोदी जी के नेतृत्व में प्रारंभ हुए उनकी सार्थकता हम आज देख पा रहे हैं। भारत में अत्यधिक गरीबी दर जो 2011-12 में 27 प्रतिशत थी घटकर 2022-23 में 5-3 प्रतिशत रह गई है। यह भारत को गरीबी मुक्त बनाने की दिशा में अहम पड़ाव है। यह संभव हो पाया है, विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी सोच एवं उनके नेतृत्व में चलाई जा रही सरकारी पहल, तेज आर्थिक सुधारो एवं जरूरी सेवाओं तक सबकी पहुंच के चलते! भ्रष्टाचार, आतंकवाद और गरीब व गरीबी पर स्पष्ट सोच व नीति वाली नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार की पूरी दुनिया के समक्ष आर्थिक और कूटनीतिक मोर्चो पर नेतृत्व की नीतियां स्पष्ट है। हमारे प्रधानमंत्री कहते हैं- हम एक अकेले हमले को भी कई हमले की तरह मानते हैं, जब तक आतंकवाद का समूल नाश नहीं हो जाता भारत शांत नहीं बैठेगा!



'नकारात्मक शक्तियों के खिलाफ निर्भीक मुखरता वाली सरकार के मुखिया मोदी जी के नेतृत्व निरंतरता में हमने कोरोना काल में संवेदनशीलता की जहां झलक देखी, वहीं चंद्रयान 2, क्रिकेट विश्व कप में भारत की असफलता-सफलता पर प्रोत्साहन देने वाले उनके श्रेष्ठ, उनके नेतृत्वकर्ता होने का परिचय मिला। 130 करोड़ हिंदुस्तानियों के दिल की आवाज हमारे आराध्य भगवान राम के भव्य मंदिर का आयोध्या में निर्माण, अनुच्छेद 370 का समापन, ट्रिपल तलाक एवं वक्फ कानून जैसे संशोधनों के साक्षी होने का हमें गौरव दिलाने वाले नरेंद्र मोदी जी के सक्षम नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार केंद्र के साथ-साथ अमृत काल की बेला में राज्य की 2.5 करोड़ जनता को भी अमृतपान अहसास कराया है।

छत्तीसगढ़ राज्य में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली हमारी सरकार आज प्रदेश की 2.5 करोड़ जनता की आकांक्षाओं को पूरा कर रही है। विष्णु के सुशासन के तहत हमने प्रदेश की जनता की समस्याओं तक पहुंचकर उनका त्वरित निराकरण का प्रयास किया है। सुशासन तिहार 2025 पारदर्शिता, जवाबदेही और सेवा की भावना से जुड़ी छत्तीसगढ़ सरकार की अनूठी पहल है, जिसके तहत 27 दिनों में 33 जिलों में मुख्यमंत्री और प्रशासन के विभिन्न अंग पहुंचे। प्रदेश की जनता जहां जनहितैषी प्रशासन के नए मॉडल से रूबरू हुई, वहीं आम जीवन में सरकार की जवाबदेही और तत्परता से सकारात्मक बदलाव देखने मिला। अमृतकाल की बातें हम यूं ही नहीं करते, अगर छत्तीसगढ़ के संदर्भ में देखें तो आज मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा नीत एनडीए सरकार के सक्रिय गृह मंत्री अमित शाह जी के साकार होते उस संकल्प की चर्चा आवश्यक है जिसका सर्वाधिक प्रभाव हमारे राज्य छत्तीसगढ़ पर पडऩे वाला है। देश के गृहमंत्री अमित शाह जी के संकल्प 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद का समूल खात्मा, इससे हम चंद कदम ही दूर हैं। छत्तीसगढ़ में माओवादियों के खिलाफ निर्णायक और अंतिम प्रहार चल रहा है। राज्य में माओवाद के खिलाफ संतुलित और सुनियोजित अभियान के साथ सुरक्षा बल एवं राज्य सरकार समन्वित रणनीति के तहत कार्य कर रहा है। बीते दिनों हमने आतंक का पर्याय बने नक्सली संगठन के कमोबेश सभी बड़े नाम तथाकथित कमांडरों की लाशें देखी है। अंतिम सांसें गिन रहे नक्सलवाद की राज्य में वर्तमान दुर्गति वाली हालत संभव हो पाया है- केंद्र और राज्य में मजबूत इच्छा शक्ति वाले नेतृत्व के चलते। प्रदेश के आदिवासियों का शोषण करने वाले नक्सलवाद को जड़ से नष्ट करने के लिए सैन्य कार्रवाई के साथ-साथ विकास कार्यो, स्थानीय आबादी की विश्वास बहाली और आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों के पुनर्वास पर जोर दिया जा रहा है, परिणाम हम सबके समक्ष है, आज हर दिन अखबारों की सुर्खियों में आत्मसमर्पित या मार गिराए गए नक्सलवादियों के समाचार हैं। प्रदेश की जनता वर्षों से झेलते आ रहे इस दंश से मुक्त होने जा रही है। मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार वर्तमान में देशव्यापी कृषि संकल्प अभियान के तहत किसान कल्याण के प्रयासों को अमलीजामा पहना रही है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि 11 वर्षों के दौरान उनकी सरकार के पहल से किसानों की समृद्धि बढ़ी है और कृषि में बदलाव सुनिश्चित हुआ है। छत्तीसगढ़ प्रदेश में भी जनसंख्या का अधिकांश कृषि कार्य में संलग्न है, प्रदेश की पहचान कभी धान के कटोरे की रही है, आज प्रदेश उन्नत और आधुनिक कृषि के हर क्षेत्र में अव्वल है। राज्य के किसान कैश क्रॉप को बढ़ावा दे रहे हैं, खाद्य पदार्थों के साथ-साथ सब्जी, फल-फूल और औषधि पौधों की खेती वृहद पैमाने पर छत्तीसगढ़ के कृषक कर रहे हैं। हमारी सरकार उन्नत और आधुनिक कृषि को बढ़ावा देने हरसंभव प्रयास कर रही है। "अमृतकाल का संकल्प है धान के कटोरे का गौरव, कटोरे भर धान के साथ लौटाना है। विकसित भारत का अमृतकाल 11 साल बेमिसाल उपलब्धियों की फेहरिस्त लंबाइयों की सीमा से रहित है, चहुंओर उपलब्धि दृश्य है।" विकास की महत्वाकांक्षाओं और विनम्रता के अद्भुत संगम वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने कश्मीर से कन्याकुमारी की धारणा को नए रूप में नए सिरे से पुष्ट किया है। दो दिनों पूर्व ही प्रधानमंत्री मोदी जी ने दुनिया के सबसे ऊंचे पुल चिनाब और अंजी ब्रिज का उद्घाटन किया और कटरा-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। दुनिया की सबसे ऊंचे पुल से भारत के सबसे खूबसूरत घाटी कश्मीर तक की पहुंच का मार्ग सुगम किया है। मोदी जी के नेतृत्व वाली हिंदुस्तान की सरकार जम्मू कश्मीर का समग्र विकास करने और अपने इस अभिन्न भूभाग को हरसंभव तरीके से विकास के जरिए राष्ट्र की मुख्य धारा से जोडऩे के लिए प्रतिबद्ध है।

पूरी दुनिया को योग दिवस के माध्यम से योग का संदेश देने वाले और रुबरु मुलाकात पर भगवत गीता की प्रति भेंट करने वाले मोदी जी के नेतृत्व में 11 वर्षों में हमने आजादी के अमृत मंथन को महसूस किया है। कड़े फैसलों पर विपरीत प्रतिक्रिया के विषपान से गुजरने वाली विकास की धारा अमृतपान के साथ दीर्घकालीन अमरता की दिशा में अनवरत बह रही है "विकास की धारा हमें समृद्धि की जहां झलक दिखला रही है, वहीं निर्धनता को दूर करने वाली गरीब कल्याण की योजनाएं आज पारदर्शी व्यवस्थाएं, बेहतर मॉनिटरिंग और सुचारू क्रियान्वयन के चलते सही मायने में बड़ी निर्धन आबादी वाले देश की पहचान को आत्मनिर्भर समृद्धिपथगामी विकसित भारत की पहचान में तब्दील कर रही है।"

**इसलिए कहना लाजिमी है-**

**"विकसित भारत का अमृतकाल सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के ग्यारह साल बेमिसाल..."**

## (विश्व बाल श्रम निषेध दिवस)

लेखक:डॉ. राजाराम त्रिपाठी

# छिने हुए बचपन की राख में क्या तुमने सपनों की चिंगारी देखी है ?



एक बार फिर विश्व बाल श्रम निषेध दिवस आ गया है। कैलेंडर के इस दिन को हम कैंडल मार्च, हैशटैग,सौशल-मीडिया ई क्रान्तिकारी घोषणाएं और ब्रैनस्टार्मिंग विमर्श के उजास से रोशन करते हैं ; और फिर अगली सुबह सब कुछ जस का तस यानी बाल श्रमिक वहीं हैं , चाय की दुकानों पर, ईंट भट्टों में, मैकेनिक शेड के कोनों में, और भीड़भरी ट्रेनों में चाय या पॉलिश की आवाज लगाते हुए।

जब देश का प्रधानमंत्री भी बचपन में श्रमिक रहा हो : हम गर्व से कहते हैं कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने स्वयं अपने बाल्यकाल में रेलवे स्टेशन पर चाय बेचकर जीवन की कठोर पाठशाला में शिक्षा प्राप्त की। यह अनुभव निश्चित ही उन्हें बाल श्रमिकों के दर्द से गहरे जुड़ाव की शक्ति देता है। हमें विश्वास है कि वे इस विषय की संवेदनशीलता को और बेहतर ढंग से समझ सकते हैं , और चाहें तो इसे भारत से जड़मूल से उखाड़ सकते हैं।

परंतु यह भी सच है कि जब बाल श्रमिकों की वास्तविकता सरकार की फाइलों से बाहर झांकती है, तो उन आँखों में 'चाय' नहीं ,भूख, पीड़ा और छिने हुए बचपन की परछाइयाँ नजर आती हैं।

जनजातीय बच्चों के श्रम और सीखने को बाल श्रम न समझें : बस्तर से मिजोरम तक, हमारे आदिवासी अंचलों में बच्चे बचपन से ही जंगल की भाषा, मिट्टी की गंध, मौसम का मिज़ाज और बीजों की पहचान सीखते हैं। गर्मी की छुट्टियों में खेतों में काम कर के वे फीस और यूनिफॉर्म का खर्च खुद निकालते थे । यह 'श्रम आधारित शिक्षा' है — 'शोषण आधारित बाल श्रम' नहीं। यदि कानून की



भाषा जनजातीय जीवन की प्रकृति नहीं समझेगी, तो वह विकास नहीं, विघातक हस्तक्षेप बन जाएगी।"बाल श्रम रोकने के नाम पर अगर आप बाल ज्ञान को मारते हैं, तो आप सिर्फ एक पीढ़ी नहीं बल्कि एक परंपरा को समाप्त कर रहे हैं।"

### आँकड़े बोलते हैं... लेकिन नीति मौन है :

* ILO-UNICEF की रिपोर्ट (2021): भारत में 1 करोड़ से अधिक बाल श्रमिक।
* 2022 में सरकारी रिपोर्ट: केवल 1% से भी कम बच्चे पुनर्वास योजनाओं तक पहुंचे।
* 'बचपन बचाओ आंदोलन', 'प्रथम' और 'सेव द चिल्ड्रन' जैसे संगठन ज़मीनी स्तर पर कुछ कर रहे हैं , लेकिन ये सारे प्रयास रेगिस्तान में प्याले भर जल जैसे हैं।

### 'सुधार गृह' बनते जा रहे हैं अपराध की प्रयोगशालाएं

बाल संरक्षण गृहों की स्थिति कई बार डरावनी होती है। वहाँ सुधार की जगह अपराध की ट्रेनिंग मिलती है। राष्ट्रीय बाल अधिकार आयोग ने पाया कि 35% सुधार गृहों में बच्चों को शारीरिक या मानसिक शोषण झेलना पड़ता है।

### क्या इन स्थानों से बच्चे "सुधर कर" लौटते हैं या "बदलकर"?

भीख मांगते बच्चे और अदृश्य माफिया : हमें उन बच्चों की कहानी भी देखनी चाहिए जो ट्रैफिक सिग्नलों पर भीख मांगते हैं या कचरा बीनते हैं। ये केवल गरीबी नहीं बल्कि एक संगठित आपराधिक गिरोह की कड़ी है, जो बच्चों को अपहरण कर, विकलांग बनाकर, या भय दिखा कर सड़कों पर उतारता है। सरकारी तंत्र, अक्सर इस विषय पर मौन साध लेता है। कोई बच्चा मज़े से मजदूर नहीं बनता। बच्चों को हाथ में खिलौनों के बजाय फावड़ा, किताबों के बजाय कप प्लेट क्यों पकड़ाने पड़ते हैं? क्योंकि पिता बीमार हैं, मां अकेली है, घर में कमाने वाला कोई नहीं है, रसोई में चूल्हा नहीं जलता। अब बच्चा काम नहीं करेगा तो घर में खाना नहीं बनेगा। ऐसे में उसे स्कूल भेजने से पहले रसोई और राशन की गारंटी ज़रूरी है। हमें नहीं भूलना चाहिए कि *"एक भूखा बचपन किताबों से नहीं, रोटियों से शुरू होता है।"/

### संकल्प के लिए समय यही है

विश्व बाल श्रम निषेध दिवस केवल भाषणों का दिन न बने, इसके लिए हमें ज़मीनी बदलाव की ओर कदम बढ़ाने होंगे:

* बाल श्रमिक परिवारों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजना हो।
* शिक्षा और श्रम के बीच सांस्कृतिक रूप से संतुलित नीति बने।
* बाल सुधार गृहों में निगरानी, पारदर्शिता और न्याय प्रणाली हो।
* NGO और ग्राम स्तरीय जागरूकता अभियान को नीति में जगह मिले।

"बच्चे ईश्वर का यह संदेश हैं कि वह अभी मनुष्य से निराश नहीं हुआ''": रवींद्रनाथ ठाकुरतो आइए, इस ईश्वर के संदेश की रक्षा करें। हर बच्चे को वो बचपन मिले जो किताबों, रंगों, खेल और सपनों से सजा हो , न कि मजदूरी, गाली और ग्रीस से। क्योंकि बचपन खोने से केवल एक जीवन नहीं बल्कि एक सभ्यता पीछे लौटती है।

## सेहत

# लो बीपी मरीज को भूलकर भी नहीं पीना चाहिए चुकंदर का जूस

चुकंदर के जूस के तमाम फायदे होने के बाद भी यह हर किसी के लिए सही नहीं माना जाता है। अगर किसी को लो बीपी की समस्या होती है, तो ऐसे व्यक्ति को चुकंदर के जूस का सेवन नहीं करना चाहिए। चुकंदर का रस अपने जबरदस्त फायदों के लिए जाना जाता है। जो लोग खून की कमी से जूझ रहे होते हैं, जैसे जिन लोगों में एनीमिया या ऊर्जा की कमी होती है। वह लोग चुकंदर के जूस का सेवन करते हैं। वहीं चुकंदर का जूस हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने के लिए भी जाना जाता है। हालांकि इस जूस के तमाम फायदे होने के बाद भी यह हर किसी के लिए सही नहीं माना जाता है। अगर किसी को लो बीपी की समस्या होती है, तो ऐसे व्यक्ति को चुकंदर के जूस का सेवन नहीं करना चाहिए। चुकंदर में नाइट्रेट होता है, ऐसे में जब आप चुकंदर का जूस पीते हैं। तो यह बॉडी में नाइट्रिक ऑक्साइड में बदल जाता है। नाइट्रिक ऑक्साइड रक्त वाहिकाओं को आराम देने और चौड़ा करने का काम करता है। जिसके कारण रक्तचाप कम होता है। बता दें कि यह गुण उन लोगों के लिए काम करता है, जिनको हाई बीपी की समस्या है। लेकिन जिनके रक्तचाप का लेवल पहले से ही कम है, उनके लिए चुकदंर का जूस खतरनाक साबित हो सकता है। लो बीपी में यदि चुकंदर का जूस पीते हैं, तो आपका बीपी और भी ज्यादा लो हो सकता है। इससे आपको कमजोरी महसूस हो सकती है। वहीं ब्लड प्रेशर अचानक से लो होने पर मस्तिष्क में ब्लड सर्कुलेशन कम हो सकता है। जिसकी वजह से आपको चक्कर आ सकता है। आप बेहोश हो सकते हैं और बीपी लो होने से आपको चोट लगने का खतरा बढ़ सकता है। इससे कमजोरी और थकान में वृद्धि हो सकती है। तो वहीं कुछ लोगों को मतली या



## सू-दोकू 7

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र076 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

# क्या आलिया भट्ट ने बदल दिया अपना सरनेम?

आलिया भट्ट ने शादी के बाद अपना सरनेम नहीं बदला, लेकिन अब शादी के लगभग 3 साल बाद एक्ट्रेस ने शायद कपूर सरनेम अपना लिया है। एक्ट्रेस के नाम की एक फोटो वायरल हो रही है जिसको लेकर सोशल मीडिया पर काफी चर्चा हो रही है। आलिया भट्ट अपने सरनेम को लेकर काफी चर्चा में हैं। दरअसल, आलिया ने रणबीर कपूर से शादी की, लेकिन इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर अपना सरनेम नहीं बदला जो आम तौर पर कुछ लोग और सेलेब्स करते हैं। लेकिन अब हाल ही में एक फोटो वायरल हो रही है जिसमें आलिया के नाम के आगे कपूर नजर आ रहा है और इससे फैंस यही अनुमान लगा रहे हैं कि क्या आलिया ने ऑफिशियली अपने नाम के आगे कपूर लगा दिया है। दरअसल, कुछ दिनों पहले आलिया कान फिल्म फेस्टिवल में गई थीं और इस दौरान का उनका रेडी होते हुआ का एक वीडियो है जो उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर शेयर किया था। अब इस वीडियो से जो एक क्लिप है वो काफी वायरल हो रहा है। वीडियो में आलिया जहां बैठी हैं वहां उनके रूम में लगे एलसीडी पर आलिया कपूर लिखा हुआ है। बस इससे ही ये बात आ रही है कि आलिया ने अब कपूर सरनेम लगा दिया है। बता दें कि आलिया और रणबीर ने अप्रैल 2022 में शादी की थी। दोनों की मुलाकात फिल्म ब्रह्मास्त्र के सेट पर हुई थी। यहीं दोनों को प्यार हुआ और फिर शादी की। दोनों की बेटी है राहा जिसका जन्म नवंबर 2022 में हुआ था। आलिया की फिल्मों की बात करें तो वह लास्ट जिगरा में नजर आई थीं जो पिछले साल रिलीज हुई थी। अब वह यश राज फिल्म की स्पाई फिल्म अल्फा में नजर आएंगी जिसमें उनके साथ शरवरी वाघ लीड रोल में हैं। इसके अलावा वह संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में भी नजर आएंगी जिसमें ुनके साथ रणबीर कपूर और विकी कौशल भी हैं।



# पीएम मोदी के 11 वर्ष के कार्यकाल ने देश को समृद्ध और खुशहाल बनाया : उसेंडी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 12 जून।** पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ एवं अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी ने आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 11 वर्ष का कार्यकाल अनेक मायनों में ऐतिहासिक रहा है। उनके दूरदर्शिता पूर्ण नेतृत्व में देश ने समावेशी विकास, समृद्धि और खुशहाली के नय दौर में कदम रखा है। मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार का हर दिन अंत्योदय की साधना को समर्पित रहा है। सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना के साथ समाज के सभी वर्ग विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उनके कार्यकाल में देश और दुनिया में भारत का गौरव बढ़ा है। छत्तीसगढ़ ने डबल इंजन की सरकार में चौतरफा विकास के नये आयाम गढ़े हैं। चाहे विकास की बात हो या माओवादी आतंक से निपटने की, केन्द्र सरकार का राज्य सरकार को भरपूर समर्थन और सहयोग मिला है। उसेंडी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार बनते ही किसान भाइयों से की गई मोदी जी की गारंटी भी साकार हुई।बकाया बोनस देने के साथ 3100 रुपए प्रति क्विंटल और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की गई है। पिछले साल छत्तीसगढ़ में रिकार्ड 149 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई। इन 11 सालों में देश में जो बड़ा बदलाव आया है, उससे छत्तीसगढ़ सहित देश के प्रत्येक नागरिक का जीवन स्तर बेहतर हुआ है। पीएम आवास के जरिए गरीब परिवारों के घर का सपना पूरा हुआ। छत्तीसगढ़ में सरकार गठन के दूसरे दिन ही पहली कैबिनेट में 18 लाख पीएम आवास को मंजूरी देकर मोदी जी के वायदे को पूरा किया है। प्रदेश में 26 लाख से अधिक पीएम आवास मंजूर किए जा चुके हैं। इनमें से 15 लाख 38 हजार आवास बन चुके हैं। विक्रम उसेंडी ने कहा कि 5 लाख 62 हजार भूमिहीन किसानों को भी हर साल 10-10 हजार रुपए की राशि हमारी राज्य सरकार दे रही है। किसान भाइयों के खाते में अब तक एक लाख करोड़ रुपए की राशि प्रेषित कर चुके हैं। डेढ़ साल पहले विधानसभा चुनावों में मोदी जी ने महतारी वंदन योजना के रूप में हर महीने एक-एक हजार रुपए माताओं-बहनों को देने की गारंटी दी थी। हमने यह वादा तीसरे महीने ही पूरा कर दिया और करीब 70 लाख माताओं-बहनों को हर महीने यह राशि दे रहे हैं।श्री उसेंडी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार ने मोदीजी की अधिकांश बड़ी गारंटियों को पूरा कर कीर्तिमान स्थापित किया है, निसंदेह इसका श्रेय भी मोदीजी को है, जिनकी गारंटी पर जनता ने भरोसा कर सेवा का अवसर दिया। आंतरिक सुरक्षा की सबसे बड़ी चुनौती माओवादी आतंक के खात्मे का मोदी जी और अमित शाह जी का संकल्प भी सिद्ध हो रहा है। छत्तीसगढ़ में बीते डेढ़ साल में 425 माओवादियों को न्यूट्रलाइज किया गया है। 1388 माओवादी आत्मसमर्पण कर चुके हैं और 1443 को गिरफ्तार किया गया है। नक्सल विरोधी अभियान में हमारे जवानों ने बसवराजू और सुधाकर जैसे बड़े नक्सलियों को न्यूट्रलाइज कर माओवाद की रीढ़ तोड़ दी है। श्री उसेंडी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने भारत मां के वीर सपूत धरती आबा भगवान बिरसामुण्डा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित कर जनजातीय अस्मिता को गौरवान्वित किया है।

## एक नजर

### रक्तदान के लिए कई जगह लोगों को जागरूक किया गया



**जगदलपुर, 12 जून।** कलेक्टर एस.हरीश के निर्देशानुसार एव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय बसाक के मार्गदर्शन मे विश्व रक्तदाता दिवस के थीम पर रक्त दान जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जगदलपुर शहरी क्षेत्र अंतर्गत किया गया। जिला शहरी कार्यक्रम प्रबंधक श्री पी. डी. बस्तिया ने जानकारी देते हुए बताया की सभी यू.पी.एस.सी. एवं यू.आ.आ.एम. के अलावा सुबह पी.जी. कॉलेज ग्राउंड पार्कों,पुलिस ट्रेनिंग सेंटर लालबाग, 5वी बटालियन परपा, एवं होम गार्ड कैम हाटकचोरा, के अलावा सार्वजनिक स्थान जैसे बिनाका मॉल, विशाल मेगा मार्ट, गली मोहल्लों में जागरूक कर रक्त दान करने हेतु प्रेरित कर शपथ लिया गया एवं 115 रक्तदान फार्म भरवाया गया। आगामी 14 जुन को रक्तदान हेतु प्रेरित लोगों को रक्त दान करने हेतु महारानी अस्पताल आने की सलाह दी गई, इस कार्यक्रम में प्रमुख तौर पर शहरी क्षेत्र के समस्त स्टाफ अलावा नरेश मरकाम, सुन्दर मरकाम, वर्षा नामदेव, मनीष खाखा, हेमो बघेल, पीला राम, मोहन कश्यप, कमलवती, तामेश्वरी मरावी, रजनी, मुकेश्वरी, अमित पटेल, शहरी एम.टी. सोनमनी, निलू ठाकुर, के अलावा वार्ड के मितानिन शामिल थे।

### युवा-युवती परिचय सम्मेलन एवं छात्र-छात्रा सम्मान समारोह के लिए बैठक में की चर्चा

**कोंडागांव, 12 जून।** बुधवार को अंदकुरी गांडा समाज के युवा जिलाध्यक्ष विरेंद्र बघेल के द्वारा जिला स्तरीय बैठक जिला मुख्यालय के ब्लॉक फरसगांव के मंडी प्रांगण में आहुत कर बताया गया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी अंदकुरी गांडा समाज समन्वय समिति कोंडागांव के द्वारा युवा युवती परिचय सम्मेलन एवं छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया जाना है, साथ ही साथ जिला मुख्यालय कोंडागांव के सरगीपाल पारा में नवनिर्मित भवन अंदकुरी गांडा समाज समन्वय समिति कोंडागांव का लोकार्पण किया जाना है । उक्त बैठक में समाज के वरिष्ठ प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारी गण, युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारी गण, एवं कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारी तथा महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

### किसान अभूतपूर्व उत्साह और उमंग के साथ मना रहे हैं विकसित कृषि संकल्प अभियान पखवाड़ा

**सुकमा, 12 जून।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 सफ्लतापूर्वक जारी है, जिसके तहत 10 जून, 2025 को ग्राम पंचायत कोर्रे, रोकेल, मूरपाल, बंजामगुड़ा एवं परिया में पंचायत स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दौरान सभी कार्यक्रम स्थलों में ग्रामीण महिला एवं पुरुष कृषकों के साथ-साथ कृषि सखियों ने भाग लेकर कृषि वैज्ञानिकों, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग एवं मत्स्य विभाग के अधिकारियों एवं विशेषज्ञों से खेती की उन्नत तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उपरोक्त सभी कार्यक्रमों को सफ्ल बनाने में विकासखण्ड स्तरीय कृषि से संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों एवं मैदानी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ कृषि मित्रों, सभी प्रगतिशील कृषकों जनप्रतिनिधियों, सभी ग्राम पंचायत सचिवों, सरपंचों एवं पंचों का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है।

### पुसगुन्ना क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान में दो नक्सली न्यूट्रलाइज, मुख्यमंत्री ने दी जवानों को बधाई

**सुकमा, 12 जून।** मुख्यमंत्री साय ने आज सुकमा जिले के कुकानार थाना अंतर्गत पुसगुन्ना क्षेत्र में पुलिस जवान एवं सुकमा डीआरजी की संयुक्त पुलिस टीम के जवानों को नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता मिलने पर बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि सर्चिंग के दौरान हुई मुठभेड़ में दो नक्सलियों को जवानों ने न्यूट्रलाइज किया है, जिनमें 5 लाख रुपए का इनामी पेदारास एलओएस कमांडर बमन भी शामिल है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारे सुरक्षाबल के जवान पूरी ताकत से नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने जवानों की इस बहादुरी और अदम्य साहस की सराहना करते हुए कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ यह सफलता सुरक्षा बलों के अथक प्रयासों का परिणाम है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार नक्सलवाद के खात्मे के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और जवानों को हर संभव मदद एवं सहयोग दिया जाएगा।

### आरपीएफ निरीक्षक की सतर्कता से चलती ट्रेन में चढ़ते समय गिरने वाले यात्री की जान बची

**रायपुर/बिलासपुर, 12 जून।** दिनांक 10 जून 2025 को रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के निरीक्षक समीर खलखो, जो अपराध गुप्तचर शाखा गोंदिया में पदस्थ हैं, सहायक उप निरीक्षक आर. एस. बागड़ेरिया के साथ राजनांदगांव रेलवे स्टेशन में ड्यूटी पर थे। इसी दौरान गाड़ी संख्या 07005 (चेरला पल्ली - रक्सौल एक्सप्रेस) सुबह 11:05 बजे स्टेशन पर पहुंची और निर्धारित ठहराव के उपरांत 11:09 बजे प्रस्थान कर रही थी। तभी एक यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करते समय असंतुलित होकर गिर पड़ा और प्लेटफॉर्म व ट्रेन के मध्य फंस गया।

## देश का संविधान सर्वोच्च, इसकी रक्षा के लिए कांग्रेस हमेशा तत्पर:सुशील मौर्य




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

■ केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकारें संवैधानिक मूल्यों की कर रही अनदेखी

**जगदलपुर, 12 जून।** आज छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर/ग्रामीण के संयुक्त नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के द्वारा सम्भाग मुख्यालय राजीव भवन से संविधान बचाओ यात्रा अभियान के तहत विशाल मशाल रैली रिकाली गई. यह मशाल रैली राजीव भवन से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्ग महारानी अस्पताल चौंक से महावीर चौंक, सिरहसार से लेकर मिताली चौंक होते हुए पुनः राजीव भवन में इस मशाल रैली यात्रा का समापन हुआ। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने बताया कि केंद्र और राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें लगातार संवैधानिक मूल्यों की अनदेखी कर रही हैं। यहां तक कि शासन-प्रशासन भी संविधान के हिसाब से नहीं चल रहा है, भाजपा सरकार आदिवासियों और महिलाओं के अधिकारों का लगातार हनन किया जा रहा है। वही विपक्षी दलों की आवाज को दबाने के लिए भाजपा सरकार केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। इसलिए संविधान की रक्षा के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कांग्रेस पार्टी पूरे प्रदेश के हर जिले और ब्लॉक स्तर पर संविधान बचाओ यात्रा आयोजित कर रही है। इस तारतम्य में आज संविधान विरोधी भाजपा सरकार के खिलाफ बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मशाल रैली निकाली गई।

## विश्व रक्तदाता दिवस:आरोग्य मेलों में लोगों ने ली रक्तदान की शपथ

**रायपुर, 12 जून।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में आयोजित साप्ताहिक आरोग्य मेलों के माध्यम से रक्तदान के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने बुधवार को विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रदेशभर के 3807 आरोग्य मेलों में 46 हज़ार से अधिक नागरिकों ने स्वास्थ्य जांच करायी जिसमे करीब 10 हजार से अधिक नागरिकों ने रक्तदान की शपथ ली तथा यह संकल्प दोहराया कि आवश्यकता पड़ने पर किसी भी जरूरतमंद को समय पर रक्तदान कर जीवन बचाने में योगदान देंगे। इस वर्ष की थीम के अंतर्गत सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में रक्तदान पंजीकरण, शपथ समारोह, जागरूकता रैलियाँ एवं रक्तदाता सम्मान जैसे आयोजन संपन्न हुए। ग्राम पंचायतों में सरपंचों के मार्गदर्शन में भी उत्साहपूर्वक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिससे यह जनसहभागिता गाँव-गाँव तक पहुँची।



## युक्तियुक्तकरण का असर

## कोंडागांव जिले में अब एक भी स्कूल शिक्षकविहीन नहीं

■ 10 पूर्णतः शिक्षकविहीन विद्यालयों को भी मिले शिक्षक

■ 244 एकल शिक्षकीय प्राथमिक शालाओं सहित हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों में भी हुई शिक्षक नियुक्ति, शिक्षा की गुणवत्ता में आएगा सुधार

**कोंडागांव, 12 जून।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए लागू की गई युक्तियुक्तकरण÷ नीति के सकारात्मक नतीजे अब धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखने लगे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर संचालित इस प्रक्रिया के तहत कोंडागांव जिले के सभी शिक्षकविहीन और एकल शिक्षकीय विद्यालयों को आवश्यकतानुसार शिक्षक मिल चुके हैं। इससे जिले में शिक्षा का नया उजाला फैला है और विद्यार्थियों का भविष्य अब अधिक सुरक्षित हुआ है। इस पहल के तहत जिले के 10 पूरी तरह शिक्षकविहीन प्राथमिक विद्यालयों को शिक्षक उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही 244 एकल शिक्षकीय प्राथमिक शालाएं, दो पूर्व माध्यमिक विद्यालय, दो हाई स्कूल और एक हायर सेकेंडरी स्कूल में भी शिक्षकों की पदस्थापना कर दी गई है। अब जिले में एक भी विद्यालय ऐसा नहीं बचा है जहां शिक्षक न हो। माकड़ी विकासखण्ड के प्राथमिक शाला करमरी, डोंगरीपारा क्षमतापुर और नेवरा, बड़ेराजपुर विकासखण्ड के रावसवाही, कोण्डागांव विकासखण्ड के कोरमेल, बाखरा, ज्ञान ज्योति नयापारा छोटेबंजोड़ा, एहरा और खुटडोबरा जैसे प्राथमिक विद्यालय वर्षों से शिक्षकविहीन थे।

इन स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति से अब बच्चों की पढ़ाई सुचारु रूप से शुरू हो सकेगी। फरसगांव विकासखण्ड के उच्च प्राथमिक शाला भैंसाबोड़, माध्यमिक शाला बाजारपारा फरसगांव, कोण्डागांव विकासखण्ड के हाई स्कूल डोंगरीगुड़ा और हाई स्कूल नवागांव, माकड़ी विकासखण्ड के हाई स्कूल एरला जैसे अनेक स्कूलों में भी अतिरिक्त शिक्षकों की नियुक्ति हुई है। कुल मिलाकर 244 एकल शिक्षकीय प्राथमिक शालाओं में भी अब संतुलित शिक्षक संख्या उपलब्ध हो चुकी है।

युक्तियुक्तकरण के इस व्यापक और सुनियोजित प्रयास से जिले की शिक्षा व्यवस्था को मजबूती मिली है। शिक्षकों की उपलब्धता से जहां बच्चों की पढ़ाई में निरंतरता आएगी, वहीं शैक्षणिक गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिलेगा।

## द्रोणिका और चक्रिय चक्रवात के कारण होगी 14 से वर्षा

**रायपुर, 12 जून।** मौसम विभाग के अनुसार एक चक्रवात निर्मित होने के कारण मानसून की परिस्थितियां अनुकूल हो गई है। राजधानी सहित अनेक जिलों में आज हल्की वर्षा होने की संभावना है। 14 जून से मानसून का विस्तार होगा। मौसम विभाग के वैज्ञानिक चंद्रा के अनुसार दक्षिण पश्चिम मानसून को आगे बढ़ने के लिए 14 जून से अनुकूल परिस्थितियां बनने की संभावना है। उन्होंने बताया कि फिलहाल कोई पश्चिमी विक्षोभ का असर नहीं है एक द्रोणिका छग के ऊपर से जाएगी जिसके कारण आज मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी-उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश तट के ऊपर 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका उत्तर पूर्व राजस्थान से मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ होते हुए पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण पूर्व उत्तर प्रदेश के ऊपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक स्थित है। एक नया पश्चिमी विक्षोभ 58 डिग्री पूर्व और 30 डिग्री उत्तर में स्थित है।

## धमतरी में एक भी स्कूल शिक्षकविहीन नहीं सभी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने मिले टीचर

■ अब फैलेगा ज्ञान का उजियारा, 111 स्कूलों को गणित-विज्ञान के शिक्षक मिले


**रायपुर, 12 जून।** धमतरी जिले में स्कूलों और शिक्षकों के युतियुक्तकरण से सबसे ज्यादा फ़ायदा एक शिक्षक वाले स्कूलों को हुआ है। ऐसे 170 स्कूलों में से 133 स्कूलों को अतिरिक्त शिक्षक मिल गए है। दूरस्थ अंचलों में शिक्षक विहीन और एकल शिक्षकीय शाला होने से बच्चों की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ रहा था, जो अब शिक्षकों के पदस्थापना से दूर होने जा रहा है। धमतरी जिले में युक्तियुक्तकरण के बाद शिक्षकों की पदस्थापना से बिना टीचर वाले तीन प्राथमिक और चार मिडिल स्कूलों में भी शिक्षकों की पदस्थापना हो गई है। इसके साथ ही 111 हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों को गणित तथा विज्ञान विषयों के टीचर भी मिल गए है, इससे इन शालाओं में शैक्षणिक वातावरण बेहतर होगा। राज्य शासन के दिशा-निर्देश में जिले में अतिशेष शिक्षकों के काउंसलिंग की प्रक्रिया पूर्ण होने पश्चात जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में मौजूद शिक्षक विहीन और एकल शिक्षकीय विद्यालयों को अब न केवल नए शिक्षक मिले हैं, बल्कि विद्यार्थियों के लिए गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा भी सुनिश्चित हुई है। जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र के बच्चों को टीचर्स की कमी के कारण पढ़ाई में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। शिक्षक नहीं होने से बच्चों का भविष्य अधर में था। लेकिन आज युक्तियुक्तकरण के माध्यम से शालाओं को शिक्षक मिलने से बच्चों के भविष्य के लिए आशा की एक नई किरण दिखने लगी है।

## शराब दुकान का प्रस्ताव कांग्रेस की देन: महापौर पांडे

■ कांग्रेस की दोहरी नीति उजागर, जिसने शराब का बीज बोया, वही आज अफ़वाह फैला रही है

■ जनभावनाओं का होगा सम्मान जिला प्रशासन के साथ समाज एवं संगठनों की बैठक से ही होगा कोई भी निर्णय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 12 जून।** शहर के कोतवाली थाना के ठीक सामने स्थित व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स में प्रस्तावित शराब दुकान को लेकर नगर निगम महापौर संजय पाण्डे ने स्पष्ट किया है कि यह मात्र कांग्रेस द्वारा प्रायोजित भ्रम और अफ़वाह मात्र है ।नगर निगम जनता की भावनाओं का पूर्ण सम्मान करता है और ऐसी किसी भी योजना को समर्थन नहीं देगा जो रिहायशी एवं धार्मिक स्थलों के समीप सामाजिक वातावरण को प्रभावित करे।

महापौर संजय पाण्डे ने कहा कि नगर निगम में शराब दुकान से संबंधित कोई प्रस्ताव सम्मिलित नहीं किया गया है, यह पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की उपज है । जनता की आपत्ति और धार्मिक, सामाजिक भावनाओं का हम पूरा सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा केवल धार्मिक आस्था और कानून व्यवस्था से जुड़ा ही नहीं है, बल्कि महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं की सुरक्षा और क्षेत्र की सामाजिक संरचना से भी गहराई से जुड़ा हुआ है । महापौर पाण्डे ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि कांग्रेस ने अफ़वाह फैला कर जिस स्थल को प्रस्तावित स्थल बताया है , वहाँ से केवल 100 से 150 मीटर के दायरे में श्री जैन श्वेताम्बर मंदिर, श्री शंकर मंदिर, पुलिस कॉलोनी, एसबीआई बैंक, पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं अन्य शासकीय कार्यालय स्थित हैं। ऐसे में किसी भी सूरत में यह स्थान शराब दुकान के संचालन हेतु उपयुक्त नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा कि नियमानुसार भी किसी भी शराब दुकान को धार्मिक व रिहायशी स्थलों से उचित दूरी पर होना चाहिए। महापौर संजय पाण्डे ने इस पूरे प्रकरण को लेकर कांग्रेस पार्टी की कथनी और करनी पर तीखा हमला बोला और कहा कि ÷आज जो कांग्रेस शराब दुकान के खिलाफ ज्ञापन देने और विरोध करने का ढोंग कर रही है, वह केवल जनता को गुमराह करने का एक राजनीतिक हथकंडा है। सच्चाई यह है कि कोतवाली थाना के सामने जिस स्थान पर शराब दुकान खोले जाने का प्रस्ताव आया, वह मूलतः पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की उपज है। उसी सरकार के दौरान आबकारी मंत्री रहे कवासी लखमा स्वयं नगर निगम आए थे, और इसी स्थल पर शराब दुकान खोलने का प्रस्ताव लेकर आए थे। उस समय मैंने विपक्ष का नेता रहते हुए भाजपा पार्षदों के साथ मिलकर सड़क पर उतरकर विरोध किया, धरना-प्रदर्शन भी किया। लेकिन तब कांग्रेस के किसी भी नेता या जनप्रतिनिधि ने जनता की भावनाओं की चिंता नहीं की, न ही कोई विरोध किया। आज जब प्रशासन द्वारा प्रस्ताव को अमल में लाने की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है, तब कांग्रेस अचानक से जनता के साथ खड़े होने का दिखावा कर रही है। यह अवसरवादिता की पराकाष्ठा है।

## समाचार संक्षेप

### सरकार नहीं चाहती ग्रामीण इलाकों के बच्चों का भविष्य बने: गणेश दुर्गा



**दंतेवाड़ा, 12 जून।** छू लो आसमान कोचिंग संस्था में कक्षा 9वीं में फिर से प्रवेश प्रारंभ करने युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गणेश दुर्गा के नेतृत्व में युवा कांग्रेसियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जानकारी देते हुए गणेश ने बताया कि इस वर्ष से कक्षा 9वीं को बंद किया जा रहा है वही अगले वर्ष दसवीं कक्षा बंद करने की योजना बनाई जा रही है। जेईई एवं नीट परीक्षा के लिए कक्षा 9वीं से अध्यापन शुरू होता है जो इस संस्था से संभव हो पाया है। गणेश ने बताया कि छू लो आसमान संस्था लगातार कई वर्षों से उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम दे रहा है। आर्थिक समस्या से जूझ रहे ग्रामीण बच्चों के लिए छू लो आसमान संस्था मिल का पत्थर साबित हुआ है। इस संस्था में कक्षा 9वीं के प्रवेश बंद होने से ग्रामीण इलाकों के विद्यार्थियों का भविष्य अंधकार में चला जाएगा। सरकार इन दो सालों में सिर्फ अपने फायदे के लिए काम कर रही है। जिलाध्यक्ष दुर्गा ने कहा कि वहीं कई सालों से अथिति शिक्षक के रूप में सेवा दे रहे शिक्षकों अंकों के अभाव में हटाया जा रह है, जो गलत है। युवा कांग्रेस विद्यार्थियों व शिक्षकों के साथ हो रहे इस गलत व्यव्हार को बर्दाश्त नहीं करेगा, ज़रूरत पड़ी तो जल्द ही शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर जिले की वस्तुस्थिति से उन्हें अवगत कराया जाएगा। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री विमल सलाम, अजय मरकाम, अनिल गावडे ,आकाश विश्वाश, भोलू यादव ,इंद्र गावडे,आयुष यादव ,उमेश राणा, पिंटू चोवार्य ,सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।

■ छू लो आसमान में कक्षा 9वीं में प्रवेश बंद को लेकर युवा कांग्रेस मुखर

### सांसद भोजराज नाग का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**दंतेवाड़ा, 12 जून।** कांकेर लोकसभा क्षेत्र के यशस्वी सांसद भोजराज नाग देर शाम दंतेवाड़ा पहुंचे 7 बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी की पावन धरा दंतेवाड़ा नगर आगमन पर सांसद भोजराज नाग का विधायक चैतराम अटामी, जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुडामि एवं भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधियों ने आत्मीय स्वागत किया 7 सांसद भोजराज नाग भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व स्थानीय जनप्रतिनिधियों से रूबरू हुए 7 सांसद भोजराज नाग ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ माँ दंतेश्वरी के दरबार पहुंच देवी दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की एवं आशीर्वाद प्राप्त किया 7 इस दौरान जिला महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप, जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा,मंडल अध्यक्ष जय भंसाली,मनीष सुराना, नगर पालिका अध्यक्ष दंतेवाड़ा पायल गुप्ता,नगर पालिका उपाध्यक्ष दंतेवाड़ा कैलाश गुप्त,भाजपा मीडिया प्रभारी राहुल असरानी,गौतम भाठी एवं पदाधिकारी,कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए।

### पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की



**सुकमा, 12 जून।** पुलिस अधीक्षक श्री किरण चव्हाण (ढ्ढक्क्र) के निर्देश पर जिले में संदिग्ध एवं अप्रवासी व्यक्तियों की चेकिंग के लिए अभियान चलाया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा और एसडीओपी श्री परमेश्वर तिलकवार के नेतृत्व में थाना सुकमा की टीम ने निरीक्षक शिवानंद तिवारी के साथ मिलकर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान, दूसरे राज्यों से आए 11 संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जो बिना सूचना के थाना क्षेत्र में घूम रहे थे और पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहे थे। गिरफ्तार व्यक्तियों में बिहार और झारखंड के निवासी शामिल हैं। इन सभी के विरुद्ध थाना सुकमा में पृथक-पृथक इस्तगासे तैयार कर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई और उन्हें कार्यपालिका मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

### सेन समाज ने संत कबीर दास की जयंती हर्षोल्लास से मनाई



**रायपुर, 12 जून।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में सिविल लाइन के पास साहेब संत शिरोमणी कबीर दास जी की चौक मे ,आज उनकी जयंती को सेन समाज के पदाधिकारी ने पूजा ,अर्चना कर , हर्सोउल्लष के साथ मनाई गई, तथा उनके बताए हुए सत मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। उक्त कार्यक्रम में रायपुर जिला के अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर के साथ, अतिथि के रूप में युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव श्री अनिल सेन, कर्मचारी प्रकोष्ट के जिला अध्यक्ष श्री सुशील कौशिक ,मानिकपुरी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ कृष्णा दास, श्रीमती इंद्राणी ठाकुर ,श्री राधे श्याम श्रीवास ,नारायण प्रसाद सेन ,राजु श्रीवास,श्री ईश्वर लाल सेन ,राज श्रीवास,द्वारका प्रसाद श्रीवास,रमेश दाउलाल श्रीवास, श्रीमती श्यामा सेन श्रीमती लता शांता श्रीवास, रवि सतीष श्रीवास ,कमलेश श्रीवास, शत्रुघ्न श्रीवास, अनिल ठाकुर ,नोहर लाल सेन, श्रीमती मथुरा सेन ,आदि अन्य सभी ने उनके चल चित्र पर श्रीफल एवं पुष्प माला से ,तथा दीप प्रज्वलित कर उनके जयकारे के साथ संत साहेब कबीर दास की जयंती को हर्षोलास के साथ मनाया गया, उक्त कार्यक्रम में मानिकपुरी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष डां कृष्णा दास ने नशा मुक्त समाज बनाने की अपील की गई,, जिसमें आजकल के युवा वर्ग पूर्णता नशे के गिरफ्त में जा रहे हैं ,एवं उनका भविष्य अंधकार मय हो रहा है, तथा प्रदेश के युवा सचिव श्री अनिल सेन ने बेटियों के साथ साथ बेटों को भी उच्च शिक्षित करने की सभी से अपील की गई। साथ-साथ श्री सुशील कौशिक ने वर्तमान को स्थिति को देखते हुए जल बचाओ एवं अधिक से अधिक पौधारोपण करने का सभी से अपील की, उक्त जानकारी रायपुर जिला के अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर ने दी।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में गौठानों का संचालन शुरू करने सरकार से करेंगे चर्चा : विनायक जोशी

**रायपुर, 12 जून।** भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव संजय विनायक जोशी छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं. वे बलौदाबाजार में आयोजित समृद्ध भारत सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे हैं. इस दौरान जोशी ने मीडिया से चर्चा करते हुए अपने कार्यक्रमों की जानकारी साझा की. उन्होंने हाल ही सरकार ने गौशालाओं का नाम गौधाम करने का फैसला लिया है, जिसकी उन्होंने सराहना की. वहीं पूर्वर्ती कांग्रेस सरकार में शुरू की गई गौठानों के संचालन करने कांग्रेस की मांग पर उन्होंने सरकार से चर्चा करने की बात कही।

### दंतैल हाथी के घर तोड़कर अनाज खा लेने से ग्रामीणों में दहशत

**सरगुजा, 12 जून।** हाथियों के समूह से बिछड़े दंतैल हाथी का उत्पात जारी है मैनपाट के कंडराजा नदाइडाड में दंतैल ने घर को तोड़कर अंदर रखे हुए अनाज को सफाचट कर दिया। हाथी की वजह से दहशतजदा लोग अपने घरों में रहने से डर रहे हैं. इसके साथ लगातार हाथियों के मूवमेंट से वन विभाग की कार्य प्रणाली पर भी सवाल उठा रहे हैं. हकीकत यह है कि सरगुजा जिले में वन विभाग हाथियों को रोकने में नाकाम साबित हो रहा है।

### 30 जून तक प्रॉपर्टी टैक्स भरने वालों को मिलेगी सवा छह फीसदी की छूट

**रायपुर,12 जून।** नगर निगम के राजस्व विभाग ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। यदि नागरिक अपने सम्पत्ति कर का भुगतान 30 जून तक करते हैं, तो उन्हें 6.25 प्रतिशत की छूट मिलेगी। यह छूट वित्त वर्ष 2025-26 के सम्पत्ति कर भुगतान पर लागू होगी। निगम ने सम्पत्ति कर भुगतान के लिए कई तरीके प्रदान किए हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार ऑनलाइन भुगतान, व्हाट्सएप्प, वेबसाइट की चैटबॉट के अलावा क्यूआरकोड से भी भुगतान किया जा सकता है। सम्पत्ति कर भुगतान के बारे में अधिक जानकारी के लिए संबंधित जोन कार्यालय के राजस्व विभाग से संपर्क किया जा सकता है।नगर निगम ने सभी सम्पत्ति करदाता नागरिकों से अपील की है कि वे अपने देय सम्पत्ति कर का पूर्ण भुगतान 30 जून 2025 तक करें और 6.25 प्रतिशत की अधिकतम छूट का लाभ पाये। करदाता नगर निगम की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### अतिक्रमण हटाने पहुंचे वनकर्मियों पर ग्रामीणों ने किया हमला, घंटों तक बनाए रखा बंधक

**गरियाबंद, 12 जून।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां अतिक्रमण हटाने पहुंचे वन कर्मियों पर ग्रामीणों ने जान लेवा हमला किया है। इतना ही नहीं ग्रामीणों ने वन कर्मियों को घंटो तक बंधक बनाए रखा। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने अभी वन कर्मियों को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़वाया।

### लाखों रुपए का गबन करने वाली तत्कालीन सरपंच गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा, 12 जून।** छत्तीसगढ़ के



जांजगीर जिले की अकलतरा पुलिस ने कोटमीसोनार गांव की तत्कालीन सरपंच रामिन बाई नेताम को 25 लाख गबन के मामले में गिरफ्तार किया है और उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। एक दिन पहले इसी मामले में तत्कालीन पंचायत सचिव इलाही मोहम्मद कुरैशी को पुलिस ने गिरफ्तार किया था और उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था।

### पंजीकृत श्रमिकों को एक्सग्रेशिया भुगतान आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून तक बढ़ी

**महासमुंद, 12 जून।** भारत सरकार, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा ई-श्रम पोर्टल में पंजीकृत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए दुर्घटना के कारण मृत्यु या दिव्यांगता की स्थिति में एक्सग्रेशिया भुगतान योजना लागू की गई है। इस योजना के अंतर्गत पात्र श्रमिकों एवं उनके आश्रितों को 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।श्रम पदाधिकारी श्री डी.एन. पात्र ने बताया कि इस योजना के तहत आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को वृद्धि करते हुए अब 30 जून 2025 तक कर दिया गया है। इसके तहत दुर्घटना से मृत्यु होने पर एवं पूर्ण दिव्यांगता (दोनों आंख, दोनों हाथ या दोनों पैर की अक्षमता) की स्थिति में 2 लाख रुपए सहायता राशि प्रदान की जाएगी। जिन पंजीकृत श्रमिकों की दुर्घटना से मृत्यु/दिव्यांगता की घटना 31 मार्च 2022 के पूर्व हुई हो वही एक्सग्रेशिया भुगतान के तहत पात्र होंगे। साथ ही श्रमिक ईपीएफओ/ईएसआईसी के सक्रिय सदस्य नहीं होना चाहिए एवं आयकर दाता न होआवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज मृत्यु की स्थिति में आधार नंबर, यूएएन नंबर (यदि उपलब्ध हो), मृत्यु प्रमाण पत्र, मृत्यु का कारण संबंधित मेडिकल प्रमाण पत्र, एफआईआर की प्रति (यदि लागू हो) व पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा दिव्यांगता की स्थिति में आधार नंबर, यूएएन नंबर प्रमाण पत्र एवं स्थायी दिव्यांगता प्रमाण पत्र शामिल है।

### राष्ट्रीय समुद्रपारीय छात्रवृत्ति योजना के लिए 30 जून तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**दंतेवाड़ा,12 जून ।** आदिवासी विकास शाखा से जारी विज्ञप्ति अनुसार जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार चयन वर्ष 2025-26 के लिए अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों से राष्ट्रीय समुद्रपारीय छात्रवृत्ति योजना (एनओएस) के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। इस योजना में विदेश में मास्टर स्तर, पीएचडी और पोस्ट-डॉक्टोरल अनुसंधान कार्यक्रमों में उच्च अध्ययन करने के लिए चुने गए छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इस संबंध में इच्छुक उम्मीदवार एनओएस पोर्टल https://overseas.tribal.gov.in/ के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून 2025 (शाम 5.30 बजे तक) खुला रहेगा।

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव अचानक पहुंचे उच्च न्यायालय

**बिलासपुर,12 जून।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री सह विधि और विधायी कार्य मंत्री श्री अरुण साव ने आज बिलासपुर स्थित छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय परिसर का औचक दौरा किया , उच्च न्यायालय में अपने वकालत के दिनों के पुराने अधिवक्ता साथियों से स्नेहिल मुलाकात की। श्री साव ने कहा कि, लंबे समय बाद अधिवक्ता साथियों से मिलना एक भावनात्मक क्षण रहा, जिसमें पुराने दिनों की यादें एक बार फिर ताजा हो गई। इस अवसर पर महाधिवक्ता कार्यालय कक्ष में एडिशनल एडवोकेट जनरल सहित उच्च न्यायालय के अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ विधिक विषयों और न्यायिक



प्रक्रिया से जुड़े विविध पहलुओं पर सार्थक चर्चा हुई। इस दौरान सबका हाल चाल लिया, पुराने दिनों को याद कर मस्ती में दिखे उप मुख्यमंत्री उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि, बिलासपुर उच्च न्यायालय में उप महाधिवक्ता के दायित्व का निर्वहन किया और इसके बाद राजनीति के माध्यम से आम जन का प्रत्यक्ष तौर पर सेवा करने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि, बहुत दिनों बाद उच्च न्यायालय परिसर का भ्रमण किया और वरिष्ठ अधिवक्ता साथियों से भेंट की। इस दौरान केंद्र सरकार के नए कानून एवं जनहित में उसके संवेदनशील क्रियान्वयन को लेकर उपयोगी सुझावों का आदान-प्रदान भी हुआ।

# सरकारी स्कूलों को मिले शिक्षक,अब लगेगी क्लास और होगी बच्चों की पढ़ाई

**रायपुर, 12 जून।** युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के सार्थक परिणाम सामने आए हैं। राज्य की कुल 453 शिक्षक विहीन शालाओं में से 447 स्कूलों में शिक्षकों की तैनाती कर दी गई है। 16 जून से शुरू हो रहे नए शिक्षा सत्र से इन स्कूलों में घंटी बजेगी, क्लास लगेगी और बच्चों के पढ़ाई के स्वर गुंजेंगे।शिक्षक विहीन स्कूलों में शिक्षकों की पदस्थापना से एक नई उम्मीद जगी है। बच्चों के बेहतर भविष्य की उम्मीद फिर से पालक संजोने लगे हैं। युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत शिक्षक विहीन 357 प्राथमिक शालाओं, 30 माध्यमिक शालाओं में नियमित शिक्षकों की पदस्थापना कर दी गई है। सुकमा जिले के चार और बीजापुर जिले के दो हाई स्कूलों को छोड़ भी दें, तो राज्य में प्राथमिक शाला से लेकर हायर सेकेंडरी स्कूल तक अब शिक्षक विहीन नहीं है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि राज्य के कई स्कूल शिक्षक विहीन स्थिति में थे विशेष रूप से सुदूर अंचलों के। इसलिए हमनें युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता से लागू किया है। शत-प्रतिशत शालाओं में शिक्षकों की पदस्थापना इस प्रक्रिया की सफलता का प्रमाण है। यह हमारे बच्चों के भविष्य को संवारने की दिशा में किया गया सफल प्रयास है।बता दें कि राज्य में 5672 प्राथमिक स्कूल एकल शिक्षकीय थे, इनमें से युक्तियुक्तकरण के बाद 4465 स्कूलों में दो अथवा दो से अधिक शिक्षकों की तैनाती पूरी कर ली गई है। मात्र 1207 प्राथमिक शालाएं एकल शिक्षकीय रह गई हैं। इसी तरह 211 एकल शिक्षकीय पूर्व माध्यमिक शालाओं में से 204 शालाओं दो अथवा दो अधिक शिक्षकों की तैनाती की गई है, अब मात्र 7 माध्यमिक शालाएं ही एकल शिक्षकीय रह गई हैं।

49 एकल शिक्षकीय हाई स्कूलों में से 48 हाई स्कूलों में पर्याप्त संख्या में शिक्षकों की पदस्थापना पूरी कर ली गई है। आज की स्थिति में मात्र एक हाई स्कूल एकल शिक्षकीय बचा है।

# नियद नेल्लानार योजनान्तर्गत मुदवेंडी में पहुंची बिजली

**बीजापुर 12 जून ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के दृढ़ इच्छा शक्ति और विकास के परिकल्पना बीजापुर में साकार होते नजर आ रहे हैं। वर्षो से माओवाद का दंश झेल रहे गांव अब सुशासन के सूर्योदय से प्रकाशित हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नियद नेल्लानार योजना के तहत तीव्र गति से विकास हो रहा है। सड़क, बिजली, पानी सहित विभिन्न बुनियादि सुविधाएं एवं अद्योसंरचना से सुरक्षा और विश्वास के साथ हो रहे विकास से ग्रामीणों के चेहरे पर मुस्कान दिखाई देने लगा है। ऐसे ही एक गांव मुदवेंडी जो जिला मुख्यालय से 35-40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। जहां कुल 45 परिवार निवास करते हैं, वहां सड़क, शुद्ध पेयजल के बाद अब बिजली पहुंच चुकी है।माओवाद के दहशत और घनघोर अंधेरे को नियद नेल्लानार और विष्णु के सुशासन से नया सवेरा मिला। बच्चे अब निश्चित होकर स्कूल जा रहे हैं। उनके पढ़ाई-लिखाई सहित ग्रामीणों के दैनिक जीवन में परिवर्तन आ गया है। बिजली के आने से अब अंधेरा मिटा है वहीं रात्रि में भी घरेलू



कार्य करने में सुविधा हो रही है।ग्रामीण श्री हुंरा कुंजाम बताते है कि गांव में वर्षो बाद बिजली पहुंची है जिससे ग्रामीणों को बहुत सुविधा हुई नियद नेल्लानार योजना के तहत गांव में वर्षो से बंद स्कूल का पुनः संचालन हो रहा है जिससे एक पीढ़ी के बाद गांव के बच्चे मुदवेंडी गांव में स्कूल में पढ़ रहे हैं। बिजली, पहुंचने से रात को अब बच्चे आसानी से पढ़ सकते हैं। वहीं रात के अंधेरे में अब सांप, बिच्छू एवं जंगली जानवरों का भय कम हुआ है। इस पहल के लिए हूरा कुंजाम ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया।इसी तरह लखमा कुंजाम ने बिजली पहुंचने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बिजली आने से अब गांव में खुशी का माहौल है।

### नवोदय विद्यालय के कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए 29 जुलाई तक कर सकते हैं आवेदन

**बीजापुर 12 जून।** जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश परीक्षा 13 दिसंबर को होगी। इसके बाद नतीजे जारी किए जाएंगे। नतीजों के आधार पर ही बच्चों का चयन कर उन्हें अगले सत्र के लिए प्रवेश दिया जाएगा। इस साल छठवीं में प्रवेश के लिए 29 जुलाई तक फॉर्म भरे जाएंगे।

## जिले के 78 पुनः संचालित स्कूलों में भी नियमित एवं प्रशिक्षित शिक्षकों की तैनाती से शिक्षा की गुणवत्ता में आएगा सुधार

**बीजापुर 12 जून ।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया से काउंसलिंग पश्चात 78 शिक्षक विहीन स्कूलों में पदस्थापना कर शिक्षकों की पूर्ति की गई है। जिले में इस पदस्थापना के बाद कोई भी स्कूल शिक्षक विहीन नहीं हैं। इसी तरह एक हाईस्कूल जहां व्याख्याता के सभी पद रिक्त थे वहां हिन्दी एवं सामाजिक अध्ययन के व्याख्याताओं की पूर्ति की गई है।

जिला शिक्षा कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार जिले में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर और समावेशी बनाने के लिए शालाओं और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुरूप किया गया। जिले में 198 शिक्षक अतिशेष पाये गए जिनमें सहायक शिक्षक 104, प्रधान अध्यापक प्राथमिक शाला 13, शिक्षक 45, प्रधान अध्यापक माध्यमिक शाला 31 और व्याख्याता के 5 पद शामिल हैं। इन अतिशेष शिक्षकों मे से 189 शिक्षकों की पस्थापना शिक्षक विहीन एकल शिक्षकीय एवं आवश्यकता वाले संस्थाओं में कांउसलिंग के उपरांत की गई।नई पदस्थापना आदेश के तहत 82 शिक्षकों को शिक्षक विहीन शालाओं में 44 शिक्षकों को एकल शिक्षकीय शालाओं में और 63 शिक्षको को सामान्य संस्थाओं में पदस्थापना किया गया।युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के बाद जिले में अब भी सहायक शिक्षक के 336, प्रधानअध्यापक प्राथमिक शाला के 76, शिक्षक के 15 और व्याख्याता के 138 कुल 565 पद रिक्त रहेंगे।दो दशकों से बंद पड़े स्कूलों के पुनः संचालन पश्चात 76 स्कूलों को पहली बार नियमित शिक्षक युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के पश्चात मिल पाये।

## अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस पर गोटाईगुड़ा में कई स्पर्धाओं का आयोजन किया गया



**बीजापुर 12 जून ।** बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेलों के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए अन्तर्राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग बीजापुर के नेतृत्व व परियोजना अधिकारी भोपालपट्टनम ,यूनिसेफ और विक्रमशिला एजुकेशन रिसोर्स सोसाइटी के मार्गदर्शन में जिले के भोपालपट्टनम ब्लाक के ग्राम पंचायत गोटाईगुडा में 11 जून 2025 को पालकों व बच्चों के साथ ग्राम स्तरीय विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। इसी के तहत जिला बीजापुर के ब्लाक भोपालपट्टनम के ग्राम पंचायत गोटाईगुडा में सरपंच श्रीमती अनीता गोटा और विक्रमशिला एजुकेशन रिसोर्स सोसाइटी के जिला समन्वयक जगत मलहोत्रा की उपस्थिति में विभिन्न प्रकार के खेल जैसे फुगडी, बोरा दौड़, मेढ़क दौड़, चमच्च दौड़, रस्सा खिंच, कुर्सी दौड़ आदि खेलों का आयोजन किया गया बच्चों के समग्र विकास में खेलों की भूमिका पर चर्चा के दौरान पालकों ने कहा कि अब हम प्रतिदिन बच्चों के साथ खेलेंगे जिससे उनके समग्र विकास में मदद मिलेगी ।इस अवसर पर के सरपंच महोदया श्रीमती अनीता गोटा ने भविष्य में भी बच्चों और पालकों के साथ इस प्रकार से खेल अयोजित करने की बात कही, जिससे बच्चों और पालकों के बीच भावनात्मक बंधन को मजबूत होगा। इस अवसर पर पर्यवेक्षक, कार्यकर्ता एवम् सहायिका उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग दिया। इस कार्यक्रम में बच्चों के पालकों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## कांग्रेस सरकार ने बिजली कंपनी की दुर्दशा की और उत्पादन भी नहीं बढ़ाया:अरुण साव

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आज रायपुर निवास कार्यालय में कहा कि, पिछली कांग्रेस सरकार ने पांच साल राज्य में बिजली की अव्यवस्था की है। उन्होंने ना बिजली उत्पादन बढ़ाया और ना ही मेंटेनेंस का काम किया, कांग्रेस ने बिजली कंपनी की दुर्दशा की है। राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद बिजली उत्पादन बढ़ाने और आपूर्ति सामान्य करने के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि, अभी बारिश का मौसम है, इस वजह से कुछ दिक्कत हो रही है। सरकार नियमित बिजली आपूर्ति करने के लिए प्रतिबद्ध है।उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि, युक्तियुक्तकरण का काम पूरा हो गया है, शिक्षक विहीन स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्तियां हो गई है, इसलिए समय पर शैक्षिण सत्र प्रारंभ हो जाएगा। सरकार इसके लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है। हमारी सरकार शिक्षा का स्तर बढ़ाने के लिए काम कर रही है। स्कूलों में पुस्तकें भी पहुंच जाएगी और समय पर शैक्षणिक सत्र भी प्रारंभ हो जाएगा। साव ने कहा कि, कांग्रेस सरकार में धर्मांतरण को पूरी छूट थी, यह जगजाहिर है, और अब कांग्रेस इसके बचाव में उतर रही है। इससे सच्चाई सामने आ गई है।

## अतिशेष प्राचार्य-व्याख्याताओं की मंत्रालय में हो रही राज्य स्तरीय काउंसिलिंग, हाथों-हाथ दे रहे पदस्थापना आदेश



आए 108 अतिशेष प्राचार्य एवं व्याख्याताओं की काउंसिलिंग के बाद डीपीआई ऋतुराज रघुवंशी पदस्थापना आदेश प्रदान कर रहे हैं।

**रायपुर।** शैक्षिक युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत इन्द्रावती भवन के सभा कक्ष में आज राज्य स्तरीय काउंसिलिंग हो रहा है. प्रदेश के विभिन्न जिलों से

काउंसिलिंग कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे हुआ. समस्त संभागीय संयुक्त संचालकों को पहले ही लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा निर्देशित किया गया था कि वे संबंधित अधिकारियों एवं शैक्षिक कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करें. काउंसिलिंग उपरांत लोक शिक्षण संचालनालय संचालक ऋतुराज रघुवंशी द्वारा शिक्षकों को व्यक्तिगत रूप से पदस्थापना आदेश सौंपे गए.

# अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर कलेक्टर ने बाल श्रम रोकने दिए निर्देश

**महासमुंद, 12 जून ।** अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर आज कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बाल श्रम उन्मूलन को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग, पुलिस प्रशासन सहित बाल श्रम न्यायालय, जिला बाल संरक्षण इकाई, चेम्बर ऑफ कॉमर्स, व्यवसायी संघ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री लंगेह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में किसी भी प्रकार से बाल श्रम की गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चों का बचपन शिक्षा, सुरक्षा और संरक्षण में बीते, यह हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने संयुक्त जांच दल द्वारा होटल, ढाबा, निर्माण स्थलों, दुकानों एवं अन्य संभावित स्थलों पर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी विकासखंडों में बाल श्रम विरोधी रैली, पोस्टर प्रदर्शन, रैली एवं स्कूलों में विशेष सत्र आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बाल संरक्षण समिति की बैठक हर माह आयोजित कर समीक्षा करने कहा है।कलेक्टर ने कहा कि लंबे समय से स्कूलों में अनुपस्थित बच्चों को स्कूलों में पुनः प्रवेश सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही उनके परिवारों को शासन की योजनाओं से जोड़ा जाएगा। जिले में 15 जून से 30 जून तक जिला स्तरीय बाल श्रम विरोधी अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर ने बाल श्रम की रोकथाम के लिए बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम 2005 की धारा 13, 14 तथा सहपठित धारा 15 के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।श्रम पदाधिकारी श्री डी.एन. पात्र ने बताया कि जिले में टास्क फोर्स के माध्यम से वर्ष 2024 में कुल 92 संस्थानों का निरीक्षण किया गया। जिसमें श्रम विभाग द्वारा कुल 14 संस्थानों के विरूद्ध माननीय श्रम न्यायालय में अभियोजन दायर किया गया। माननीय श्रम न्यायालय द्वारा कुल 09 संस्थानों के विरूद्ध राशि 5000 रुपए की दर से कुल राशि 45 हजार रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। शेष 05 संस्थानों का प्रकरण माननीय न्यायालय में विचाराधीन है। इसी तरह वर्ष 2025 (09 जून 2025 की स्थिति में) में कुल 52 संस्थानों का निरीक्षण किया गया। जिसमें श्रम विभाग द्वारा कुल 20 संस्थानों के विरूद्ध सूचना प्रदर्शन बोर्ड चस्पा नहीं होने के कारण धारा-12 अंतर्गत नोटिस जारी किया गया है। जिसमें से कुल 12 संस्थानों के विरूद्ध माननीय श्रम न्यायालय में अभियोजन दायर किया गया। उक्त कुल 12 संस्थानों का प्रकरण माननीय न्यायालय में विचाराधीन है।

## मोर गांव मा पानी अभियान से बढ़ा जनजागरण

**महासमुंद, 12 जून ।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के नेतृत्व में महासमुंद जिले में जल संरक्षण को लेकर मोर गांव मा पानीअभियान अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आ रही है। पिछले समय-सीमा की बैठक में दिए गए कलेक्टर के निर्देशों के अनुरूप जिले में जन भागीदारी और विभागीय समन्वय से जल संचय के लिए विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है, जो अब मूर्त रूप लेता दिख रहा है।इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, शिक्षा विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वित प्रयासों से स्कूलों, आंगनवाड़ियों, पंचायत भवनों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में जन सहयोग से सोखता गड्ढों का निर्माण किया जा रहा है।कलेक्टर श्री विनय लंगेह ने बताया कि ÷मोर गांव मा पानी÷ अभियान का उद्देश्य सिर्फ जल संचय नहीं, बल्कि जन-जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाना भी है। उन्होंने कहा कि सोखता गड्ढे न सिर्फ जल संरक्षण में सहायक हैं, बल्कि वे मिट्टी की नमी बनाए रखने, जल प्रवाह को नियंत्रित करने और आसपास के पर्यावरण को भी संतुलित बनाए रखने में सहायक होते हैं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एस. आलोक ने बताया कि अब तक जनभागीदारी से कुल 1252 सोखता गड्ढों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है और तेजी से इस दिशा में कार्य किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि सोखता गड्ढे वर्षा जल को जमीन में समाहित करने में मदद करते हैं, जिससे जल स्तर को बनाए रखने और भूजल संसाधनों को पुनर्जीवित करने में सहयोग मिलेगा। यह एक स्थायी समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### युक्तियुक्तकरण से एकल शिक्षकीय स्कूलों में लौटेगी रौनक

**कांकेर, 12 जून ।** राज्य शासन के दिशा निर्देशों के तहत जिले में युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पूरी हो गई है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया से जिले में निश्चित तौर पर शिक्षकों की समस्या दूर हुई है। वहीं शाला भवनों के युक्तियुक्तकरण से भी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आएगा। काउंसलिंग के बाद शिक्षकविहीन स्कूलों में पदस्थापना कर शिक्षकों की पूर्ति की गई है, जिसके चलते जिले में पदस्थापना के बाद कोई भी स्कूल अब शिक्षकविहीन नहीं रह गया है। दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों में स्थित स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता लाने शासन की युक्तियुक्तकरण की नीति मील का पत्थर साबित हुई।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर और समावेशी बनाने के लिए शालाओं और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुरूप किया गया। उन्हांने बताया कि जिले में युक्तियुक्तकरण के पूर्व एकल शिक्षकीय प्राथमिक शालाओं की संख्या 347 और हाईस्कूल की संख्या 01 थी, इनमें अतिशेष शिक्षकों को शिक्षक विहीन एकल शिक्षकीय एवं आवश्यकता वाले संस्थाओं में कांउसलिंग के उपरांत पदस्थापना दी गई। इस प्रक्रिया का लाभ जिले के सभी शिक्षकविहीन विद्यालयों को मिला। उन्होंने बताया कि एक ही परिसर में विद्यालयों अथवा निकट में दो या दो से अधिक शालाएं संचालित हैं ऐसी शालाओं का युक्तियुक्तकरण किया गया। इससे बच्चों के शैक्षणिक गुणवत्ता की दृष्टि से सुधार हो ताकि छात्रों को विद्यालय आने जाने में किसी प्रकार का कोई असुविधा उत्पन्न न हो सके। साथ ही माध्यमिक, हाईस्कूल तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में विषयवार शिक्षक की पूर्ति हुई है।

# वैवाहिक समारोह के रिसेप्शन में बवाल

**धरसींवा, 12 जून।** धरसींवा के शांतिप्रिय नगर गांव में बीती रात एक शादी समारोह की रिसेप्शन पार्टी में उस समय बबाल हो गया जब अचानक कुछ लोग समारोह में पहुंचे और मेहमानों से उनकी कहासुनी होने लगी बबाल इतना बढ़ा कि यह वाहनो में तोड़फोड़ व आगजनी तक पहुंच गया।

सूचना मिलते ही देर रात पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन इस घटना से पीड़ित परिवार डरा सहमा हुआ है और उन्होंने पुलिस से कार्यवाही की मांग की है..दरअसल धरसीवां के छोटे से लेकिन शांतिप्रिय गांव नगरगांव में बीती रात रूपेंद्र नामक व्यक्ति के घर वैवाहिक समारोह की रिसेप्शन पार्टी चल रही थी रूपेंद्र का आरोप है कि देर रात अचानक कुछ लोग पार्टी में पहुंचे और समारोह में शामिल महिलाओं से अभद्र बर्ताव करने लगे जब मेहमानों ने इसका विरोध किया तो उन लोगों ने वाहनों में तोड़फोड़ तो की ही आग के हवाले भी कर दियाअसामाजिक तत्वों के हमले से से पूरा परिवार भयभीत हो गया ओर पुलिस को सूचना दो देर रात ही पुलिस मौके पर पहुंच गई लेकिन इस मामले में पुलिस ने क्या कार्यवाही की इसकी जानकारी अभी नहीं मिल इस संबंध में ग्राम पंचायत सरपंच उमा वर्मा का कहना है रात बारह बजे के आसपास लड़ाई झगड़ा हुआ है लेकिन क्यों हुआ उसका कारण उन्हें नहीं पता।

## आयुक्त ने ली तकनीकी अधिकारियों की बैठक



**राजनांदगांव 11 जून।** नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा तकनीकि अधिकारियों की बैठक लेकर निर्माण कार्यो की समीक्षा कर प्रतिदिन कार्यो की मानिटरिंग करने के अलावा अपने अपने वार्ड में अतिक्रमण होते देख नोटिस देकर हटाने तथा अवैध प्लाटिंग की जॉच करने के अलावा बिजली, पानी की भी स्थिति देख निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने वृक्षारोपण के लिए स्थल चयन सहित अन्य प्रक्रिया करने निर्देशित किए।

बैठक में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि सभी निर्माण कार्य जिनकी निविदा हो चुकी है, उसे प्रारंभ कराये तथा वार्डो में चल रहे निर्माण कार्य में तेजी लाकर समय सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि महापौर महोदय द्वारा भी समीक्षा बैठक में सभी कार्य चालू कर चालू कार्य में प्रगति लाने कहा गया है। उन्होंने शहर में चल रहे डामरीकरण कार्य की जानकारी लेकर शेष कार्य जल्द पूर्ण कराने कहा। उन्होंने वार्डवार निर्माण कायो की जानकारी लेकर कहा कि जिन ठेकेदारों के द्वारा अधुरे कार्य किये गये है और जिनके द्वारा कार्यादेश उपरांत कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, उनसे बात कर काम चालू करावे नही करने की स्थिति में नोटिस जारी करे। गुणवत्ताहीन कार्यो के लिए ठेकेदार को नोटिस जारी कर कार्य सही करावे, सही कार्य का ही भुगतान के लिए आगे बढ़ावे। उन्होंने कहा कि प्रगतिरत कार्यो की चरणबद्ध बिलिंग करे, उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करे।आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालय मरम्मत कार्य की उप अभियंताओं से प्रगति की जानकारी लेकर कहा कि शौचालय मरम्मत कार्य बारिश के पूर्व पूर्ण करे, इस संबंध मे ठेकेदारो को निर्देशित करे। उन्होंने एसएलआरएम सेन्टर मरम्मत कार्य की जानकारी लेकर मरम्मत एवं पीठ निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करने कहा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणा, विधायक निधि, सांसद निधि तथा महापौर व पार्षद निधि के अप्रारंभ कार्य तत्काल प्रारंभ करावे, चालू कार्य समय सीमा में पूर्ण करावे। ठेकेदार को कार्यादेश के साथ साथ स्टीमेंट की भी कापी देवे और निर्देशित करे कि सभी साईड में प्लान की कापी उपलब्ध रहे, जिससे कार्य का मिलान कर सके।आयुक्त ने बैठक में कहा कि बारिश के पूर्व सभी पानी टंकियों की सफाई कर लिकेज ठीक करावे व वाल्व मरम्मत करावे तथा वाहन आदि मरम्मत कर दुरूस्त रखे एवं सभी आवश्यक समाग्री का भंडारण रखे।

# संत कबीरदास समाज सुधारक और युग-प्रवर्तक थे : इन्द्र साव

- संत कबीर साहेब की जयंती में शामिल हुए इन्द्र साव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 12 जून।** संत कबीर दास साहेब की जयंती पर विधायक इन्द्र साव ने शहर और ग्रामीण अंचलों में हुए कबीर प्राकट्य महोत्सव में शामिल हो कर लोगों को बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा कि संत कबीर साहेब केवल एक महान आध्यात्मिक संत ही नहीं बल्कि समाज सुधारक और युग-प्रवर्तक भी थे। साव ने लोगों से उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात कर सामाजिक एकता और सद्भाव बनाएं रखने का आह्वान भी किया।

नगर के हथनीपारा, मुंशी इस्माइल वार्ड, ग्राम सिंगारपुर, दामाखेड़ा और सिमगा में आयोजित कबीर जयंती के अवसर क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव शामिल हुए और उपस्थित समस्त कबीर पंथियों को आज के इस पावन दिवस की बधाई देते हुए कहा कि सत्य, अहिंसा, दया, करुणा, परोपकार और सामाजिक समरसता का उनका संदेश आज भी प्रासंगिक है। वे अपनी साधना के धनी, विश्वासों के राजा और अनुभूतियों के साहूकार थे। जो मार्ग उन्होंने दूसरों को दिखाया वे उसी पर चले थे और वही उनका मुक्ति मार्ग था। कबीर



का जीवन दर्शन सद्विचारों की ऐसी गंगा है जिसमें डूबकी लगाकर मनुष्य का जीवन सदाचारों से महक उठता है। कबीर की वाणी कोसों दूर जन-मन तक जाती थी इसलिए वे महान संप्रेषक थे।

विधायक साव ने कहा कि संत कबीर साहेब अपने अमूल्य दोहों के माध्यम से उन्होंने समाज में एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया उन्होंने अपने विचारों ने पूरी दुनिया को प्रेरित किया। उनके विचारों की अलख जगाए रखने हम सभी को समाज में सद्भाव और भाईचारे की भावना को मजबूत करने की जरूरत है।कबीर ऐसे महान चिंतक, समाज सुधारक एवं संप्रेषक थे जिन्होंने युगों-युगों की संचेतना को जागृत कर दिया। मतों- मतांतरों के भेद, रूढ़ियों और कर्मकांडों के कट्टर विरोधी कबीर मानवीय संवेदनाओं की कोमल वाणी थे।

उन्होंने समस्त मानव समाज से संत कबीर दास जी के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात कर सामाजिक एकता और सद्भाव को और अधिक सशक्त बनाएं जाने की अपील करते हुए उपस्थित लोगों संत कबीर दास जी के प्राकट्य दिवस की बधाई दी।

## समाचार संक्षेप

### मुसवाडीह में साहू समाज ने धूमधाम से मनाई कर्मा जयंती



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 12 जून।** ग्राम मुसवाडीह में साहू समाज के द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती बड़े उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव उपस्थित हुए भक्त मां कर्मा के मंदिर में ग्रामवासियों द्वारा पूजा अर्चना की गई एवं शाम में महिलाओं एवं बच्चियों के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई जिसमें विधायक इन्द्र साव भी शामिल हुए।

पश्चात मंदिर चौक में सभी ग्रामीण एवं साहू समाज के द्वारा विधायक इन्द्र साव जी का स्वागत किया गया इस अवसर पर विधायक साव ने भक्त माता कर्मा की जयंती की बधाई दी माता कर्मा से समस्त छत्तीसगढ़ियों के जीवन में सुख समृद्धि और शांति की कामना करते हुए कहा की भक्त माता कर्मा का जीवन सेवा, भक्ति, त्याग और परोपकार की अनुपम मिसाल है वे भगवान कृष्ण की अनन्य भक्त थी और उनके आदर्श आज भी जनमानस को प्रेरणा देता है उन्होंने समाज के लोगों को कहा कि मुझे आज आपके बीच में कार्य करने का जो अवसर मिला है वो माता का आशीर्वाद है जो आज विधायक के रूप में आपकी सेवा कर रहा हूं छत्तीसगढ़ में हमारे पूर्वज मितान की परंपरा को निभाते हुए सामाजिक समरसता बनाए हुए थे मितान बनाने की यह संस्कृति विलुप्त हो रही है आज भाई-भाई के बीच जो विवाद चल रहे हैं उनसे समाज का नुकसान हो रहा है हमें वही पुराना भाईचारा समाज में फिर से लाना है और खासकर युवाओं को नशे से दूर रहते हुए सामाजिक उत्थान एवं शिक्षा के क्षेत्र में बढ़-चढ़कर अपनी योग्यता को प्रदर्शित करना है ताकि समाज के सुधार में एक नई क्रांति आ सके सरपंच कमलेश यदु की मांग पर साव ने मंदिर चौक में हाई मस्ट लाइट और गांव के लिए अलग से ट्रांसफार्मर लगाने की घोषणा की इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने कहा संत माता कर्मा केवल साहू समाज के लिए नहीं बल्कि संपूर्ण मानव समाज के लिए एक आदर्श है उनकी भक्ति,सेवा समर्पण की भावना को हमें अपने जीवन में उतरना चाहिए समाज में एकता, सद्भावना और समर्पण की भावना बनाए रखने के लिए उनके आदर्शों को आत्मसात करना आवश्यक है।

## एक नजर

### पीएमएफएमई योजनांतर्गत लगेंगे विकासखण्ड स्तरीय शिविर

**बलौदाबाजार, 12 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, बलौदाबाजार द्वारा विकासखण्ड स्तर पर जिले के सभी जनपद पंचायतों में पीएमएफएमई योजनांतर्गत जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 16 जून जनपद पंचायत कसडोल, 20 जून जनपद पंचायत भाटापारा, 23 जून जनपद पंचायत सिमगा एवं 24 जून को जनपद पंचायत बलौदाबाजार में शिविर का आयोजन होगा। पीएमएफएमई योजनांतर्गत खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित उद्यमों यथा- मसाला उद्योग, मुरमुरा (मुरी), पोहा, मिनी राईस मिल, पशु आहार, बेकरी उत्पाद, आईसक्रीम, दलिया, नमकीन, मिक्चर, चिप्स, मिठाई निर्माण, आचार, पापड़, जैम, जेली, जूस एवं पल्प अन्य खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को परियोजना लागत का 35 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख रुपये तक अनुदान का प्रावधान है। साथ ही योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी वेबसाईट श्वद्वद्धद्वद्द.द्वश्द्धश्वद्व.द्द१.द्बठ्ठ में जाकर आंनलाइन आवेदन कर सकते है। योजना का लाभ लेने के लिए अधिक संख्या में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते है।

### 106 पदों पर भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 13 जून को

**बलौदाबाजार, 12 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु जिला मुख्यालय स्थित रोजगार कार्यालय परिसर में 13 जून 2025 को निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा प्राप्त 106 पदों के लिये प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्लेसमेन्ट कैम्प सुबह 11 बजे से 3 बजे तक आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस प्लेसमेन्ट कैम्प में नियोजक राधा कृष्णा हॉस्पिटल लिमाही बलौदाबाजार द्वारा नर्स के 30 पद, शैक्षणिक योग्यता एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग एवं अनुभव 0 से 5 वर्ष, उम्र 18 से 40 वर्ष, वेतन 8 हजार से 30 हजार रूपए, योग्यतानुसार देय होगा, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा। एक्सट्रा ऑडनरी क्लास वर्ल्ड स्कूल बलौदाबाजार द्वारा इंग्लिस टीचर के 2 पद, शैक्षणिक योग्यता स्नातकोत्तर (अंग्रेजी माध्यम से), सोशल सांइस टीचर के 1 पद, शैक्षणिक योग्यता एमए (अंग्रेजी माध्यम से), सांइस टीचर के 01 पद, शैक्षणिक योग्यता बीएससी/एमएससी (अंग्रेजी माध्यम से) एवं बीएड उत्तीर्ण, अनुभव 2 से 3 वर्ष, उम्र 18 से 40 वर्ष, वेतन 8 हजार से 10 हजार रूपए योग्यतानुसार देय होगा। कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा। मारूति सुजुकी नेक्सा बलौदाबाजार द्वारा सेल्स के 4 पद, रिसेप्शनिष्ठ के 1 पद, शैक्षणिक योग्यता 12वीं से स्नातक उत्तीर्ण एवं अनुभव 0 से 3 माह, उम्र 18 से 25 वर्ष, वेतन 10 हजार से 15 हजार रूपए पदानुसार, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा।

### बाड़ी में गांजा पेड़ लगाने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। प्राप्त सूचना के आधार पर थाना राजादेवरी की पुलिस टीम द्वारा द्वारा ग्राम राजादेवरी में घेराबंदी कर, बिक्री करने के लिए अपने घर बाड़ी में गांजा का पेड़ लगाने वाले 01 आरोपी को पकड़ा गया है। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई पश्चात मिले गांजा के पेड़ का विधिवत तौल कार्यवाही कराया गया, जिसमें कुल 01 किलो 500 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा का पेड़ होना पाया गया जिसे विधिवत जप्त किया गया है। उक्त गांजा के पेड़ का बाजार मूल्य 7,000 है। कि प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध थाना राजादेवरी मे अपराध क्र. 43/2025 धारा 20 NDPS एक्ट पंजीबद्ध कर, आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है। आरोपी का नाम शौकीलाल चौहान (37) निवासी ग्राम राजादेवरी थाना राजादेवरी है।

# गुरुर शराब दुकान में मिलावटखोरी

## दुर्ग उड़नदस्ता ने कर्मचारियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया विवेचना में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 12 जून।** संभागीय उड़नदस्ता दुर्ग की टीम ने कार्यवाही को अंजाम दिया हैं। जिले में मदिरा में मिलावट का प्रकरण कायम किया गया है। सोमवार को संभागीय उड़नदस्ता दुर्ग की टीम द्वारा गुरुर में देशी विदेशी कंपोजिट मदिरा दुकान का आकस्मिक निरीक्षण करने पर आफ्टर डार्क लक्जरी व्हिस्की के ढक्कन ढीला, होलोग्राम क्षतिग्रस्त एवं लीकेज होना पाए जाने पर दुकान में रखी 10 पेटी आफ्टर डार्क लक्जरी व्हिस्की की बोतलों का निरीक्षण कर 12 बोतलों को चिन्हित कर थर्मामीटर एवं हाइड्रोमीटर से जांच करने पर तेजी लगभग 40 यूपी होना पाया गया।

मिलावट का प्रकरण पाए जाने पर उड़नदस्ता टीम द्वारा दुकान के सभी उपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया।

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार शराब दुकान के सुपरवाइजर को हर महीने कंपनी के इंचार्ज प्रदीप सिंग को पैसा देना पड़ता है। जिले के फील्ड आफिसर द्वारा हर महीने के एक से पाँच तारीख के बीच जिले के सभी दुकान में जा कर वसूली कर प्रदीप सिंग के पास मोटी रक़म पहुचाया जाता है।

क्या इसीलिए मजबूरी में शराब दुकान के कर्मचारियों को मिलावटी का काम करना पड़ रहा है.. ये बड़ा सवाल खड़ा हो रहा हैं। क्योकि अदना सा कर्मचारी स्वंय तो शराब में मिलावट जैसा बड़े खेल को अंजाम नही दे सकता। आबकारी विभाग को कंपनी के ऐसे लोगो के ऊपर सख्त कार्यवाही करना चाहिए।




### महीने के 1 से 5 तारीख के बीच दिया जाता है पैसा

शराब दुकान के कर्मचारियों ने नाम न बताने की शर्त में बताया प्लेसमेंट कंपनी के इंचार्ज प्रदीप सिंग द्वारा दवाब बनाया जाता है कि हर महीने उनको पैसा चाहिए, मजबूरी में हमे गलत कदम उठाना पड़ता है। नही तो हमे अपने पेमेन्ट से उसको पैसा देना पड़ता है। जिले का इंचार्ज जो कि भूपेन्द्र देशमुख है, यही जिले के हर शराब दुकान में हर महीने के 1 से 5 तारीख के बीच आ कर पैसा लेते है, और कंपनी के इंचार्ज प्रदीप सिंग के पास पहुचाते है।

# उपभोक्ता आयोग ने बीमा राशि देने आदेश किया पारित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 12 जून।** बीमा कम्पनी द्वारा बीमा धारक की मृत्यु होने के पश्चात मृत्यु बीमा की राशि नहीं देने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार ने बीमा कम्पनी को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए मृत्यु बीमा की राशि 200000 रुपये व ब्याज सहित एवं अन्य व्यय प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक ईश्वरी प्रसाद साहू के पुत्र टिकेश्वर प्रसाद साहू का बैंक में बचत खाता था जिसमें प्रधानमंत्री बीमा योजना के अन्तर्गत 12 रुपये के सालाना प्रीमियम में 200000 रुपये का बीमा कराया गया था। आवेदक के पुत्र की मृत्यु तालाब की पानी में डूबने से हुई थी। दावा प्रस्तुत करने पर बीमा कम्पनी ने मिरगी रोग के कारण दौरा मृत्यु होने के कारण दावा निरस्त कर दिया।जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में परिवाद प्रस्तुत करने पर आयोग के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल, सदस्य हरजीत सिंह चावल एवं शारदा सोनी ने उभय पक्ष की सुनवाई पश्चात् इस मामले में चिकित्सक तथा अन्य साक्ष्य से यह प्रमाणित नहीं है कि मृतक को घटना के समय दौरा आया था और उसके परिणामस्वरूप वह डूब गया। चिकित्सक की राय के अनुसार दुर्घटनाजन्य मृत्यु जल में डूबने से हुई। अतः अनावेदक को अनुचित व्यापार व्यवहार एवं सेवा में कमी का दोषी मानते हुए दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड़ रायपुर को मृत्यु बीमा की राशि 200000 रुपये एव आवेदन दिनांक से आदेश दिनांक तक 6 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज एवं मानसिक तथा आर्थिक क्षति के रूप में 10000 रुपये एवं वाद व्यय के रूप में 2,000 रुपये रूपये आदेश दिनांक से 45 दिन के भीतर प्रदाय किये जाने एवं 45 दिन के भीतर अदा नहीं किये जाने पर आदेश दिनांक से 45 दिन के पश्चात से अदायगी दिनांक तक 9 प्रतिशत वार्षिक दर से व्याज प्रदाय किये जाने का निर्णय सुनाया।

# युक्तियुक्तकरण के बाद शिक्षकविहीन और एकल शिक्षकीय शाला की समस्या हल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 12 जून।** शालाओं और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण के बाद जिले में कोई भी शाला शिक्षक विहीन या एकल शिक्षकीय नहीं है। अब सभी स्कूलों में पर्याप्त शिक्षकों की पदस्थापना होने से स्कूलों में शैक्षणिक व्यवस्था दुरुस्त होगी।

शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में युक्तियुक्तकरण के पूर्व 3 प्राथमिक शाला एवं 4 पूर्व माध्यमिक शिक्षकविहीन थे। युक्तिकरण के बाद अब जिले में कोई भी प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला शिक्षक विहीन नहीं है। इसी तरह जिले में युक्तियुक्तकरण के पूर्व एकल शिक्षकीय प्राथमिक शाला 65 और पूर्व माध्यमिक शाला 13 थे। युक्ति युक्तिकरण के बाद अब जिले में कोई भी शाला एकल शिक्षकीय नहीं है।

जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग मिलकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसी भी विद्यार्थी की पढ़ाई प्रभावित नहीं हो। जिले में 3 शालाओं का समायोजन किया गया है। जिले में 506स्कूलों में से 403 स्कूल यथावत संचालित होंगे। अतिशेष शिक्षकों का पुनः समायोजन कर एकल शिक्षकीय और शिक्षक विहीन विद्यालयों में पदस्थापना की गई है। इसके जिले में कोई भी शाला शिक्षक विहीन या एकल शिक्षकीय नहीं है। युक्तियुक्तकरण से बच्चों के ड्रॉपआउट दर में कमी आएगी और अच्छी बिल्डिंग, लैब, लाईब्रेरी जैसी सुविधाएं एक ही जगह देना आसान होगा।

# दरार पड़ने के साथ नहर की ओर झुका पाथ-वे बना खतरा



**कोरबा 12 जून।** जल संसाधन विभाग द्वारा बनाई गई बायीं तट नहर जर्जर हो चुकी है। संजय नगर से सीतामणी शनि मंदिर तक जर्जर नहर का असर यहां बनाए गए बाउंड्रीवाल और पाथवे पर पडने लगा है। संजय नगर और शनि मंदिर के बीच दो स्थानों पर पानी के कटाव से बाउंड्रीवाल पूर्व में ही धराशायी हो चुकी है वहीं अब पाथवे पर दरार पडने के साथ नहर की ओर झुकता जा रहा है। ऐसे में कभी भी पाथवे का नहर में समाने का खतरा बना हुआ है।

नगर पालिक निगम द्वारा संजय नगर होते हुए सीतामणी व रेलवे स्टेशन तक जाने पक्की सडक का निर्माण कराया गया है। सड़क किनारे पाथवे भी बनाया गया है। सडक पर रोशनी हो सके इसके लिए पाथवे पर बिजली के खंभे लगाकर इसमें लाइटें लगाई गई है। लंबे समय से इस मार्ग से लोग आवागमन कर रहे हैं। लेकिन बगल से गुजरी जल संसाधन विभाग की बांयीं तट नहर के पूरी तरह जर्जर होने से पानी के बहाव से मिट्टी का कटाव होता जा रहा है। जल संसाधन विभाग द्वारा लंबे समय से नहर की मरमत नहीं कराई गई है। नहर के दोनों ओर बनाए गए स्लेब जर्जर हो चुके हैं। विभाग द्वारा सिंचाई के लिए जब नहर में पानी छोड़ा जाता है तब पानी लगातार मिट्टी को काटती चली जा रही है। इससे बाजू से गुजरे सडक़ को नुकसान पहुंच रहा है।

सडक व पाथवे के नीचे की मिट्टी का कटाव होने से यह नहर की ओर झुकता जा रहा है। मिट्टी के कटाव के कारण पूर्व में यहां लोगों को दुर्घटना से बचाने बनाया गया बाउंड्रीवाल दो स्थानों पर टूटकर धराशायी हो चुका है। अब पाथवे को नुकसान पहुंचने का खतरा बना हुआ है। विभाग की मानें तो नहर मरमतीकरण की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

# लवन में लूटपाट करने वाले पांच युवक गिरफ्तार

- पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लूट के आरोपियों की पहचान की
- लवन शराब दुकान के पास 49 हजार रुपए की लूट कर फरार हो गए थे आरोपी



**लवन, 12 जून।** प्रार्थी पीतराम पैकरा निवासी ग्राम कोहरौद द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया वह पैसा निकालने के लिए गांव के रामसिंह खांडे के साथ उसके मोटरसाइकिल से बलौदाबाजार गए, जहां बैंक से 49,000 निकाले, जिसमें से 1000 लेनदेन कर खर्च किया एवं वापस आते समय लवन शराब भट्टी पहुंचे, जहां पर 500 का शराब खरीद कर वापस जाने के लिए निकले ही थे। तभी एक अज्ञात लड़का उनके पास पहुंचकर झगड़ा विवाद करते हुए प्रार्थी एवं उसके मित्र को बाइक से नीचे उतार लिया। साथ ही उस अज्ञात लड़के के 4 अन्य साथी वहां पर पहुंचकर झगड़ा विवाद करने लगे तथा प्रार्थी के जेब में रखे 47,500 रकम को लूट कर फरार हो गए। की रिपोर्ट पर थाना लवन में अपराध क्र. 269/2025 धारा 310(2), 351(3) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना लवन पुलिस द्वारा त्वरित जांच विवेचना कार्यवाही करते हुए, आरोपियों के संबंध में पताशाजी प्रारंभ किया गया। साथ ही शराब दुकान में लगे छ्ष्टञ्जङ्क फुटेज का भी गहन अवलोकन किया गया, जिसके आधार पर लूट की घटना में शामिल 05 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी से लड़ाई झगड़ा करते हुए उसके जेब में रखे उक्त रकम को लूट कर फरार हो जाना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपियों से लुट गए रकम में से 36,000 बरामद किया गया है तथा घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी जप्त किया गया है। प्रकरण में सभी 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### आरोपियों के नाम

- » लोकेश निर्मलकर (35) निवासी वार्ड क्र. 12 लवन थाना लवन
- » भरत बंजारे (28) निवासी ग्राम बगबुडा थाना लवन
- » प्रीतम साहू (35) निवासी वार्ड-4 लवन थाना लवन
- » मनीष खूंटे (35) निवासी वार्ड-3 लवन थाना लवन
- » रवि शंकर कुर्रे उर्फ चोलाराम (30) निवासी वार्ड-3 लवन थाना लवन

# विश्व में कबीर पंथ अप्रतिम है : धर्मलाल कौशिक



**बिलासपुर, 12 जून।** विश्व में कबीर पंथ अप्रतिम है। कबीर ने पूरे विश्व को दिशा दी । ये विचार पूर्व स्पीकर छत्तीसगढ़ विधानसभा और बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक के हैं। जो वे कबीर गुरुद्वारा झोपडापारा बिलासपुर में आयोजित कबीर प्राकट्योत्सव समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से बोल रहे थे। कौशिक ने आगे कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उसी वाराणसी से सांसद हैं, जहां कबीर साहेब का आविर्भाव हुआ था। वहां उन्होंने बुनकर दीवार बनवाया। यही नहीं कबीर निर्वाण स्थल मगहर में भी करोड़ों की लागत से लायब्रेरी और अन्य प्रकल्प निर्मित कराये जा रहे हैं। कौशिक जी ने अपने संबोधन में पांच हजार लोगों के भोजन प्रसादी निर्माण करने हेतु किचन शेड बनाये जाने हेतु विहित राशि उपलब्ध करायें जाने की घोषणा की ।इस अवसर पर क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी , रेलवे के चीफ मटेरियल मैनेजर नवीन सिंह, मानिकपुरी पनिका समाज के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. देवधर महंत, पूर्व सचिव प्रो .(डा.) फूलदास महंत , डा. अनिल त्रिपाठी पूर्व प्राचार्य शासकीय बिलासा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राधेश्याम सिंह परिहार, समाजसेवी मुन्नादास, पीडी मानिक और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

इस अवसर पर चौंका आरती का भव्य आयोजन हुआ। अपोलो अस्पताल से गांधी चौक तक विशाल रेली निकाली गयी। गायिका ज्योति महंत ,जया महंत वादक छबिदास महंत तथा पुष्कर महंत द्वारा मधुर कबीर भजन प्रस्तुत किए गए। लगभग दो हजार कबीर पंथानुयायियों द्वारा भोजन प्रसाद ग्रहण किया गया। उल्लेखनीय है झोपडापारा रेलवे परिक्षेत्र स्थित कबीर गुरुद्वारा की स्थापना 71 वर्ष पूर्व संत बाबूदास जी ने की थी। गुरुद्वारा समिति के सदस्यों की सहभागिता और सक्रियता सराहनीय रही। कार्यक्रम के अंत में गुरुद्वारा समिति के अध्यक्ष उत्तम दास मानिकपुरी ने आभार व्यक्त किया।

## शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर की जा रही सख्त कार्रवाई

# ब्रेथ एनालाइजर से जांच कर 26 वाहन चालकों से वसूला गया 2.60 लाख जुर्माना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 12 जून।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जप्त करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की जा रही है। चेकिंग अभियान में यातायात शाखा बलौदाबाजार भाटापारा एवं



सिमगा में ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 26 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया।

पुलिस द्वारा इन सभी 26 प्रकरणों में चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए, इनके वाहन विधिवत जप्त कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 26 प्रकरण में वाहन चालकों को पृथक-पृथक 10, 000-10,000 अर्थदंड का आदेश दिया गया है। इस प्रकार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की संपूर्ण कार्यवाही में न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 26 वाहन चालकों को कुल 2,60,000 का अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 85 वाहन चालकों पर की गई कार्रवाई

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्यवाही की जा रही हैं। सांथ ही जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम, सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए, यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 18 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर ?5400 समन शुल्क वसूला गया है। हेलमेट पहने बिना दोपहिया वाहन चलाने वाले 23 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर ?11,500 समन शुल्क वसूल किया गया है। नो-पार्किंग में वाहन खडा करने वाले 12 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर ?3600 समन शुल्क वसूल किया गया है। पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल वाहन चालकों के विरुद्ध 85 कार्रवाई कर 34,900 समन शुल्क वसूल किया गया है।

## एक नजर

### प्रोजेक्ट युवा की पहली सफलताः सुनील, कीर्तन, भुवन ने शौक को बनाया स्व रोजगार का जरिया



**रायपुर,12 जून।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में युवाओं के लिए सरकार द्वारा रोजगारपरक योजनाओं में से एक प्रोजेक्ट योजना के तहत धमतरी जिले के तीन युवकों के लिए आय का साधन बन गया है। धमतरी जिले में प्रोजेक्ट युवा के परिणाम अब आने शुरू हो गए हैं। इस प्रोजेक्ट के तहत फोटोग्राफी का निःशुल्क प्रशिक्षण लेकर गंगरेल-रुद्री के तीन युवाओं ने अपने शौक को अब रोजगार के रूप में अपना लिया है। सुनील साहू, कीर्तन साहू और भुवन मीनपाल ने महानदी के किनारे अंगारमोती में अपनी फोटोग्राफी की दुकान खोली है। तीनों युवा यहाँ माँ अंगार मोती के दर्शन के लिए आने वाले पर्यटकों की अलग अलग लोकेशनों में आकर्षक फोटो खींचकर तुरंत प्रिंट उपलब्ध करा देते है। तीनों युवा हर दिन एक से डेढ़ हज़ार रुपए कमा रहे हैं। इन तीनों ने प्रोजेक्ट युवा की संकल्पना को मूर्त रूप देकर धमतरी के युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही स्व रोजगार उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार का आभार जताया है।

### बैज ने अरविंद नेताम को मानहानि का नोटिस थमाया

**रायपुर, 12 जून।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम को मानहानि का नोटिस भेजा है। नेताम को अपने बयान के लिए 15 दिनों के भीतर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने कहा है। अन्यथा अपराधिक प्रकरण दर्ज की चेतावनी दी है। दरअसल, नेताम ने बैज से पूछ लिया था कि कहीं वो ईसाई धर्म तो नहीं अपना लिया है।

### टीआई से डीएसपी पदोन्नत अधिकारी पहली बार नक्सल इलाकों की संभालेंगे जिम्मेदारी

**रायपुर, 12 जून।** छत्तीसगढ़ पुलिस में हाल ही में इंस्पेक्टर से पदोन्नत हुए 21 डीएसपी को पहली बार मैदानी तैनाती मिली है। उन्हें बीजापुर, सुकमा, बस्तर और नारायणपुर जैसे नक्सल प्रभावित जिलों में एक महीने की फील्ड ड्यूटी पर भेजा गया है। ये अधिकारी 13 जून को बस्तर रेंज कार्यालय में इन्डक्शन ब्रीफिंग में शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में हाल ही में इंस्पेक्टर से पदोन्नत किए गए 21 उप पुलिस अधीक्षकों को एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें राज्य के सबसे संवेदनशील और नक्सल प्रभावित जिलों में पहली बार मैदानी तैनाती दी गई है। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम ने आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार, सभी नवपदस्थ डीएसपी को बस्तर रेंज के अंतर्गत आने वाले जिलों में एक महीने के लिए फील्ड ड्यूटी के लिए भेजा गया है।

### बच्चों से श्रम कराना नहीं, उन्हें सपने दिखाना हमारी जिम्मेदारीः राजवाड़े

**रायपुर, 12 जून।** अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने बाल श्रम के प्रति सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि बच्चों से श्रम कराना न केवल अमानवीय है, बल्कि यह एक दंडनीय अपराध भी है। उन्होंने कहा कि बच्चों का स्थान किताबों, खेल के मैदान और परिवार के स्नेह में होना चाहिए, न कि कारखानों, होटलों या दुकानों में। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि आज भी समाज के कई हिस्सों से बाल श्रम और बाल तस्करी की घटनाएं सामने आती हैं, जो चिंताजनक हैं। कुछ लोग थोड़े से लाभ के लिए बच्चों से काम करवाकर न केवल उनका बचपन छीनते हैं, बल्कि उनके भविष्य को भी अंधकार में धकेलते हैं। बच्चों से किया गया कोई भी ऐसा कार्य जो उनके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास में बाधा उत्पन्न करे, कानून की दृष्टि में संगीन अपराध है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बाल श्रम की रोकथाम के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से खतरनाक या हानिकारक कार्य कराना पूरी तरह प्रतिबंधित है और ऐसे मामलों में सख्त कानूनी कदम उठाए जाते हैं। लेकिन केवल सरकारी प्रयास ही पर्याप्त नहीं हैं।

### 1 जुलाई से आईआरसीटीसी पर आधार वाले ही टिकट बुक करा सकेंगे

**रायपुर, 12 जून।** यात्रियों को तत्काल टिकट निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से सुलभ कराने और उनके हितों की रक्षा के लिए भारतीय रेलवे ने तत्काल टिकट बुकिंग प्रणाली में महत्वपूर्ण संशोधनों की घोषणा की है। इनका उद्देश्य उपयोगकर्ता सत्यापन बढ़ाना और योजना का दुरुपयोग रोकना है। एक जुलाई 2025 से, भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) की आधिकारिक वेबसाइट और मोबाइल ऐप द्वारा तत्काल टिकट बुकिंग केवल आधार सत्यापित उपयोगकर्ताओं के लिए ही उपलब्ध होंगे। कम्प्यूटरीकृत यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) काउंटरों और अधिकृत एजेंटों के माध्यम से तत्काल टिकटों की बुकिंग के दौरान उपयोगकर्ता के मोबाइल नंबर पर ओटीपी सत्यापन की आवश्यकता होगी। रेल आरक्षण के शुरुआती समय में बल्क (एक साथ बहुत सारे) बुकिंग रोकने के लिए, भारतीय रेलवे के अधिकृत टिकटिंग एजेंटों को बुकिंग विंडो के पहले 30 मिनट के दौरान तत्काल टिकट बुक करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## अब मोबाइल एप पर मिलेगी सेवा से जुड़ी हर जानकारी

# सीएम साय के नेतृत्व में ई-गवर्नेंस की ओर बड़ा कदम, कर्मचारियों की डिजिटल कुंडली तैयार



**रायपुर, 12 जून।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन ई-गवर्नेंस के माध्यम से सुशासन को सशक्त और सहज बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है। डिजिटल प्रशासन - पारदर्शी समाधान की नीति को आगे बढ़ाते हुए, प्रदेश सरकार ने अब कर्मचारियों की सेवा जानकारी को मोबाइल एप के माध्यम से अद्यतन करने की अभिनव पहल की है। यह प्रयास मुख्यमंत्री साय की उस सोच को दर्शाता है जिसमें प्रत्येक कर्मचारी की सुविधा, सम्मान और अधिकार सुरक्षित हों, तेज़, सरल और भरोसेमंद प्रणाली के माध्यम से। इसी कड़ी में प्रदेश के लगभग 4 लाख सरकारी कर्मचारियों की सीआर के लिए अब फाइलें पलटने का झंझट समाप्त हो गया है।कर्मचारियों की प्रोफाइल अब एम्प्लाई कॉर्नर मोबाइल एप पर अद्यतन (अपडेट) की जाएगी। इससे सेवानिवृत्ति, पदोन्नति, वेतन विसंगति आदि के समय किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। नई व्यवस्था के अनुसार अब कर्मचारियों की प्रोफाइल को कार्मिक संपदा पोर्टल पर लोड और अपडेट करना अनिवार्य होगा। इसके लिए एम्प्लाई कॉर्नर मोबाइल एप और वेब पोर्टल विकसित किए गए हैं।संचालनालय कोष एवं लेखा की इस नई व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। कर्मचारियों की सेवा संबंधी कुंडली को अद्यतन रखने में यह व्यवस्था अत्यंत सहायक सिद्ध होगी। हालाँकि 2019 से कार्मिक संपदा मॉड्यूल का उपयोग किया जा रहा है, किंतु यह नवीन डिजिटल प्लेटफॉर्म कर्मचारियों को उनकी व्यक्तिगत एवं सेवा संबंधी जानकारी त्वरित व सुविधाजनक रूप से उपलब्ध कराएगा। संचालक कोष एवं लेखा रितेश अग्रवाल ने कहा कि यह पाया गया है कि कार्मिक संपदा पोर्टल पर अधिकांश कर्मचारी अपनी जानकारी अपडेट नहीं करते हैं, जिसके कारण सेवानिवृत्ति के समय उन्हें अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कार्मिक संपदा मॉड्यूल में व्यक्तिगत जानकारी अपडेट करने की जिम्मेदारी कार्यालय प्रमुख की होती है, लेकिन इसमें समय लगने के कारण असुविधाएँ उत्पन्न होती हैं। इन समस्याओं के समाधान हेतु एम्प्लाई कॉर्नर मोबाइल एप विकसित किया गया है, जो कर्मचारियों को स्वयं लॉगिन कर अपनी जानकारी अपडेट करने की सुविधा देता है। अब सेवा संबंधी जानकारी, नामिनी परिवर्तन, बैंक खाता परिवर्तन आदि के लिए कार्यालय प्रमुख पर निर्भरता नहीं रहेगी, जिससे अनावश्यक विलंब की स्थिति में भी कमी आएगी। स्थानांतरण, वेतन निर्धारण, पदोन्नति और अन्य प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और प्रगति सुनिश्चित होगी। साथ ही सेवा के दौरान और सेवानिवृत्ति उपरांत मिलने वाले लाभ जैसे पेंशन, जीपीएफ, उपादान, अवकाश नगदीकरण आदि प्रकरणों का शीघ्र निराकरण संभव होगा।

**एम्प्लाई कॉर्नर ऐप क्या है और इसका उपयोग कैसे किया जाता है?**

एम्प्लाई कॉर्नर ऐप एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसे छत्तीसगढ़ सरकार ने कर्मचारियों की सेवा जानकारी अपडेट करने के लिए लॉन्च किया है। इसका उपयोग कर्मचारी स्वयं लॉगिन कर अपनी व्यक्तिगत, पद, बैंक आदि की जानकारी अपडेट करने के लिए कर सकते हैं।

**कार्मिक संपदा पोर्टल पर जानकारी अपडेट करना क्यों अनिवार्य किया गया है?**

कार्मिक संपदा पोर्टल पर जानकारी अद्यतन न होने के कारण सेवानिवृत्ति, पेंशन, वेतन निर्धारण आदि मामलों में देरी होती थी। अब इसे अनिवार्य किया गया है ताकि समय पर प्रोसेसिंग और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।

## गढ़कलेवा का ठेका लेने महिला स्वसहायता समूह लामबंद



- राजधानी के मध्य में महंत घासीदास संग्रहालय में ठेका लेने के लिए व्यावयायिक प्रतिष्ठान सक्रिय

**रायपुर, 12 जून।** छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का खानपान केंद्र गढ़कलेवा महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय जीई रोड में संचालन किया जा रहा है। यह गढ़कलेवा इस समय राजधानी में छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के खानपान के लिए काफी लोकप्रिय है। शहर के मध्य स्थित होने के कारण छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले लोग इन व्यंजनों का आनंद लेते हैं। इसकी व्यावसायिक उपयोगिता को देखते हुए संस्कृति एवं राजभाषा विभाग ने नये वर्ष के लिए इसका टेंडर जारी किया है। इस टेंडर को लेने के लिए महिला स्वसहायता समूह सहित अनेक राजनेता से संबद्ध ठेकेदार सक्रिय हो गये हैं।

संचालक संस्कृति एवं राजभाषा विभाग द्वारा इस संबंध में एक रूचि की अभिव्यक्ति संचालन हेतु लिफाफा मंगाया गया है। जिसमें अलग अलग तिथियों पर फार्म जमा करना होगा। इस समय राजधानी के विभिन्न महिला स्वसहायता समूह इस ठेके को प्राप्त करने के लिए लामबंद हो गये हैं। पिछले कई वर्षों से यह गढ़कलेगा काफी फायदे में चल रहा है। स्थानीय महिला स्वसहायता समूह के द्वारा ठेका दिया गया था इस बीच संस्कृति विभाग के अधिकारियों द्वारा नियम कानून का हवाला देकर इसे इसके संचालन को परेशान किया जा रहा था। इस समय गढ़कलेगा का टेंडर प्राप्त करने के लिए स्वसहायता समूह में होड़ मची हुई है। पूर्व संचालक जो की आईएफएस अधिकारी थे उन्होंने इसे शौकिया तौर पर प्रारंभ कराया था। जो कि आगे चलकर काफी सफल हो गया है। राजधानी में धरना प्रदर्शन करने वाले लोग यहां पर छत्तीसगढ़ी खानपान का आनंद लेते हैं।

## दीपक बैज ने सीएम साय को दी ओपन डिबेट की चुनौती

- बोले- तय करें समय, स्थान और मुद्दा



**रायपुर, 12 जून।** मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर चलाए जा रहे संकल्प से सिद्धि अभियान को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर सियासी हमला बोला है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पूरे देश में भाजपा ने 11 साल की नाकाम उपलब्धियों का झूठ जनता को परोसी है। मोदी जुमले की सरकार चला रहे हैं। 11 साल में मोदी सरकार हर क्षेत्र में विफल हुई। बैज ने मोदी सरकार के 11 साल पर सवाल उठाया कि क्या पेट्रोल डीजल सस्ते में मिला? क्या महंगाई कम हुई? क्या 500 में सिलेंडर मिल रहा है? क्या अच्छे दिन आ रहे हैं? 2 करोड़ रोजगार दिया क्या? बैज ने मोदी सरकार के 11 साल के कामकाज पर मुख्यमंत्री साय को ओपन डिबेट की चुनौती दी है।

**देश का विकास दर 6 प्रतिशत कम**

दीपक बैज ने कहा कि देश का विकास दर 6 प्रतिशत से कम हुआ है। मेक इन इंडिया फेक इन इंडिया साबित हुआ है। मोदी सरकार देश की अर्थव्यवस्था को डुबाने में लगी है। 11 साल में देश की अर्थव्यवस्था चौपट कर दी है। मोदी सरकार ट्रिलियन इकोनॉमी की बात करते हैं, यहां प्रति व्यक्ति आय में भारत कही नहीं है। हंगर जेंडेक्स में भारत 105वें स्थान पर है। विकसित भारत बनाम वंचित भारत चल रहा है।



## उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और वन मंत्री का एयरपोर्ट में किया गया आत्मीय स्वागत

**जगदलपुर 12 जून।** स्थानीय मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और वन मंत्री केदार कश्यप अपने एक दिवसीय संक्षिप्त बस्तर प्रवास में जगदलपुर आगमन पर जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान पूर्व मंत्री श्री महेश गागड़ा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सचिव श्री भीम सिंह भी पहुंचे, अतिथियों का स्वागत के दौरान विधायक चित्रकोट श्रीविनायक गोयल भी साथ रहे, बस्तर आईजी श्री सुंदरराज पी., कलेक्टर श्री हरिस एस, एसपी श्री शलभ कुमार सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन सहित अन्य अधिकारियों द्वारा किया गया।

## वंदना ऑटो से एनआईटी मार्ग में चल रहे विकास कार्यों का अवलोकन किया मूणत व महापौर ने

- सभापति सूर्यकान्त राठौड़, आयुक्त विश्वदीप सहित किया पैदल भ्रमण



**रायपुर, 12 जून।** आज प्रदेश के पूर्व केबिनेट मन्त्री रायपुर पश्चिम क्षेत्र वन्दना ऑटो से एनआईटी मार्ग में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का प्रत्यक्ष निरीक्षण पैदल भ्रमण करते हुए शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश विधायक राजेश मूणत महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकान्त राठौड़, आयुक्त विश्वदीप, लोक कर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल, जोन 7 जोन अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा, पार्षद आनंद अग्रवाल, अपर आयुक्त एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीओओ यू. एस. अग्रवाल, निगम अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, मुख्य अभियंता यू. के. धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर,जोन 5 कमिश्नर क्षीरसागर नायक, जोन 7 कमिश्नर राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, अंशुल शर्मा जूनियर, ईश्वर लाल टावरे, नगर निगम और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अन्य सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में दिए हैं. इस मार्ग में डिवाइडर बन चुका है,किंतु उस पर जाली तथा पोल लगाने का कार्य अभी अधूरा है. इसी प्रकार सेंट्रल लाइब्रेरी के सामने का कार्य भी अपूर्ण है. निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि विकास कार्य जिस गति से होना चाहिए, वह नहीं हो पा रहे हैं. इसके अतिरिक्त प्रदेश के रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने अनुपम उद्यान ( महावीर पार्क) की साइड रोड पर भी दुकानों को उचित रूप से व्यवस्थित करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए हैं. पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने अंतर्राष्ट्रीय स्वीमिंग पुल का निरीक्षण करने के दौरान वहां पर की साफ - सफाई व्यवस्था को लेकर गहन असंतोष व्यक्त किया. रायपुर पश्चिम विधायक ने सम्बंधित अधिकारियों को कहा कि वे नियमित तौर पर निरीक्षण किया करें, ताकि परिसर एकदम साफ सुथरा रहे.

### अब शिक्षकविहीन नहीं रहा राज्य का कोई भी प्राथमिक, माध्यमिक और हायर सेकेण्डरी स्कूल

# राज्य के 447 शिक्षकविहीन स्कूलों में शिक्षकों की हुई पदस्थापना

- युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया बच्चों के भविष्य को संवारने का सफल प्रयासः साय



**रायपुर, 12 जून।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर और समावेशी बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के बेहद सार्थक परिणाम सामने आए हैं। राज्य की कुल 453 शिक्षक विहीन शालाओं में से 447 स्कूलों में शिक्षकों की तैनाती कर दी गई है। राज्य में 16 जून से शुरू हो रहे नए शिक्षा सत्र से इन स्कूलों में घंटी बजेगी, क्लास लगेगी और बच्चों के पढ़ाई के स्वर गुंजेंगे। शिक्षक विहीन स्कूलों में शिक्षकों की पदस्थापना से एक नई उम्मीद जगी है। गांवों में शिक्षक के आने की खबर से पालक और बच्चे बेहद खुश हैं। शासन-प्रशासन का आभार जताने के साथ ही पालकगण बच्चों के बेहतर भवि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि शिक्षा हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य के कई स्कूल शिक्षक विहीन स्थिति में थे विशेष रूप से सुदूर अंचलों के। इसलिए हमनें युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता से लागू किया है और यह सुनिश्चित किया गया है कि जहां-जहां जरूरत हो वहां शिक्षकों की तैनाती हो। राज्य के शत-प्रतिशत शालाओं में शिक्षकों की पदस्थापना इस प्रक्रिया की सफलता का प्रमाण है। यह केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि हमारे बच्चों के भविष्य को संवारने की दिशा में किया गया सफल प्रयास है। शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत शिक्षक विहीन 357 प्राथमिक शालाओं, 30 माध्यमिक शालाओं में नियमित शिक्षकों की पदस्थापना कर दी गई है। राज्य के शिक्षक विहीन 66 हाई स्कूलों में से सुकमा जिले के 4 हाई स्कूल तथा नारायणपुर जिले के 2 हाई स्कूल में शिक्षकों की पदस्थापना के लिए अभी काउंसलिंग की प्रक्रिया जारी है।

**4465 स्कूलों में दो अथवा दो से अधिक शिक्षकों की तैनाती पूरी**

राज्य में 5672 प्राथमिक स्कूल एकल शिक्षकीय थे, इनमें से युक्तियुक्तकरण के बाद 4465 स्कूलों में दो अथवा दो से अधिक शिक्षकों की तैनाती पूरी कर ली गई है। राज्य में मात्र 1207 प्राथमिक शालाएं एकल शिक्षकीय रह गई हैं। इसी तरह 211 एकल शिक्षकीय पूर्व माध्यमिक शालाओं में से 204 शालाओं दो अथवा दो अधिक शिक्षकों की तैनाती की गई है, अब मात्र 7 माध्यमिक शालाएं ही राज्य में एकल शिक्षकीय रह गई हैं। इन शालाओं में भी और अधिक शिक्षकों की तैनाती को लेकर शिक्षा विभाग व्यवस्था बनाने में जुटा है।

## समाचार संक्षेप

### जल संसाधन विभाग में नए एसओआर का क्रियान्वयन शुरू

- इंजीनियरों के लिए आयोजित हो रही हैं प्रशिक्षण कार्यशालाएं

**रायपुर, 12 जून।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप जल संसाधन विभाग के कार्यों में पारदर्शिता और क्रियान्वयन में तेजी लाने के उद्देश्य से नवीन दर अनुसूची (एसओआर) को एक मई 2025 से लागू कर दिया गया है। जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में सभी तकनीकी अधिकारियों को नवीन एसओआर को लेकर प्रशिक्षण दिए जाने हेतु कार्यशालाओं का आयोजन के साथ ही उप अभियंताओं को एसओआर बुकलेट की नवीन प्रति भी उपलब्ध करा दी गई है। जिसका उपयोग उप अभियंता निर्माण कार्यों के मूल्यांकन में कर रहे हैं। यहां यह उल्लेखनीय है कि नवीन एसओआर की संरचना पूर्व एसओआर से काफी भिन्न है। इसको ध्यान में रखते हुए विभागीय सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो के मार्गदर्शन में तकनीकी कठिनाइयों के समाधान हेतु राज्यभर में कार्यशालाओं का आयोजन भी जल संसाधन विभाग द्वारा किया जा रहा है। अब तक बिलासपुर, जांजगीर और दुर्ग जिलों में कार्यशालाएं आयोजित की जा चुकी हैं। इसी क्रम में सोमवार को रायपुर में भी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत महानदी परियोजना एवं महानदी गोदावरी कछार के अभियंताओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसी कड़ी में 12 जून को विद्युत/यांत्रिकी विभाग के उप अभियंताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### युक्तियुक्तकरणः 13 जून को शिक्षक संघ का पोल खोल अभियान

- व्याख्याताओं एवं प्राचार्यों की बीटीआई में काउंसिलिंग
- 13 से 17 तक युक्तियुक्तकरण त्रुटियों के विरुद्ध लिया जाएगा अध्यावेदन

**रायपुर, 12 जून।** युक्तियुक्तकरण के विरोध में शिक्षक साझा मंच द्वारा 13 को पोल खोल अभियान शुरू किया जाएगा। इसमें संभाग स्तर पर संगठनों द्वारा सरकार की त्रुटियों के बारे में बताया जाएगा। प्रदेश शिक्षक संघ के अध्यक्ष विकास राजपूत ने बताया कि हाईकोर्ट में युक्तियुक्तकरण के विरोध में संभागवार जिलावार आवेदन लगाए गए है जिस पर कल से सुनवाई शुरू होगी। उन्होंने बताया कि कोर्ट के आदेश आने के बाद ही फैसला लिया जाएगा। फिलहाल महासमुंद जिले में ही हाईकोर्ट का आदेश आया है। शासन द्वारा आज प्राचार्यो एवं व्याख्याताओं के लिए युक्तियुक्तकरण की काउंसिलिंग जारी है। इसमें प्रदेश स्तर की काउंसिलिंग हो रही है। शासन द्वारा अलग अलग संभागों में रिक्त पदों की जानकारी दी जा रही है इस समय युक्तियुक्तकरण को लेकर सरकार और संगठन आमने सामने है। शासन के निर्देश के अनुसार युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया 16 जून तक चलेगी। इसलिए युक्तियुक्तकरण में हुई त्रुटियों पर आपत्ति जताने वाले अपना अभ्यावेदन 17 जुलाई तक दे सकते हैं। शिक्षक संगठन ने आरोप लगाया है कि सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण के नाम पर शिक्षा के अधिकार नियम से छेड़छाड़ किया जा रहा है। सेटअप 2008 का पालन नहीं किया जा रहा है।

### हम सभी की साझी भागीदारी से ही पर्यावरण संरक्षण का संकल्प होगा पूराः साय



- मुख्यमंत्री फाइट अगेंस्ट ग्लोबल वार्मिंग कैंपेन कार्यक्रम में हुए शामिल

**रायपुर 12 जून।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषक सभागार में आयोजित फाइट अगेंस्ट ग्लोबल वार्मिंग कैंपेन कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा, विकास का मूलमंत्र है और यह राष्ट्र के समग्र विकास की प्रारंभिक तथा अत्यंत महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि निजी शिक्षण संस्थानों ने भी शिक्षा के विस्तार में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो लक्ष्य निर्धारित किया है, उसे प्राप्त करने में हम सभी की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। राज्य सरकार ने इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विकसित छत्तीसगढ़ का विज़न डॉक्यूमेंट तैयार किया है और इस दिशा में निरंतर प्रयासों को गति प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 25 वर्ष का छत्तीसगढ़ आज अपनी रजत जयंती मना रहा है और इस यात्रा में राज्य ने चहुंमुखी विकास की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि आज छत्तीसगढ़ में आईआईटी, आईआईएम, एम्स जैसे प्रतिष्ठित केंद्रीय संस्थान कार्यरत हैं, जो राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की गंभीर चुनौती से जूझ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने वर्ष 2070 तक नेट ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य तय किया है, जिसकी दिशा में देश ने तीव्र गति से कदम बढ़ाए हैं। छत्तीसगढ़ ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने की दिशा में अग्रसर है। राज्य की आकर्षक नई औद्योगिक नीति के तहत केवल ऊर्जा क्षेत्र में ही तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि राज्य में वृक्षारोपण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है और विगत वर्ष चार करोड़ पौधे रोपे गए थे। राज्य सरकार एक पेड़ माँ के नाम और पीपल फॉर पीपुल जैसे नवाचार कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखेगी।

### युक्तियुक्तकरण से 97 बच्चों को मिले 4 शिक्षक

- पालकों में खुशी की लहर
- बच्चों के उज्जवल भविष्य की जगी उम्मीद

**रायपुर, 12 जून।** रायगढ़ जिले के घरघोड़ा विकासखंड के दूरस्थ गांव बटुराकछार के बच्चों को अब बेहतर पढ़ाई का अवसर मिलने जा रहा है। यहां के प्राथमिक स्कूल में पहले सिर्फएक शिक्षक ही थे, वह भी किसी दूसरे स्कूल से व्यवस्था के तहत पढ़ाने आते थे। लेकिन अब राज्य सरकार की युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत इस स्कूल में 4 शिक्षक पदस्थ कर दिए गए हैं। इस स्कूल में 97 बच्चे पढ़ते हैं। शिक्षक की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। गांव के पालक इतवार दास महंत ने बताया कि उनका बेटा टिकेश्वर दूसरी कक्षा में पढ़ता है, लेकिन एक शिक्षक के भरोसे पूरा स्कूल चल रहा था।

उन्होंने कहा कि बच्चों की शुरुआती पढ़ाई के साल बहुत जरूरी होते हैं और शिक्षक न होने से यह समय बर्बाद हो रहा था। अब शिक्षकों के आने से बच्चों की पढ़ाई सुधरेगी। गांव के ही शाखाराम राठिया ने भी शिक्षक मिलने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि उनका बेटा तुलेश तीसरी कक्षा में है और शिक्षक की अनुपस्थिति से पढ़ाई पर असर पड़ता था। पहले एक शिक्षक के छुट्टी पर जाने से पूरा स्कूल बंद करना पड़ता था, लेकिन अब यह समस्या नहीं रहेगी। जिले के शिक्षा विभाग ने 3 और 4 जून को युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पूरी की है, जिससे जिले के 21 ऐसे स्कूलों में शिक्षक भेजे गए हैं, जहां पहले कोई शिक्षक नहीं था। अधिकतर स्कूल दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में हैं। अब यहां नियमित कक्षाएं लग सकेंगी और बच्चों की पढ़ाई फिर से पटरी पर लौटेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हो रही इस पहल से पालकों को अपने बच्चों के भविष्य को लेकर एक नई उम्मीद मिली है। शिक्षा विभाग की यह कोशिश ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने की दिशा में बड़ा कदम साबित हो रही है।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26